

- करगिल में स्थापित होगा 10,000 लीटर का डेयरी प्लांट-12



- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति-12



- ईरान के खिलाफ युद्ध 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया-13



- व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करता हूं : भुवनेश्वर-14


आज का मौसम 34.0° अधिकतम तापमान 22.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.31 सूर्यास्त 06.47

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 12:50 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 2 मई 2026, वर्ष 6, अंक 66, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट की मांग खारिज

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ कथित नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इन नेताओं के बयानों से कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है।मामला : यह मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिए गए भाषणों से जुड़ा है। माकपा नेता वृंदा करात और के. एम. तिवारी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज करने से इनकार करने के निर्णय को सही ठहराया था। शीर्ष अदालत ने माना कि उच्च न्यायालय का आकलन सही था और इसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

### तेलंगाना: फार्मा फैक्ट्री में ब्लास्ट, एक कर्मचारी की मौत

**हैदराबाद।** नालगोंडा जिले में शुक्रवार को एक दवा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 5 कर्मचारी झुलस गए और एक की मौत हो गई। हादसा चित्याल के पास स्थित प्लांट में उस समय हुआ जब कर्मचारी काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में विस्फोट का कारण संयंत्र में अत्यधिक दबाव बनना लग रहा है। जिस समय धमाका हुआ, प्लांट में कुल आठ लोग मौजूद थे। झुलसे हुए लोगों में से पांच कर्मचारी 10 से 15 प्रतिशत तक जले हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर खुले आदिकैलाश के कपाट, यात्रा का शुभारंभ

## विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए कपाट

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचार:** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित आदिकैलाश में भगवान शिव के पवित्र मंदिर के कपाट शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कपाट उद्घाटन के साथ ही वर्ष 2026 की आदिकैलाश यात्रा एवं ॐ पर्वत दर्शन यात्रा का भी विधिवत शुभारंभ हो गया। इस मोके पर स्थानीय जनता, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, आईटीबीपी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की। वहीं, जिला प्रशासन ने भी यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की हैं।

यात्रा मार्गों की स्थिति, आवास व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, संचार प्रणाली एवं सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। वहीं, प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानियां अवश्य बरतें। दरअसल, यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



आदिकैलाश के कपाट खुलने के दौरान अधिकारी, पुलिस-आईटीबीपी के जवान और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

आदि कैलाश यात्रा के शुभारंभ के साथ ही 200 से अधिक श्रद्धालु भगवान भोले के जयकारे लगाते हुए शिव धाम को रवाना हुए। एसडीएम आशीष जोशी और सीओ कुंवर सिंह ने यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर गुंजी के लिए रवाना किया। एसडीएम जोशी ने बताया कि यात्रा के लिए अब तक 500 आवेदन आए हैं। 350 यात्रियों को परमिट जारी किए जा चुके हैं। दिल्ली से पहुंचे दंपति रामभोले और अनीता ने बताया कि वे छठी बार आदि कैलाश यात्रा पर जा रहे हैं। वहीं आदि कैलाश यात्रा शुरू होने से व्यास घाटी के होम स्टे संचालकों, टूर ऑपरेटर और नगर के होटल कारोबारियों में खुशी है। वहीं इससे पूर्व आदि कैलाश में पुजारी गोपाल सिंह कुटियाल, विरेंद्र सिंह कुटियाल, रमेश सिंह कुटियाल ने विधि-विधान के साथ शिव मंदिर के कपाट खोले।

श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करने आदि कैलाश पहुंचे जहां तहसीलदार दमन शेखर राणा और जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्या ने उनका स्वागत किया। कुटी के प्रधान नागेंद्र सिंह ने बताया कि पहले दिन 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव के दर्शन किए।



बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार शाम नैनीताल से 7 :20 बजे के आसपास चांद का आकर्षण कुछ ऐसा नजर आया। हालांकि, आसमान में छाये बादलों के बीच सुनहरा चांद लुकाछिपी भी करता रहा। इस दौरान स्पष्ट झलक देखने को लोग आतुर दिखे।

## ऊर्जा संकट का बड़ा प्रहार

# कमर्शियल सिलेंडर 993, पांच किलो वाला 261 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी/ अमृत विचार नेटवर्क**

पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का सीधा असर अब भारतीय बाजार पर दिखने लगा है। शुक्रवार को सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 की ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की, जिससे 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर का दाम 3,071.50 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम भी 261 बढ़कर 810.50 हो गए हैं।

सरकार ने 33 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा है, वहीं दूसरी ओर तेल कंपनियों पर वित्तीय दबाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 50% बढ़ने के बावजूद खुदरा रेट न बढ़ने से कंपनियों को डीजल पर 18 और पेट्रोल पर 14 प्रति लीटर का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया कि देश के 80% पेट्रोलियम उत्पादों, जो आम आदमी से जुड़े हैं, उनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं कर उन्हें सुरक्षित रखा गया है।

| उत्पाद | नई कीमत (दिल्ली) | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| कमर्शियल गैस (19kg) | 3,071.50 | + 993 |
| छोटा सिलेंडर (5kg) | 810 .50 | + 261 |
| थोक डीजल | 149 .00+ | + 12 |
| पेट्रोल / घरेलू गैस | बदलाव नहीं | |



- पश्चिम एशिया युद्ध से वैश्विक सप्लाई चेन ठप, 50% तक उछले कच्चे तेल के दाम
- सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुद सहा 18 प्रति लीटर तक का नुकसान

### क्यों गहराया संकट?

होर्मुज की बंदी : वैश्विक तेल परिवहन का मुख्य मार्ग पिछले तीन महीनों से बाधित है।युद्ध का प्रभाव : पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने सप्लाई चेन को तोड़ दिया है।रणनीति : सरकार कीमतों में वृद्धि को 'चरणबद्ध' तरीके से लागू कर रही है ताकि अर्थव्यवस्था पर अचानक बोझ न पड़े।

### एअरलाइंस को संजीवनी, दिल्ली के रेट स्थिर

विमानन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए घरेलू एटीएफ की दरें स्थिर रखी गई हैं। एअर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों ने पहले ही आगाह किया था कि लागत बढ़ने से उड़ानें अव्यवहारिक हो रही हैं। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 94 .72 और डीजल 87 .62 प्रति लीटर पर टिका हुआ है।

### केरल में होटल संगठन की राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा

**कोच्चि।** केएचआरए ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में छह मई को राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष जी. जयपाल ने कहा कि एलपीजी कीमतों में अनुचित बढ़ोतरी के विरोध में छह मई को राज्यभर के सभी होटल और रेस्तरां बंद रहेंगे।

### रेस्तरां का खाना 15% तक हो सकता है महंगा

**नई दिल्ली।** एफएचआरएआई का दावा है कि वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से होटल और रेस्तरां उद्योग पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है।

# मतगणना पर्यवेक्षकों पर छिड़ी कानूनी जंग: सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

- सिर्फ केंद्रीय कर्मियों को ही गिनती की जिम्मेदारी देने का विरोध
- शीर्ष अदालत ने की शनिवार को सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच गठित

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के परिणामों से ठीक पहले 'मतगणना पर्यवेक्षकों' की नियुक्ति को लेकर घमासान तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मतगणना के लिए केवल केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को ही पर्यवेक्षक और सहायक नियुक्त करने की बात कही गई है।

4 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को तत्काल सुनवाई के लिए एक स्पेशल बेंच का गठन किया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जोयमलया बागची की पीठ इस याचिका पर विचार करेगी। इससे पहले, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य सरकार के कर्मियों को इस प्रक्रिया से बाहर रखने का विरोध किया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि यह निर्णय निर्वाचन आयोग के विशेषाधिकार के अंतर्गत आता है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। टीएमसी का कहना है कि राज्य के कर्मचारियों को पूरी तरह बाहर रखना और केवल केंद्रीय कर्मियों पर भरोसा करना निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। पार्टी ने बंगाल के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें प्रत्येक टेबल पर अनिवार्य रूप से कम से कम एक केंद्रीय कर्मचारी तैनात करने का निर्देश दिया गया था।

### बंगाल के दो विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर पुनर्मतदान आज

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के कुल 15 मतदेय स्थलों पर 2 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है। आयोग का यह फैसला 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान चुनावी अनियमितताओं की शिकायतों और पर्यवेक्षकों से मिली रिपोर्ट के बाद आया है। इसके तहत मगराहाट पश्चिम के 11 और डायमंड हार्बर के 4 बूथों पर शनिवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच दोबारा वोट डाले जाएंगे। भाजपा ने इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया था, जिसकी जांच विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता द्वारा की गई थी।

### मतगणना केंद्रों पर गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं : सीईओ

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है और ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीईओ का यह बयान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा पर सवाल उठाए जाने और वहां घंटों समय बिताने के एक दिन बाद आया है। अग्रवाल ने धांधली के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि सभी सात 'स्ट्रॉन्ग रूम' की चौबीसों घंटे सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जा रही है और इसकी वास्तविक समय की फुटेज बाहर से भी देखी जा सकती है। शहर में उपजे तनाव के मद्देनजर प्रशासन ने सभी मतगणना केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख के निर्देश पर कार्यकर्ता और उम्मीदवार उन केंद्रों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं जहां ईवीएम रखी गई हैं।

# सरकार पर लगाया दस लाख का हर्जाना

## बिना कारण गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

बिना कारण बताए एक व्यक्ति की गिरफ़्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर दस लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने हर्जाने की यह रकम चार सप्ताह में याची को देने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि इस रकम को सरकार जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने याची की गिरफ़्तारी को अवैध ठहराते हुए उसे तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति मनोज कुमार की ओर से उसके पुत्र मुदित कुमार की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर पारित किया है। वहीं कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि अपर मुख्य सचिव गृह ने अपने शपथ पत्र में यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि याची को तीन माह से अवैध हिरासत में रखने के कारण राज्य सरकार पर क्यों न हर्जाना लगाया जाए। कोर्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि गृह विभाग के सबसे बड़े अधिकारी का यह हाल है तो समझा जा सकता है कि प्रदेश के अन्य अफसर किस प्रकार काम कर रहे हैं। मामले में याची मनोज कुमार को 27 जनवरी 2026 को उन्नाव जिले के आसीवन थाने में दर्ज एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। याचिका में का आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी के समय याची को कारणों की जानकारी नहीं दी गई, जो संविधान के अनुच्छेद 21 व 22(1) का उल्लंघन है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के मिहिर राजेश शाह व डॉ. राजिंदर राजन मामलों में दिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों को लिखित रूप में बताना अनिवार्य संवैधानिक दायित्व है। कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं लिहाजा मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया रिमांड आदेश भी अवैध गिरफ्तारी पर आधारित होने के कारण बने रहने योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि याची को तीन माह से अधिक समय तक अवैध रूप से जेल में रखा गया, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है।



# रोकी टोल वसूली : गंगा एक्सप्रेस-वे पर 15 दिन तक करें मुफ्त सफर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को वाणिज्यिक परिचालन की तारीख से पहले 15 दिनों तक टोल-मुक्त रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले के बाद अब यात्री बिना किसी शुल्क के प्रदेश के सबसे लंबे और अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव ले सकेंगे।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीडा ने निर्माण कंपनियों आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तत्काल प्रभाव से 15 दिनों तक टोल संग्रह स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं।राजस्व की भरपाई करेगी सरकारपीपीपी मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे में कंपनियों को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार है। हालांकि, शुरुआती 15 दिनों में होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार या यूपीडा द्वारा अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

उप्र की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर'मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'पासा पलटने वाला' माना जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि टोल छूट के माध्यम से अधिक से अधिक लोग इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू हो सकें। यूपीडा ने स्पष्ट किया है कि टोल-फ्री अवधि के दौरान भी परिचालन और रखरखाव से संबंधित सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।



- मुख्यमंत्री ने परिचालन शुरू होने से पहले दो हफ्ते टोल टैक्स वसूली पर लगाई रोक

# राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज कराने की याचिका खारिज

**प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की पीठ ने सिमरन गुप्ता द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

मामलाः याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी द्वारा 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन पर दिए गए बयान को 'देशद्रोही' बताते हुए संभल की अदालत में शिकायत की थी।

निचली अदालत द्वारा अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने 8 अप्रैल को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे शुक्रवार को सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

# उत्तराखंड की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना प्राथमिकता

- सीएम धामी ने अल्मोड़ा पहुंचकर प्रसिद्ध डोल आश्रम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की
- इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को सरकार की प्राथमिकता बताया है। सीएम धामी शुक्रवार को लमगड़ा स्थित डोल आश्रम में श्री पीठम् स्थापना महोत्सव पर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कल्याणदास की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।



डोल आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने 1100 कन्याओं का पूजन किया। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि यह आश्रम धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या प्रदेश में विकसित हो रही बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का परिणाम है। - पेज : 09

# लकड़ी लेने जंगल गई वृद्धा को हाथी ने पटककर मार डाला

**पंतनगर, अमृत विचारः** टांडा जंगल में शुक्रवार दोपहर लकड़ी लेने गई एक वृद्धा को टस्कर हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे पंतनगर विवि परिसर के झा-कालोनी निवासी तीन महिलाएं पास ही स्थित तराई केंद्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज में जलौनी लकड़ी बीनने गई थीं। इन महिलाओं में से एक ने बताया कि जंगल में सांप कठानी खत्ते से पंतनगर की ओर आने वाले कच्चे रास्ते पर एक डेड दांत वाले टस्कर हाथी ने उन्हें अचानक दौड़ा लिया। भागने के दौरान उनकी साथी मैना देवी (70) पत्नी स्व. बाबू लाल गिर गईं। मैना देवी को हाथी ने सूंड से उठा-उठाकर पटका और अंत में उन पर पांव रखकर मार दिया।

### पिंजड़े में फंसा तेंदुआ

**भीमताल, अमृत विचारः** भीमताल के रानीबाग क्षेत्र के लोगों ने शुक्रवार को उस वक्त राहत की सांस ली जब उन्होंने एक तेंदुए को पिंजरे में फंसा पाया। यह तेंदुआ काफी दिनों से यहां घरों के पास दिखाई दे रहा था। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा। वहीं, दो दिन पहले वन विभाग की टीम ने भीमताल के ज्योली गांव से बाघ को ट्रैंकुलाइज करने और मोरा गांव में पिंजरे में फंसे तेंदुए को भी रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा है। - पेज : 03

अमृत विचार

हल्द्वानी, शनिवार, 2 मई 2026



## स्टेट ब्रीफ

### मंत्री रेखा आर्या आज पिथौरागढ़ में

**देहरादून :** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या शनिवार को पिथौरागढ़ दौरे पर जाएंगी। वह सुबह गोलापार (हल्द्वानी) से हवाई मार्ग द्वारा प्रस्थान कर नैनी सैनी एयरपोर्ट, पिथौरागढ़ पहुंचेंगी। इसके बाद एयरपोर्ट से प्रस्थान कर जिला भाजपा कार्यालय, पिथौरागढ़ पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट एवं वार्ता करेंगी। इसी क्रम में अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगी।

### मुख्य न्यायाधीश का भी पिथौरागढ़ दौरा

**पिथौरागढ़ :** न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड 03 मई तक पिथौरागढ़ दौरे पर रहेंगे। उनके भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विभिन्न न्यायिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य न्यायाधीश इस मार्ग पर स्थित चितई गोलू देवता मंदिर एवं जागेश्वर धाम में भी दर्शन करेंगे। शनिवार को वह जिला बार एसोसिएशन, पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में प्रतिभाग करेंगे। बाद में न्यायिक कर्मचारियों हेतु नव-निर्मित आवासीय भवन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, जिला कारागार, पिथौरागढ़ में विधिक सहायता क्लिनिक का भी उद्घाटन करेंगे।

### हेमकुण्ड साहिब यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने की तैयारी में जुटी सेना

**चमोली :** हेमकुण्ड साहिब यात्रा को सुगम, सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने की तैयारी है। इसके लिए दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सेना के जवान लगातार मार्ग को साफ कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना के इस प्रयास से यात्रा मार्ग को शीघ्र ही पूरी तरह सुचारु किया जायेगा। प्रशासन की ओर से भी यात्रा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। दरअसल, 23 मई को हेमकुण्ड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। इसके मद्देनजर संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

**राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे इस अलर्ट को परीक्षण अलर्ट ही समझे**

# आज आपके फोन में आएगा आपात सूचना का अलर्ट, घबराएं नहीं

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य में सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से शनिवार को एक परीक्षण अलर्ट जारी किया जाएगा। इस परीक्षण का उद्देश्य राज्य में स्थापित आपातकालीन सूचना प्रसारण प्रणाली की कार्यक्षमता का मूल्यांकन करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि आपदा की स्थिति में चेतावनी संदेश समयबद्ध एवं व्यापक रूप से प्रसारित हो सकें। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे इस परीक्षण अलर्ट को परीक्षण अलर्ट ही समझे। इस अलर्ट से किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि भविष्य में किसी भी प्रकार के आपदा के सम्भावना होने पर वास्तविक अलर्ट जारी किया जायेगा। ऐसे अलर्ट को गंभीरता से लिया जाना होगा।

**यह संदेश आएगा**

**देहरादून :** भारत द्वारा स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए अपने नागरिकों के लिए त्वरित आपदा चेतावनी सेवा के लिए सेल ब्रॉडकास्ट की शुरुआत की जा रही है। इस संदेश की प्राप्ति पर जनता से किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया अपेक्षित नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है। सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र- गृह मंत्रालय से जारी।



सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, देहरादून द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से राज्य में आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मौसम पूर्वानुमान एवं आपदा संबंधी सूचनाओं को आम जनमानस तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुँचाना है, ताकि संभावित आपदाओं के प्रति लोगों को पहले से सचेत किया जा सके और जन-धन की हानि को न्यून किया जा सके। यह परीक्षण विभिन्न मोबाइल नेटवर्क सेवा प्रदाताओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में किया जाएगा, जिससे यह आकलन किया जा सके कि अलर्ट संदेशों का प्रसारण कितनी प्रभावशीलता से हो रहा है तथा किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। साथ ही, विभिन्न परिस्थितियों में संदेशों की त्वरितता एवं सटीकता का भी परीक्षण किया जाएगा।

# विधिविधान के साथ खुले लाटू देवता धाम के कपाट

संवाददाता, चमोली

**अमृत विचार :** बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर वांण स्थित लाटू देवता धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

भगवान नंदा देवी के मुंहबोले भाई माने जाने वाले लाटू देवता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मनौतियां मांगीं।

हर वर्ष की तरह इस बार भी बैसाख पूर्णिमा पर दोपहर 2:10 बजे कपाट आगामी छह माह के लिए खोल दिए गए. सुबह से ही पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए थे. मंदिर परिसर में पारंपरिक झोड़ा नृत्य के साथ देवी-देवताओं के पश्वा अवतरित हुए. जिन्होंने श्रद्धालुओं को जौ, चावल और प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया।

इस दौरान मंदिर के पुजारी ने परंपरा के अनुसार आंखों और मुंह पर कपड़ा बांधकर गर्भगृह के कपाट खोले और पूजा-अर्चना संपन्न की. बाद में गर्भगृह को बंद कर दिया गया, जबकि बाहरी कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिए गए।

# जंगल में बुझ सके वन्यजीवों की प्यास टैंकरों से भरे जा रहे नौले और तालाब

**वन विभाग ने मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए शुरू की कवायद**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानव वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के बीच लगातार बढ़ रहे तापमान से जंगलों में प्राकृतिक जल स्रोत नौले, गधेरे, तालाब सूख गए हैं या सूखने की कगार पर हैं। ऐसे में वन्यजीव प्यास बुझाने को जंगलों से बाहर निकलेंगे और टकराव होगा। इसकी रोकथाम के लिए जंगलात ने वाटर टैंकर्स से प्राकृतिक स्रोतों में पानी भर रहा है।

हल्द्वानी वन डिवीजन के अंतर्गत नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य है। वर्ष 2012 में बना और 269 वर्ग किमी में फैले अभ्यारण्य के जंगल नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और चम्पावत जिलों तक फैले हुए हैं। इस अभ्यारण्य के जंगलों में नंधौर, सूखी आदि नदियां हैं। इनमें सैकड़ों प्राकृतिक बड़े-छोटे जलस्रोत हैं। गर्मी में ये जल स्रोत सूख जाते हैं। इस बार बारिश की कमी और लगातार तापमान बढ़ने से मई से पूर्व ही जल स्रोत सूखने लगे हैं। अभ्यारण्य में बाघ, तेंदुए, भालू समेत वन्यजीवों की दर्जनों प्रजातियां हैं। यदि जल स्रोत सूख जाते हैं तो ये वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए जंगलों से बाहर निकल सकते हैं जिससे सीधे तौर पर मानव वन्यजीव टकराव का खतरा बढ़ेगा। जो कि वन्यजीव और मानव दोनों के लिए जानलेवा हो सकता है।

इसकी रोकथाम के लिए वन विभाग ने नंधौर अभ्यारण्य में वाटर होल्स बनाने के साथ ही प्राकृतिक जलस्रोतों में वाटर टैंकर्स से नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है। जब वन्यजीवों को जंगल में ही पानी मिलेगा तो आबादी की ओर रुख नहीं करेंगे और संघर्ष की घटनाएं कम होंगी।





जंगलों में वन विभाग के बनाए गए और प्राकृतिक जल स्रोतों में वाटर टैंकर्स से पानी भरा जा रहा है। इसके अतिरिक्त वन कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी बीटों में जल स्रोतों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पानी की आपूर्ति करें। इसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। -**कुंदन कुमार**, डीएफओ हल्द्वानी वन डिवीजन

**'शिकारियों' को मिल सकेगा 'शिकार'**

**हल्द्वानी :** वन अधिकारियों का कहना है कि जंगल में शिकार होने वाले और शिकार करने वाले शिकारी जानवर होते हैं। अमूमन शिकार होने वाले वन्यजीव जैसे चीतल, सांभर, हिरन वगैरह जलाशयों के पास ही रहते हैं। ऐसे में शिकारी वन्यजीव भी इन जल स्रोतों के पास डेरा डालते हैं क्योंकि उनकी भूख और प्यास शांत हो जाती है। यदि जल स्रोत सूखे होंगे तो शिकार व शिकारी दोनों ही किस्म के वन्यजीवों का संघर्ष बढ़ जाएगा।

# देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की होगी निर्बाध और सुरक्षित यात्रा

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** बुद्ध पूर्णिमा पर उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित आदिकैलाश में शिव के पवित्र मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस बीच जिला प्रशासन की ओर से आदि कैलाश यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने को व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा मार्गों की स्थिति, आवास व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, संचार प्रणाली एवं सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके।

प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानियां अवश्य बरतें। यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे पूर्व मंदिर के कपाट खोलने की प्रक्रिया पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई। शिव-पार्वती मंदिर के पुजारी गोपाल सिंह कुटियाल, वीरेंद्र सिंह कुटियाल एवं रमेश कुटियाल द्वारा प्रातः लगभग 10:30 बजे विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा देश, प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।



**श्रद्धालु भोले के जयकारे लगाते शिव धाम रवाना**

**धारचूला :** आदि कैलाश यात्रा के लिए अब तक 500 आवेदन आए हैं। 350 यात्रियों को परमिट जारी किए जा चुके हैं। दिल्ली से पहुंचे दंपति रामभोले और अनीता ने बताया कि वे छठी बार आदि कैलाश यात्रा पर जा रहे हैं। वहीं आदि कैलाश यात्रा शुरू होने से व्यास घाटी के होम स्टे संचालकों, टूर ऑपरेटर और नगर के होटल कारोबारियों में खुशी है। श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करने आदि कैलाश पहुंचे जहां तहसीलदार दमन शेखर राणा और जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्या ने उनका स्वागत किया। कुटी के प्रधान नागेंद्र सिंह ने बताया कि पहले दिन 250 से अधिक ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।



केदारनाथ धाम के दर्शन करते उद्योगपति अडानी। ● अमृत विचार

# केदारनाथ दर्शन को पहुंचे उद्योगपति गौतम अडानी

संवाददाता, रुद्रप्रयाग

**अमृत विचार :** अडानी ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन गौतम अडानी पत्नी प्रीति अडानी के साथ शुक्रवार सुबह दिल्ली से देहरादून पहुंचे। फिर वे निजी हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे जहां उन्होंने केदार बाबा की पूजा-अर्चना की।

उद्योगपति दंपति ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर महादेव भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और देश और प्रदेश की समृद्धि, शांति, विकास एवं जनकल्याण की कामना करते हुए विशेष प्रार्थना की। केदारनाथ धाम में उनके आगमन पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में भी उन्हें देखने की उत्सुकता साफ नजर आई।

मंदिर समिति एवं स्थानीय प्रशासन ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और यात्रा प्रबंधन पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित होता दिखा. प्रशासन द्वारा वीआईपी मूवमेंट के बावजूद आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे दर्शन व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई।

# सीएम ने 1252 करोड़ की योजनाओं को दी मंजूरी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 1252 करोड़ रु. की राशि को स्वीकृत दी है। इन निर्णयों से आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

पुष्कर सिंह धामी ने नियोजन विभाग द्वारा स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो जैसे- ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना में त्रिवेणी घाट पुनरूद्धार के लिए 115 करोड़ रु. तथा हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत नोर्थ हर की पौडी डवलपमेंट को 69.06 करोड़ रु. स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

वहीं, मुख्यमंत्री की ओर से पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला में कैलाश मानसरोवर मार्ग में गब्यांग के चम्फू नाले के पास नवीन डेस्टिनेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सामुदायिक सहभागिता के आधार पर एस्ट्रो टूरिज्म व पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 08 नग इग्लू डोम हटों के निर्माण को 4.67 करोड़ रु. स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित माध्यमिक, प्रारम्भिक विद्यालय-शिक्षक शिक्षा की स्थापना (90 प्रति के.पो) वेतन का भुगतान के अन्तर्गत वेतन भत्तों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के लिए प्राविधानित धनराशि 446 करोड़ रु. तथा उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत 21 अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष में आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि 155.37 करोड़ रु. के सापेक्ष प्रथम छः माह (अप्रैल, 2026 से सितम्बर, 2026) के लिए 77.69 करोड रु. की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा चम्पावत के अन्तर्गत लोहाघाट में सरफेस पार्किंग निर्माण के लिए 39 लाख रु., थाना टनकपुर में टाईप द्वितीय के 20, टाईप तृतीय के 04 आवासों के निर्माण के लिए 9.43 करोड़ रु. के सापेक्ष प्रथम किश्त में 3.77 करोड रु. तथा जनपद देहरादून के विधानसमा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत लोहे के पुल से सौंग पुल तक बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए 4.22 रु. करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने को हरी झंडी दिखायी है।



**350 करोड़ रुपये की धनराशि से होगा विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य**

राज्य वित्त पोषित योजना विधायक निधि योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष के आय-व्ययक में प्रावधानित धनराशि से 70 विधायकगणों को उनके विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए निर्धारित विधायक निधि 5 करोड रु. प्रति विधायक की दर से कुल 350 करोड़ रु. की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**आपदा से हुई हानि की रोकथाम को 13 करोड़ रुपये**

इसी क्रम में उत्तराखण्ड के सभी जिलों में आयी दैवीय आपदा से जन, धन एवं परिसम्पत्तियों की हानि की रोकथाम एवं आपदा से सम्भावित क्षति को न्यून किये जाने के लिए आपदा न्यूनीकरण निधि (राज्य सेक्टर) में प्राविधानित कुल धनराशि 28.00 करोड़ रु. के सापेक्ष प्रति जनपद 01 करोड़ रु. अर्थात कुल 13 करोड़ रु. की धनराशि अवमुक्त किये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# हरिद्वार में मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** हरिद्वार जिले में मगरमच्छ के हमले में 12 वर्षीय एक बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार सुबह उसका शव नदी से बरामद किया। पुलिस के अनुसार, एक दिन पहले लापता हुए बच्चे के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने थाने में सूचना दी, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान नदी किनारे से उसकी साइकिल और चप्पलें बरामद हुईं। तलाशी अभियान के दौरान बंजारेवाला गांव में पुलिस और स्थानीय लोगों ने नदी में मगरमच्छ के पास बच्चे का शव देखा। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राजा (12) के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, वह एक पत्थर क्रशर के पास खेल रहा था, तभी पानी से मगरमच्छ बाहर आया और उसे पकड़कर नदी में खींच ले गया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने नदी किनारे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

### चारधाम यात्रियों से भरा टेम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त

**देहरादून :** चारधाम यात्रियों से भरा टेम्पो ट्रैवलर धनौल्टी के नगुन-सुवाखोली मार्ग पर नागराजा धार के पास ब्रेक फेल होने से पहाड़ी से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन वाहन संख्या (एचआर 65ए0859) सड़क के अन्दर की तरफ नाली में घुसकर पहाड़ी से टकरा कर सड़क के अन्दर नाली में फंस गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। अगर वाहन सड़क से बाहर की ओर जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। थाना छाम की मठियाली चौकी प्रभारी शिवशंकर उनियाल ने बताया टेम्पो ट्रैवलर सवार सभी यात्री दिल्ली के रहने वाले हैं। सभी गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली से गंगोत्री के लिए निकले थे। रात को मसूरी में ठहरने के बाद शुक्रवार सुबह गंगोत्री के लिए निकले थे। तभी नगुन-सुवाखोली-देहरादून मोटरमार्ग पर नागराजा धार के पास टेम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घायल यात्रियों को चिन्यालीसौड़ अस्पताल पहुंचाया गया।

# रुद्रपुर में 13 दिन में 200 फुटकर व्यापारियों ने बनवाए लाइसेंस

संवाददाता, रुद्रपुर

- **20200 रुपये हुए शुल्क के रूप में जमा**
- **मंडी समिति का फुटकर व्यापारियों से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी**

**अमृत विचार:** दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं के बाजार भाव नियंत्रित करने के लिए मंडी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फल-सब्जी, लकड़ी के सभी फुटकर व्यापारियों से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं 13 दिन में 200 फुटकर व्यापारियों ने अपने लाइसेंस बना लिए हैं। जबकि इन व्यापारियों से मंडी समिति ने 20200 रुपये लाइसेंस शुल्क जमा किया है।

यहां बता दें कि उत्तराखंड में फल एवं सब्जियों के बढ़ते मूल्यों के कारण आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर विगत दिनों उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन के अध्यक्ष डॉ.अनिल कपूर डब्बू ने सभी मंडी समितियों के सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग कर कृषि उत्पादों के फुटकर व्यापार के संबंध में बैठक आयोजित की और सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके बाद बगवाड़ा मंडी समिति के सचिव ने दो सचल दल की टीम गठित की। इसमें मंडी निरीक्षक संजय शर्मा, अरविंद वर्मा, मंडी सहायक हितेश पांडे और संदीप पाल आर्या शामिल हैं। टीम ने पुरानी मंडी, खेड़ा मंडी और मुख्य बाजार में सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाइसेंस बनाने के साथ ही प्रतिष्ठानों पर मूल्य सूची लगाने और उचित दरों में सामान विक्रय करने के निर्देश दिए। वहीं अब तक 200 व्यापारियों ने अपने लाइसेंस के लिए आवेदन शुल्क 101 रुपया जमा कर दिया है।

दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं के बाजार भाव को नियंत्रित करने के लिए मंडी क्षेत्र में फल-सब्जी, लकड़ी के सभी फुटकर व्यापारियों को मंडी से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जारी है। गठित सचल दल की टीम सब्जी मंडियों का निरीक्षण के बाद करीब 200 व्यापारियों ने लाइसेंस के लिए आवेदन कर दिया है। हर कारोबारी को मंडी समिति से लाइसेंस लेना जरूरी है। -**विश्व विजय देव सिंह**, सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति, बगवाड़ा

# नाबालिग से अवैध नशा मुक्ति केंद्र में मारपीट की जांच शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लामाचौड़ क्षेत्र में संचालित नशा मुक्ति केंद्र अवैध रूप से चल रहा था। नाबालिग के साथ कथित मारपीट की घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और केंद्र का निरीक्षण किया गया। जांच में सामने आया कि संबंधित केंद्र राज्य नशा मुक्ति प्राधिकरण में पंजीकृत नहीं है।

शुक्रवार को एसीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी के नेतृत्व में मनोचिकित्सक डॉ. हिमांशु कांडपाल तथा मुखानी पुलिस की टीम ने केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं। अधिकारियों के अनुसार यह केंद्र एक एनजीओ द्वारा संचालित किया जा रहा था, लेकिन इसके पास आवश्यक पंजीकरण और मानकों का पालन नहीं था। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को सौंप दी है। अब आगे की कार्रवाई प्रशासन स्तर पर की जाएगी। इधर, केंद्र में भर्ती 17 वर्षीय किशोर के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे के साथ केंद्र में बेरहमी से मारपीट की गई। गंभीर हालत में किशोर को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की मां ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

पुलिस ने केंद्र का डीवीआर कब्जे में लेकर सीसीटीवी फुटेज जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गौशाला क्षेत्र में वृहद स्वच्छता अभियान

**नैनीताल:** नगर पालिका परिषद की टीम ने गौशाला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्थानीय लोगों को राहत प्रदान की। यह अभियान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के निर्देश पर आयोजित किया गया।

पिछले कई दिनों से गौशाला क्षेत्र में फैली गंदगी को लेकर स्थानीय लोगों में रोष बढ़ रहा था और वे लगातार सफाई की मांग कर रहे थे। इसके बाद नगर पालिका ने सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों ने पूरे क्षेत्र में जमा कूड़ा-करकट हटाया, नालियों की सफाई की और आसपास के इलाके को स्वच्छ बनाया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने आम जनता से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याएं उत्पन्न न हों।



पाण्डेयगांव के युवाओं को क्रिकेट किट वितरित करते सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट।

### सामाजिक कार्यकर्ता बिष्ट ने पाण्डेयगांव में युवाओं को क्रिकेट किट सामग्री बांटी

**भीमताल :** ग्रामसभा पाण्डेयगांव में सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने युवाओं को क्रिकेट किट सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर नितेश बिष्ट ने कहा कि जहां कई स्थानों पर युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं पाण्डेयगांव के नवयुवक खेलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। इसी को देखते हुए उन्होंने अपनी ओर से क्रिकेट किट सामग्री का वितरण किया। इस दौरान हरेंद्र रावत, महेंद्र पोखरिया, गौरव जोशी, करन पोखरिया, कमलेश कपिल रहे।

## सिटी इंवेंट्स

- आयुक्त दीपक रावत मिनी स्टेडियम रोड स्थित कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई करेंगे 11 बजे
- जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सचिव नैनीताल रोड स्थित कार्यालय में वादों पर सुनवाई करेंगे 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम कर्मचारियों के वेतन वृद्धि की मांग

**हल्द्वानी :** नगर निगम पार्षद प्रीति आर्या ने हल्द्वानी नगर निगम कर्मचारियों का दैनिक वेतन 805 रुपये किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि देहरादून नगर निगम में बेहतर वेतन व्यवस्था है, ऐसे में हल्द्वानी के कर्मचारियों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ईमेल भेजकर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

### कार्यालय के लिए भूमि आवंटन की मांग

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह के अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने संगठन के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन संबंधित ज्ञापन सौंपा। सीएम ने आश्वासन दिया कि गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस दौरान भुवन भगत, गोविंद बड़ती, दया किशन जोशी और सोबन सिंह भड़ रहे।

### जेम पोर्टल से पहली बार वाहनों की नीलामी

**हल्द्वानी :** कोतवाली कालाढूंगी में पहली बार जेम पोर्टल से सीज वाहनों की ऑनलाइन नीलामी कराई गई। यह प्रक्रिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हल्द्वानी के आदेश के अनुपालन में संपन्न हुई। एमवी एक्ट के तहत सीज 33 और एक लावारिस वाहन सहित कुल 34 वाहनों की नीलामी की गई, जिसमें तीन पंजीकृत कंपनियों ने भाग लिया। बोली 1,21,600 रुपये से शुरू होकर अंतिम बोली 2,22,887 .84 रुपये पर समाप्त हुई।

### सूरदास की जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हल्द्वानी :** सक्षम के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव विनोद जोशी, बिपिन बहुगुणा, तारा पांडे, जया भंडारी, दिलीप वार्ष्णेय ने महाकवि सूरदास जयंती के पावन अवसर पर दिव्यांग छात्रों के लिए निबंध, दोहा, पेंटिंग एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया।

### मौसम विभाग की चेतावनी-पारे में गिरावट और तेज हवाओं के साथ चमक सकती है बिजली

# अलर्ट : सोमवार को आ रहा एक और पश्चिमी विक्षोभ

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी में शुक्रवार को घने बादल पूरे दिन असमान में डेरा डाले रहे। तापमान सामान्य से नीचे बने रहा। मौसम विभाग के अनुसार एक और पश्चिमी विक्षोभ सोमवार से सक्रिय होने जा रहा है।

आज पूरे दिन बादलों के छाए रहने से बारिश की उम्मीद बनी रही। मगर पानी तो नहीं बरसा, अलबत्ता ठंड का एहसास शाम के समय हुआ। ठंड महसूस होने पर लोग लोग गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लेने को मजबूर हुए।



देर शाम घने बादल छाए हुए थे। जिस कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी।

मौसम विभाग के अनुसार एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर सोमवार से नजर आएगा। जिस कारण आने वाले दिनों में मैदानी भागों में तापमान में गिरावट बनी रहेगी और गर्मी से राहत रहेगी।

इस दौरान तेज हवाओं का रुख जारी रहेगा और गर्जना के साथ बिजली की गड़गड़ाहट भी रहेगी। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी की संभावना भी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

### धूप निकली लेकिन पारे में रही राहत

**हल्द्वानी :** शहर में गुरुवार की शाम मूसलाधार बारिश हुई। जिस वजह से गुरुवार की रात मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया तो वहीं शुक्रवार को धूप निकलने के बाद भी गर्मी पर काफी काबू रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अधिकतम तापमान 32 .4 डिग्री रहा जो सामान्य से करीब 3 .7 डिग्री कम है तो वहीं न्यूनतम तापमान 16 .8 डिग्री रहा। यह भी सामान्य से कम है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया है। यहां रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार देहरादून, अल्मोड़ा, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश हो सकती है। तो वहीं रविवार से तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

# नक्शा पास करने का अधिकार खत्म करना गलत : गोपाल

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** आवास विभाग ने अपने अधिसूचित क्षेत्रों में पंचायतों के नक्शा पास करने का अधिकार समाप्त कर दिया है। अब रेरा पोर्टल के माध्यम से नक्शा पास कराने की प्रक्रिया लागू की जाएगी। इस पर प्रधानों ने आक्रोश जताया है।



नैनीताल जिला ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी ने कहा कि पंचायती राज एक्ट में जो 29 विषय प्रदान किए गए हैं उन्हें लेने के लिए पहले से ही संघर्ष कर रहे हैं और अब नक्शा पास करने का अधिकार छीन लिया है।

ग्रामीण किसी तरह से दो कमरों का मकाना बनाता है और उसे भी अब नक्शा पास कराने के लिए सरकारी विभागों के चक्कर लगाने होंगे। इसका व्यापक स्तर पर विरोध किया जाएगा। पंचायतों से नक्शा पास करने का अधिकार खत्म करने पर संघर्ष किया जाएगा और इसे बहाल किया जाएगा क्योंकि इस नए नियम से ग्रामीणों का भवन बनाना भी मुश्किल हो जाएगा।

# सिलेंडर खाली होने पर लकड़ी लेने जंगल गई वृद्धा को हाथी ने मारा

### जीबी पंत विश्वविद्यालय कैंपस से सटी झा कॉलोनी के समीप के जंगल की घटना, तीन दिन के भीतर गजराज से हमले की दूसरी वारदात से लोगों में हदशत

**संवाददाता,पंतनगर/हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर खत्म होने पर खाना पकाने के लिए जंगल से लकड़ी बीनने गई वृद्धा को हाथी ने सूंड से पटक कर मार डाला। साथ गईं महिलाओं ने किसी तरह जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और गश्त तेज कर दी है।



मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ ग्रामीण। ● अमृत विचार

जीबी पंत विश्वविद्यालय परिसर से सटी झा कॉलोनी निवासी मैना देवी के घर में दो दिन पूर्व सिलेंडर खत्म हो गया था। ऐसे में खाना पकाने के लिए दिक्कतें हो रही थीं। शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा का सार्वजनिक अवकाश था। इस पर आसपास की महिलाओं की सलाह पर ईंधन का विकल्प जलौनी लकड़ी बीनने के लिए वह शुक्रवार दोपहर को गंगापुर पटिया ब्लॉक के जंगल में चली गईं। साथ ही में झा कॉलोनी की ही दो अन्य महिलाएं भी थीं। बताया जा रहा है कि जंगल में लकड़ी बीनने के दौरान अचानक टस्कर हाथी आ गया। हाथी के आते ही अन्य महिलाएं तो भाग गईं लेकिन वह वृद्ध होने की वजह से नहीं भाग सकी और गिर गई। इस बीच हाथी आ गया और सूंड में लपेट कर जमीन पर पटका और मार डाला। घटना के बाद जंगल से भागी महिलाएं झा कॉलोनी पहुंचीं और लोगों को पूरी बात बताई। इसके बाद कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा भी है। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी मौके पर पहुंच गए और वन विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग की।



मैना देवी। (फाइल फोटो)

### 10 हजार की फौरी राहत मिलेगा पूरा मुआवजा

**पंतनगर :** टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम ने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर एक बजे की है। सूचना पर वह और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि वन विभाग की ओर से अंतिम संस्कार के लिए पीड़ित परिवार को फौरी तौर पर 10 हजार रूपये की नकद धनराशि दी गई है, जल्द ही मुआवजे की रकम दी जाएगी।

### 72 घंटे में तीसरी हुई दर्दनाक मौत

**रुद्रपुर :** थाना पंतनगर इलाके में आतंक का पर्याय बने हाथी द्वारा बुजुर्ग महिला को कुचलने का यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि 72 घंटे में यह दूसरी खौफनाक वारदात है। स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कुछ घंटे पहले झारखंड का रहने वाला बाधु प्रजापति स्थानीय स्तर पर विशम्भर दत्त जोशी के यहां चौकीदारी करते थे कि अचानक हाथी ने हमला बोल दिया और चौकीदार की दर्दनाक मौत हो गई और उसके बाद हाथी ने नैना देवी बुजुर्ग महिला को भी पटक कर मार डाला। जिसके चलते जहां स्थानीय बाशिंदे खौफजदा है और वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं।

### डरी-सहमी है घटना की चश्मदीद

**रुद्रपुर :** वन क्षेत्राधिकारी रुप नारायण गौतम ने बताया कि चश्मदीद महिलाएं डरी-सहमी थीं। उनका कहना था कि शुक्रवार को जब बुजुर्ग महिला और वह लकड़ी लेने जंगल गए थे और लकड़ी बीनते-बीनते आगे पीछे हो गए थे। तभी एक डेढ़ दांत वाला हाथी दौड़ता हुआ आया। जिसे देखकर वह भाग निकली, लेकिन बुजुर्ग महिला मैना देवी भागने में सफल नहीं हुई और हाथी ने महिला को सूंड में जकड़ लिया था। भागते वक्त पीछे मुड़ने पर देखा कि हाथी बुजुर्ग महिला को पटक रहा था और पैरों से रौंदते हुए दिखाई दिया। जिसके आधार पर वन विभाग ने हाथी को चिह्नित करना शुरू कर दिया है।

### अधिकारी बोले- बिल्कुल भी जंगल नहीं जाएं महिलाएं

**रुद्रपुर :** वन क्षेत्राधिकारी गौतम ने बताया कि अप्रैल और मई प्रजनन का समय होता है ,अक्सर हाथी बौखलाहट में रहते है। इस कारण हाथी इंसानों को देखते ही हमलावर हो जाता है। हाथी को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उनका आह्वान है कि कोई भी महिला जंगल में लकड़ी बीनने नहीं जाएं और हमेशा सजग रहे। हाथी की आवाजाही की खबर फौरन वन विभाग को दे। इसके अलावा हाथी पर किसी भी प्रकार का प्रहार नहीं करें। इस कारण हाथी बौखलाने के बाद बेहद उत्तेजित हो जाता है। बावजूद हाथी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



रानीबाग स्थित इंद्रा कॉलोनी में लगे पिंजड़े में फंसा तेंदुआ।

### रानीबाग की इंद्रा कॉलोनी में पिंजड़े में फंसा तेंदुआ

**भीमताल :** शहर से सटे रानीबाग इलाके के इंद्रा कॉलोनी में एक तेंदुआ पिंजड़े में फंस गया। वन विभाग ने तेंदुए को रानीबागर रेस्क्यू सेंटर भेजा है। रानीबाग इलाके में लंबे समय से तेंदुए की आवाजाही हो रही थी। अभी दो दिन पूर्व भी एक तेंदुआ छत पर चढ़कर भुवन मनराल के कुत्ते को शिकार बना लिया था। यह घटना घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। इसके अलावा भी कैमरों में तेंदुए की आवाजाही दिखती थी जिसके बाद वन विभाग ने पिंजड़ा लगाया था। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने तेंदुए की दहाड़ सुनी तो उन्होंने देखा कि तेंदुआ पिंजड़े में फंस गया है। इस पर उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। स्थानीयों की सूचना पर वन टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा। तेंदुए के पकड़ने से जाने से वन विभाग व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। एसडीओ ममता चंद ने का कि बेशक तेंदुआ पकड़ा गया है लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रात में घरों के बाहर की लाइट जलाने, झाड़ियां काटने और अंधेरा में जरूरी होने ही निकलने की बात की है।

# कांग्रेस में अपना विलय करें उत्तराखंड क्रांति दल

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उत्तराखंड क्रांति दल को कांग्रेस में विलय करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि उक्रांद के पास संगठन नहीं है, ऐसे में यदि कांग्रेस का साथ मिलता है तो फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ाई में मदद मिल सकती है।



शुक्रवार को स्वराज आश्रम पहुंचे उपाध्यक्ष प्रताप ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल के नव युवाओं से उनकी पूरी सहानुभूति है, वह स्वयं भी राज्य आंदोलनकारी रहे हैं इसलिए उनका दर्द समझ सकते हैं लेकिन उक्रांद के पास संगठन नहीं होना सबसे बड़ी समस्या है। ऐसे में उक्रांद को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। जिससे भाजपा के खिलाफ लड़ाई एकजुट हो सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का हाल लोगों ने देख ही लिया है कि उसके सात राज्य सभा सदस्य भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा छोटी पार्टियों को अपने निशाने पर लेती है। यह बात सही है कि उक्रांद के कुछ नेता जमीनी स्तर पर अच्छा संघर्ष कर रहे हैं लेकिन उनके लिए अच्छा यही है कि उक्रांद का विलय कांग्रेस में कर दें। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य आदि उनका पूरा मान सम्मान रखेंगे। उन्होंने बताया कि वह मुजफ्फरनगर कांड की हाईकोर्ट में शनिवार को होने वाली सुनवाई के लिए आए हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल आदि रहे।

## स्वच्छता के मानकों को परखेगी टीम

**हल्द्वानी :** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम में शीघ्र ही सर्वेक्षण टीम की ओर से निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। दो सदस्यीय टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन करेगी। टीम विभिन्न स्कूलों का भ्रमण कर स्वच्छता, शौचालय और जागरूकता गतिविधियों, प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में वेस्ट मैनेजमेंट और साफ-सफाई की समीक्षा, आवासीय इलाकों में घर-घर कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था, आम जनता की भागीदारी, वार्डों में चलने वाले कूड़ा वाहनों की कार्यप्रणाली, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सड़कों और नालों की सफाई की स्थिति, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) का निरीक्षण कर जरूरी उपायों की समीक्षा की जाएगी। निरीक्षण के बाद मिले सुझावों के आधार पर निगम की ओर से स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा।

# कॉमर्शियल गैस के दाम बढ़े तो दिक्कतें भी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बेशक पश्चिम एशिया में युद्ध थम चुका है लेकिन अभी तक कुकिंग गैस संकट अभी भी खत्म नहीं हुआ है। अब केंद्र सरकार ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों पर असर पड़ना तय है। यह भी देखने वाली बात है कि नैनीताल जिले की प्रमुख आर्थिकी पर्यटन कारोबार है और इस महंगाई का असर कारोबारियों पर जरूर पड़ेगा।

केंद्र सरकार ने जो दाम बढ़ाए हैं, उसके बाद अब 19 किग्रा का सिलेंडर 2194 रुपये से बढ़कर सीधे 3187 रुपये तक पहुंच गया है। यानी कारोबारियों को एक सिलेंडर पर करीब 993 रुपये अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं। इसी तरह नए कनेक्शन के लिए मिलने वाला 5 किग्रा का सिलेंडर 1554 रुपये से बढ़ाकर 1795.50 रुपये कर दिया गया है। वहीं 5 किग्रा सिलेंडर की रीफिल भी 610 रुपये से बढ़कर 851 रुपये हो गई है। होटल कारोबारी विकास पांडे ने बताया कि रसोई का खर्चा बढ़ता ही जा रहा है इसलिए अब दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। फास्ट फूड संचालक नमन ने बताया कि सिलेंडर मिल भी बहुत मुश्किल रहा है ऊपर से दामों में बहुत ही ज्यादा बढ़ोत्तरी कर दी गई है। अगर देखा जाए तो इसका असर सभी के ऊपर पड़ेगा। होटल-रेस्टारेंट में खाने के दाम बढ़ेंगे तो पर्यटकों की जेब भी ढीली होगी। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन ने बताया कि जो दाम लागू किए गए हैं अब उनके आधार पर ही सिलेंडर दिए जाएंगे।



### कॉमर्शियल सिलेंडर के नए कनेक्शन शुरू

**हल्द्वानी :** अंतराष्ट्रीय कारणों की वजह से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के नए कनेक्शन मिलना बंद हो गए थे। इसके साथ ही कॉमर्शियल सिलेंडर भी मिलना भी बंद हो गए थे। अब राहत की बात है कि नए कॉमर्शियल गैस कनेक्शन मिलना शुरू हो गए हैं। इससे कारोबारियों को राहत मिली है। कनेक्शन नहीं मिलने की वजह से कई लोग कारोबार नहीं शुरू कर पा रहे थे।

### सिलेंडर कीमत बढ़ोतरी पर व्यापारियों का विरोध

**हल्द्वानी :** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने मजदूर दिवस के मौके पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि करीब 993 रुपये तक की वृद्धि से छोटे व्यापारियों, फड़-ठेले संचालकों और आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ा है। भुवन भट्ट ने इसे आम लोगों की रसोई पर असर डालने वाला कदम बताते हुए छोटे कारोबारियों के लिए गंभीर चुनौती करार दिया। वहीं तरुण वानखेड़े ने कहा कि होटल व रेस्टोरेंट क्षेत्र में खाने-पीने की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे ग्राहकों की संख्या प्रभावित हो सकती है। सीमा बत्रा ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए जीवन-यापन और कठिन हो जाएगा।

## मजदूरी को निकले युवक का शव नहर में मिला

**रामनगर:** मंगलार क्षेत्र में सिंचाई नहर से एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान 24 वर्षीय अलाउद्दीन के रूप में हुई है, जो कॉर्बेट कॉलोनी का निवासी था। बताया जा रहा है कि अलाउद्दीन शुक्रवार सुबह रोज की तरह मजदूरी के लिए घर से निकला था, लेकिन कुछ ही समय बाद उसके परिवार को सूचना मिली कि उसका शव मंगलार स्थित सिंचाई नहर में पड़ा है। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजन युवक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई सलमान ने बताया कि उनका भाई सुबह काम पर गया था और उन्हें इस तरह की किसी घटना की आशंका नहीं थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

**चिंता** — हाईवे पर सड़क सुरक्षा उपाय नदारद, खतरे में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

# आंगनबाड़ी के सामने जान का डर, स्पीड ब्रेकर न मिरर

- बीते 20 अप्रैल को रानीबाग आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर बस ने चार साल की बच्ची को कुचला था

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** रानीबाग में बीते 20 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में चार साल की बच्ची की मौत हो गई थी। ओवरस्पीड रोडवेज बस ने आंगनबाड़ी केंद्र से लौटते हुए सड़क पार कर रही बच्ची को कुचल डाला था, जिस दौरान मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। दरअसल, दुर्घटना स्थल पर जरूरी साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और मिरर नहीं लगा था।

इस घटना से सबक लेते हुए एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने परिवहन विभाग को हाईवे और मुख्य मार्ग पर स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों के बाहर सड़क सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है। शिकायत के माध्यम से बताया है कि जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र, जो हाईवे और मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। उनमें स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड और कॉन्वेक्स मिरर नहीं लगे होने से खतरा बना हुआ है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बाहर सड़क सुरक्षा को लेकर जरूरी उपाय करने की मांग की है।



गौलापार देवला तल्ला का हाईवेकिनारे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र। ● अमृत विचार

इधर, अमृत विचार की पड़ताल में गौलापार के देवला तल्ला और खेड़ा चौराहे के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास भी सड़क सुरक्षा इंतजाम नदारद पाए गए। मौके पर न तो कोई साइन बोर्ड लगा था, न ही स्पीड ब्रेकर और कॉन्वेक्स मिरर लगा हुआ था। देवला तल्ला के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र सड़क सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक बना हुआ है। इसी तरह शहर के कुछ अन्य आंगनबाड़ी केंद्र भी हाईवे और मुख्य मार्ग पर स्थित हैं, जिनमें खतरा बना हुआ है। सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत का संज्ञान लेकर अब परिवहन विभाग और एनएच की ओर से जरूरी कार्य किए जाएंगे। एआरटीओ बीके सिंह ने बताया कि एनएच की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर जरूरी साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और कॉन्वेक्स मिरर लगाया जाएगा।

### दुदली दुर्घटना की रिपोर्ट तैयार

धारी क्षेत्र के दुदली के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद परिवहन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हरकत में आ गए हैं। हादसे के बाद परिवहन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया था, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सड़क सुरक्षा समिति को सौंपी जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों दुदली के पास हुए भीषण सड़क हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाए थे।

# खुले में कूड़े के साथ नियमों को जला रहे नगर निगम के कर्मचारी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नगर निगम के सफाई कर्मचारी वार्डों में सफाई के दौरान कूड़े को जगह-जगह एकत्र कर खुले में जलाया जा रहा है।

डहरिया क्षेत्र में सीएमटी कॉलोनी से लेकर शिवा मित्र कॉलोनी, सर्वोदय कॉलोनी, महालक्ष्मी विहार सहित इससे लगी अन्य कॉलोनियों में जगह-जगह प्लास्टिक व अन्य कूड़ा-कचरा खुले में जलाया जा रहा है। जब स्थानीय लोगों की ओर से खुले में कूड़ा जलाने का विरोध किया जाता है, तो सफाईकर्मियों की ओर से कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी के वार्ड में नहीं पहुंचने या हाथगाड़ी नहीं होने का हवाला दिया जाता है। खुले में प्लास्टिक व अन्य कूड़ा जलाए जाने से वार्ड के लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गर्मियों में जलते कूड़े की आग के कारण घरों के आगे अन्य जगह आग लगने का खतरा भी बने रहता है। वार्ड के लोगों ने शीघ्र ही इस पर रोक लगाने की मांग की है। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर तोलिया ने कहा कि वार्डों में खुले में कूड़ा जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। सफाई के बाद कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी भेजी जाती है। खुले में कूड़ा जलाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



डहरिया में खुले में जलता कूड़ा। ● अमृत विचार

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### ग्राफिक एरा में डिग्री से पहले नौकरी पाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित, 612 प्लेसमेंट ऑफर्स की ऐतिहासिक उपलब्धि

# नौकरी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचारः** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में डिग्री प्राप्त करने से पहले प्लेसमेंट हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को भव्य प्लेसमेंट फेलिसिटेशन समारोह 2026 में सम्मानित किया गया। ग्राफिक एरा के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने कहा कि नौकरी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है।

समारोह में वर्ष 2026 में 612 प्लेसमेंट ऑफर्स की ऐतिहासिक उपलब्धि को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। भीमताल और हल्द्वानी परिसर के विद्यार्थियों ने डिग्री मिलने से पहले ही प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन प्राप्त कर सफलता का नया मानक स्थापित किया। कार्यक्रम में बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा कर्णिका नेगी को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 152 प्राप्त करने पर 1 लाख 51 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।



ग्राफिक एरा में प्लेसमेंट फेलिसिटेशन समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएं।

बीटेक सीएसई (2022-2026 बैच) की भीमताल की छात्रा गुंजन भनवाल को एटलासियन में 66.01 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त होने पर ट्रॉफी एवं एक लाख की नकद राशि प्रदान की गई। इसी बैच की विभा चंदोला को गूगल में 54.84 लाख वार्षिक पैकेज मिलने पर ट्रॉफी एवं एक लाख की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा वैश्नवी करायत को बीएनवाई मेलॉन में 22 लाख, दिव्या शाह को जेपी मॉर्गन में 19.75 लाख, 10 विद्यार्थियों को इन्फोसिस में 11 लाख तथा दिया बिष्ट को नायका में 10 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन टीसीएस, कॉग्निजेंट, कैपजेमिनी, एलटीआई माइंडट्री, टेक महिंद्रा, विप्रो, कोफोर्ज, पीडब्ल्यूसी इंडिया और डेलॉइट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भी हुआ। चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, कौशल विकास, ईमानदारी और कृतज्ञता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का त्याग जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और उनके आशीर्वाद से ही सफलता संभव है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में असीम अवसर उपलब्ध हैं, इसलिए विद्यार्थियों को मजबूत नेटवर्क बनाकर वैश्विक स्तर पर स्वयं को स्थापित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्री साहिब सबलोक ने किया। समारोह का समापन समूह छायाचित्र सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सफलता के इन पलों को संजोया।

## जरूरतमंद खिलाड़ियों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण

**नैनीतालः** शहर के जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अब खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता और आसान हो गया है। जिला क्रीड़ा संघ नैनीताल ने नगर के निपुण, मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए सौरभ रावत को क्रिकेट, गोविंद बोरा को फुटबॉल और हॉकी, नीरज बिष्ट को वॉलीबॉल तथा दीपक बिष्ट को बास्केटबॉल का कोच नियुक्त किया है। जिला क्रीड़ा संघ के महासचिव मनोज जोशी ने बताया नैनीताल में जरूरतमंद खिलाड़ियों को इसका फायदा मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ निशुल्क खेल किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। है। इच्छुक खिलाड़ी पंजीकरण कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# भूस्खलन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 6.17 करोड़ मंजूर

### चार्टनलॉज भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को मिलेगी राहत

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** शहर के चार्टनलॉज भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्यों के लिए शासन ने 6 करोड़ 17 लाख 83 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे के दौरान विधायक सरिता आर्या ने इस स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व जिला चिकित्सालय के समीप चार्टनलॉज क्षेत्र में बड़े भू-भाग में भूस्खलन हुआ था, जिससे दर्जनों परिवार प्रभावित हुए थे। वहीं ऊपरी चार्टनलॉज क्षेत्र में सैकड़ों परिवारों पर अब भी मकानों के ढहने और भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में सांसद अजय भट्ट और विधायक सरिता आर्या ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों के निर्देश दिए थे।


चार्टनलॉज स्थित भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र। ● अमृत विचार

विधायक सरिता आर्या ने बताया कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री से इस आपदा प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा कार्य कराए जाने का अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप अब यह स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी नैनीताल क्षेत्र के विकास के लिए लगातार विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहर में विभिन्न पैदल मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा तल्लीताल डांठ चौराहा, मस्जिद चौराहा, गाड़ी पड़ाव क्षेत्र, रिक्शा स्टैंड मल्लीताल चौराहा, चीना बाबा चौराहा और मन्नू महारानी चौराहा के चौड़ीकरण कार्य पूरे किए जा चुके हैं। वहीं मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मां नैना देवी मंदिर क्षेत्र में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण पूरा हो गया है और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है।

## देवीधूरा में बिजली गुल पेयजल की किल्लत

**नैनीतालः** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा गांव में गुरुवार शाम आए तेज आंधी-तूफान के कारण बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार सुबह तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने के कारण देवीधूरा कूण पंपिंग योजना भी ठप हो गई, जिससे गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। तेज आंधी व बारिश के दौरान ज्योलीकोट-देवीधूरा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिसके चलते पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही। एसडीओ प्रयंक पांडे ने बताया कि मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

# अतिक्रमण पर चलेगी जेसीबी 72 लोगों पर कार्रवाई की तलवार

**संवाददाता, रामनगर**

● वन विभाग की सख्ती से क्षेत्र में हड़कंप, अपीलों के निस्तारण के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। यदि योजना के अनुसार कार्रवाई होती है तो इस बार 72 अतिक्रमणकारियों पर जेसीबी की कार्रवाई की तलवार लटक रही है। इससे क्षेत्र में फिर से हड़कंप मचा हुआ है।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ पी.सी. आर्या ने बताया कि ग्राम पूछड़ी में लंबे समय से वन भूमि पर अवैध कब्जे किए गए हैं। विभाग पहले भी इस दिशा में कार्रवाई कर चुका है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में पहले चरण के तहत 51 अवैध मकानों को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, जिसमें नगर पालिका को आवंटित टचिंग ग्राउंड की भूमि भी वापस दिलाई गई थी। अब दूसरे चरण में 72 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेदखली के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 50 लोगों ने कंजरवेटर के समक्ष अपील की है, जिनके निर्णय की प्रतीक्षा की जा रही है।

अपीलों का निस्तारण विभाग के पक्ष में होने पर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके अलावा करीब 70 अन्य अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। डीएफओ आर्या ने स्पष्ट कहा कि वन भूमि से किसी भी प्रकार का अतिक्रमण हटाना विभाग की जिम्मेदारी है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वन विभाग की इस सख्ती से पूछड़ी गांव में हड़कंप मचा हुआ है और क्षेत्र में अनिश्चितता व भय का माहौल बना हुआ है।

# बगड़ में बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** शहर के समीपवर्ती बगड़ क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बगड़ निवासी 76 वर्षीय गोधन सिंह के पड़ोस में गुरुवार को एक विवाह समारोह आयोजित था। दोपहर में समारोह में शामिल होने के बाद वह शाम को घर लौट आए। रात को भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

कमरे में बिस्तर के पास कीटनाशक की खाली बोतल मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## स्व. एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** शहर की बहुप्रतीक्षित 4 वीं स्व. एनके आर्या मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन 5 मई से किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर आज आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता के संयोजक समाजसेवी एवं भाजपा नेता मोहित आर्या ने बताया कि नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पूर्व चीफ रेवन्यू कमिश्नर स्व. एनके. आर्या की स्मृति में आयोजित की जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार राशि रखी गई है। विजेता टीम को 1,25,000, उपविजेता को 50,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21,000 प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 15,000, जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, क्षेत्ररक्षक, विकेटकीपर एवं उभरते खिलाड़ी को 5,000-5,000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी। बैठक में अधिवक्ता प्रदीप उप्रेती, सैयद रियान, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, गब्बर सिंह नेगी, मिलन कुमार रहे।

# यूजीसी-नेट में वानिकी विषय हुआ शामिल, जून 2026 से लागू

**संवाददाता, नैनीताल**

● यूजीसी के सचिव श्यामा रथ द्वारा इस संबंध में जारी किया गया पत्र

**अमृत विचारः** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने वानिकी (फॉरेस्ट्री) विषय को यूजीसी-नेट परीक्षा में शामिल करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यूजीसी के सचिव श्यामा रथ द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जून 2026 में आयोजित होने वाली नेट परीक्षा से वानिकी विषय को आधिकारिक रूप से सम्मिलित कर लिया गया है। साथ ही, इसका पाठ्यक्रम यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

यह निर्णय यूजीसी की 597वीं बैठक में 18 अप्रैल 2026 को लिया गया। वानिकी विषय के पाठ्यक्रम का मसौदा तैयार करने के लिए गठित 8 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी एवं पूर्व निदेशक, एचएफआरआई शिमला, डॉ. शेर सिंह सामंत ने की।

समिति ने पांच बैठकों के बाद विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार किया। वानिकी विषय को नेट परीक्षा में शामिल करने की मांग लंबे समय से कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कुटा द्वारा उठाई जा रही थी। निर्णय से देशभर के वानिकी के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, विशेषकर हिमालयी क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। इससे न केवल शैक्षणिक संभावनाएं बढ़ेंगी, बल्कि वन संरक्षण के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी। डॉ. बीएस कालाकोटी और प्रो. ललित तिवारी ने इस निर्णय के लिए यूजीसी का आभार व्यक्त करते हुए 8 सदस्यीय समिति एवं इसके अध्यक्ष डॉ. एसएस सामंत का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों के महाविद्यालयों में वानिकी विषय की शुरुआत समय की मांग है, जिससे क्षेत्रीय विकास और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कुलसचिव डॉ. मंद्रवाल ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली है। जिसके बाद अब इस पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विवि प्रशासन ने शासन स्तर पर पत्राचार किया है। नए शैक्षणिक सत्र के ठीक पहले कुलसचिव पद का खाली होना विश्वविद्यालय के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा संचालन और समय पर परिणाम घोषित करने जैसे अहम कार्यों पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में अनुभवी और सक्षम अधिकारी की नियुक्ति विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बन गई है। डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने सितंबर 2024 में कुलसचिव का कार्यभार संभाला था। इससे पहले वे दून विश्वविद्यालय में इसी पद पर कार्यरत थे और लंबे प्रशासनिक अनुभव के साथ यहां नियुक्त किए गए थे। उनके वीआरएस के बाद अब विश्वविद्यालय में प्रशासनिक नेतृत्व को लेकर नई प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने कहा कि कुलसचिव जैसे महत्वपूर्ण पद का रिक्त होना प्रशासनिक चुनौतियां पैदा करता है। प्रवेश, परीक्षा और परिणाम से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जाएंगे।

# सीएचसी हल्दूचौड़ में चिकित्सकों संसाधनों की कमी, मरीज परेशान

**संवाददाता, हल्दूचौड़**

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हल्दूचौड़ एक बार फिर विवादों में घिर गया है। एक ओर जहां शिलापट पर दर्ज नामों को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाएं स्वास्थ्य महकमे और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं।

पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हल्दूचौड़ का सीएचसी केवल नाम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकर रह गया है, जबकि यहां की व्यवस्थाएं एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) से भी बदतर हैं। अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।



अव्यवस्थाओं और संसाधनों की कमी से जूझता हल्दूचौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

उन्होंने शिलापट पर अंकित दो नामों पर आपत्ति जताते हुए इसे नियमों के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी में भी स्पष्ट है कि ये नाम शिलापट पर नहीं होने चाहिए, इसके बावजूद इन्हें हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह केंद्र केवल प्राथमिक उपचार और रेफरल सेंटर बनकर रह गया है, जहां से गंभीर मरीजों को अन्य अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस सीएचसी की आधारशिला पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल द्वारा रखी गई थी। लंबे समय तक लोकार्पण नहीं होने पर गोविंद बल्लभ भट्ट और समाजसेवी हेमंत सिंह गोनिया ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसके बाद केंद्र का संचालन शुरू हो पाया।

## बारिश में नौकायन का वीडियो वायरल

**नैनीतालः** नैनीताल में गुरुवार को बारिश के दौरान नौकायन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पैडल बोट में बैठे पर्यटक फंसे नजर आ रहे हैं।

बता दें कि गुरुवार को बारिश के दौरान झील में नौका संचालन बंद हो गया था। लेकिन एक पैडल बोट में बारिश के दौरान झील में ही तैरती नजर आई। इस दौरान झील किनारे किसी युवक ने वीडियो बना लिया। जिसमें पर्यटक बार-बार किनारे आने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा के चलते वह बोट को किनारे नहीं ला पाए। जब हवा हल्की हुई तो वह बोट लेकर किनारे पहुंचे। झील किनारे आकर पर्यटकों ने राहत की सांस ली। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इसको जान को जोखिम में डालना कहा है। साथ ही पालिका से झील में नौकायन के समय नजर रखने की अपील की है। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि पालिका की एक टीम झील में नाव संचालन पर नजर रखती है। ताकि कोई झील में गंदगी न करे।


रामनगर में कांग्रेस का पुतला दहन कर विरोध जतातीं भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य। ● अमृत विचार

# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**संवाददाता, रामनगर**

● भाजपा महिला मोर्चा ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध किए जाने पर जताया आक्रोश

**अमृत विचारः** महिला मोर्चा के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा महिला आरक्षण विधेयक का विरोध किए जाने के आरोप में कांग्रेस पार्टी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण का विरोध कर रही है और देश को गुमराह करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में महिलाएं कांग्रेस को इसका जवाब देंगी। इस दौरान भावना भट्ट, रुचि गिरी शर्मा, सुमन सैनी, हेमा रावत, गंगा राणा, दीपा पांडे, नैना अग्रवाल, सुमन, शांति नेगी, चंपा पांडे, अपूर्व बिष्ट, नीमा पांडे, सारिका जोशी, आशा बिष्ट, दीपा रावत, हेमा हालसी, भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, नवीन कारगेती, दिनेश मेहरा, मनीष अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

## कालाढूंगी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**कालाढूंगी :** रामलीला मैदान में रविवार, 3 मई को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। पूर्व दर्जा मंत्री एवं भाजपा नेता महेश शर्मा ने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पीएसपी हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा महिलाओं और पुरुषों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इसमें मधुमेह, हृदय रोग, रक्तचाप के साथ-साथ स्त्री रोगों का भी परीक्षण किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष नवनीत राणा ने बताया कि शिविर में नि :शुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी। महेश शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने नगर व आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## अनियंत्रित होकर रपटी स्कूटी, युवती चोटिल

**नैनीताल :** शहर के भवाली रोड में पाइंस के समीप युवती की स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में युवती गंभीर रूप से चोटिल हो गई। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने मौके पर पहुंच युवती को बीडी पांडे अस्पताल दिलाया। जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी प्रतिभा सिलेलान शुक्रवार को स्कूटी से नैनीताल आ रही थी। पाइंस के समीप मोड़ में अचानक एक वाहन रॉग साइड पर आ गया। जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गयी। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आ गयी। सूचना पर स्वजन मदद को मौके पर पहुंचे। जहां एक्सरे जांच के साथ ही उसे उपचार दिया गया।

## बनभूलपुरा में 16 वर्षीय किशोरी लापता

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। इन्द्रानगर वार्ड नंबर 31 निवासी परवीन पत्नी रईसुद्दीन ने कोतवाली बनभूलपुरा में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री आफरीन 28 अप्रैल सुबह करीब 11 :30 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। इसके बाद से वह अब तक वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने अपने स्तर पर किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बेटी के अचानक गायब होने से परिवार बेहद परेशान है और उन्होंने पुलिस से उसे जल्द से जल्द खोजने की अपील की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# मई दिवस पर मजदूरों के बलिदान को किया गया याद

### रामनगर में विभिन्न संगठनों ने शहीद चौक से भगत सिंह चौक तक निकाला जुलूस, श्रमिक अधिकारों पर जताई चिंता

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में मई दिवस पर जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

- 1886 में शिकागो में श्रमिकों के बलिदान पर डाला प्रकाश
- श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा में कमी पर जताई चिंता

**अमृत विचार:** मई दिवस आयोजन समिति के बैनर तले शहीद चौक, लखनपुर पर जनसभा आयोजित की गई, जो बाद में जुलूस के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगत सिंह चौक, भवानीगंज पर समाप्त हुई।

सभा में वक्ताओं ने 1886 में शिकागो (अमेरिका) के श्रमिकों के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनके संघर्ष के 37 वर्षों बाद भारत में पहला मई दिवस 1923 में चेन्नई के मरीना बीच पर कॉमरेड सिंगारवेलर द्वारा झंडा फहराकर मनाया गया था। वक्ताओं ने कहा कि मई दिवस 8 घंटे के कार्यदिवस और अन्य श्रमिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए मजदूर वर्ग के संघर्ष और बलिदान को याद करने का दिन है, जो अब पूरी दुनिया में श्रमिक एकता का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मजदूर वर्ग पर दबाव बढ़ रहा है। बड़े पैमाने पर छंटनी, वेतन में कटौती, ठेकाकरण, निजीकरण और सामाजिक सुरक्षा में कमी जैसे मुद्दों से श्रमिक वर्ग प्रभावित हो रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कल्याणकारी योजनाओं में बजट कटौती की जा रही है और 'ई-श्रम पोर्टल' के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा का भ्रम फैलाया जा रहा है। मनरेगा, आशा, आंगनबाड़ी और मिड-डे मील जैसी योजनाओं के बजट में भी कमी की बात कही गई। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण से रोजगार के अवसर घटे हैं, जबकि कुछ कॉर्पोरेट घरानों की संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है।

वक्ताओं ने मजदूर आंदोलन पर कथित दमन की निंदा करते हुए गिरफ्तार मजदूर नेताओं और बुद्धिजीवियों की तत्काल रिहाई की मांग की। इस दौरान संयोजक चंद्रबल्लभ छिम्वाल, कर्मचारी-शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल, ट्रेड यूनियन नेता रोहित रुहेला, आइसा के सुमित कुमार, मो. आरिफ, तुलसी छिमवाल, शारदा आर्य, राज पांडे, कमल वर्मा, जमन राम, भुवन, उबैदुल हक, चंपा देवी, विमला, प्रीति आर्या, गिरीश आर्या, मनमोहन अग्रवाल, लालमणि, नंदराम आर्य, मुनीश कुमार, बालकृष्ण चंद, विक्रम मावड़ी, शेखर चंद, सुभाष गोला, सुनील परनवाल, कौशल्या, भुवन चंद्र रहे।


नैनीताल क्लब में श्रमिकों और मेधावी छात्र-छात्राओं और को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## श्रम दिवस पर सिंथिया स्कूल में सहयोगी कार्मिक सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी


सिंथिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित स्कूल के कर्मचारी।

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सिंथिया स्कूल में सहयोगी कर्मचारियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें स्कूलों के सभी सहयोगी कर्मियों और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उनके योगदान को सराहा गया।

वक्ताओं ने कर्मचारियों के परिश्रम, समर्पण और स्कूल के सुचारु संचालन में उनकी अहम भूमिका के बारे में बताया। स्कूल मैनेजमेंट ने सभी सहयोगी कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को श्रम के महत्व और हर कार्य के प्रति सम्मान की भावना का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर एससी मिश्रा, बीबी जोशी, महेश जोशी, प्रदीप मित्रा, केसी पंत, मंजू जोशी, नीमा पांडे, ललित मोहन तिवारी और ऋचा कर्नाटक आदि मौजूद रहे।

## श्रमिकों और मेधावियों का किया सम्मान

**नैनीताल :** राज्य अतिथि गृह नैनीताल क्लब में सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के हाईस्कूल और इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, कार्यक्रम संयोजक एवं सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत तथा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विधायक सरिता आर्या ने सांसद अजय भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक गोपाल रावत ने कहा कि पत्रकार, श्रमिक, मेधावी युवा और शिक्षक ही विकसित भारत की आधारशिला हैं। समारोह में उत्तराखंड बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 25वां स्थान प्राप्त करने वाले भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के छात्र सुमित फर्त्याल,समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले केपी काला, डॉ. डीपी गंगोला, श्रमिक वर्ग से प्रेम राम और कविता कोहली को सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों में बिड़ला विद्या मंदिर समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। यहां जिला उपाध्यक्ष दया पोखरिया, मंडल महामंत्री हरीश राणा, सह संयोजक विक्रम रावत, आनंद बिष्ट, लोकेश जोशी, पंकज बरगली, अरविंद पडियार, मनोज जोशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह, कविता गंगोला, रेखा जोशी, सभासद लता डफौटी, गजाला कमाल, भगवत रावत रहे।

# छेड़छाड़ और धर्मांतरण के दबाव का आरोपी गिरफ्तार

- एआई से अश्लील वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लालकुआं क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और सोशल मीडिया पर एआई के जरिए अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने 29 अप्रैल को कोतवाली लालकुआं में तहरीर दी थी कि करीब दो माह पहले इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी के जरिए आरोपी ने उससे संपर्क किया। बातचीत के दौरान उसने निजी जानकारी हासिल कर फोन नंबर लिया और बाद में संपर्क बढ़ाया। आरोप है कि आरोपी ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की, धर्मांतरण का दबाव बनाया और विरोध करने पर एआई तकनीक से अश्लील वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। साथ ही उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता संशोधन अधिनियम-2022 की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से शुक्रवार को आरोपी इब्राहिम (27) निवासी ग्राम सरकरा, बाजपुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट कहा कि धर्मांतरण से जुड़े अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# लालकुआं में सांसद के जन्मदिन पर यज्ञ

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन लालकुआं समेत तमाम क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर अजय भट्ट के दीर्घायु की कामना की गई। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती के नेतृत्व में मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर लालकुआं के प्रांगण में भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करने के साथ-साथ हवन यज्ञ का कार्यक्रम किया गया, जिसमें सांसद अजय भट्ट के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में पुजारी पंडित चंद्रशेखर जोशी, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, चंद्रकला खाती, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, संजय अरोड़ा हयात सिंह म्यान, संजीव शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, मोहित म्यान, धन सिंह बिष्ट, हरीश नैनवाल, बॉबी सम्मल, राजकुमार सेतिया, दीवान सिंह बिष्ट, विनोद शर्मा, विनोद श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि गोविंद सिंह राणा आदि लनोग शामिल रहे।


लालकुआं में सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन पर हवन यज्ञ करते क्षेत्रवासी।

## कालाढूंगी में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**कालाढूंगी :** क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट के जन्म दिन पर मिष्ठान वितरण कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। शुक्रवार को भाजपा वरिष्ठ नेता तारा चंद्र पांडे के नेतृत्व में उनके आवास पर सांसद अजय भट्ट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने भगवान से उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान जगत सामंत, धर्मेंद्र बिष्ट, मदन उपाध्याय, भरत, गौरी, देबू सांमत व सुरेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में वीकेंड पर विशेष यातायात व्यवस्था लागू

संवाददाता, हल्द्वानी

- आज और कल डायवर्जन प्लान देखकर ही निकलें
- व्यवस्था सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक रहेगी प्रभावी

अमृत विचारः पर्यटन सीजन और वीकेंड को देखते हुए आज और कल यानी 2 व 3 मई को हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में विशेष यातायात एवं डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

इस दौरान भारी वाहनों का संचालन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मालवाहक वाहनों को जिला सीमा पर ही रोका जाएगा, जबकि स्थानीय भारी वाहनों को एचएमटी, सलड़ी, अमृतपुर मोड़ समेत तय स्थानों पर पार्क कराया जाएगा। मैदानी क्षेत्रों से पर्वतीय मार्ग की ओर जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश भी कई स्थानों पर प्रतिबंधित रहेगा। पर्यटक वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बरेली रोड, रुद्रपुर-पंतनगर, रामनगर-बाजपुर और पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले वाहनों को डायवर्जन के जरिए गंतव्य तक भेजा जाएगा। शाम के समय अतिरिक्त डायवर्जन प्लान लागू रहेगा, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम किया जा सके।

पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और सहयोग की अपील की है। कहा है कि आमजन डायवर्जन प्लान के अनुसार ही घर से निकलें।

# रामनगर पहुंची बुद्ध धम्म संदेश यात्रा, हुआ स्वागत


मुंशी हरि प्रसाद टम्टा पार्क में बुद्ध जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी से प्रारंभ हुई बुद्ध धम्म संदेश यात्रा गुलजारपुरबंकी, कालाढूंगी, बंदरज्यूड़ा, बैलपड़ाव और गैबुआ होते हुए रामनगर पहुंची। यात्रा का उद्देश्य तथागत बुद्ध के विचारों, उनकी प्रतिज्ञाओं तथा मैत्री, करुणा, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों का प्रसार करना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

लोगों ने कहा कि महात्मा बौद्ध के बताए आदर्श ही विश्व में शांति ला सकते हैं। आज भी विश्व में जहां कहीं भी शांति और न्याय की बात होती है तो महात्मा बौद्ध को ही याद किया जाता है। कार्यक्रम में एडवोकेट सुंदरलाल बौद्ध, मूल निवासी संघ के महासचिव गंगा प्रसाद, बेडकर एकता फाउंडेशन कालाढूंगी के डॉ. जगदीश चंद्र, जीआर. टम्टा, भुवन चंद्र टम्टा, पंकज अंबेडकर, ललित मोहन, किशन चंद्र, योगिता, दीप, सुमन टम्टा, रामा देवी, नवल किशोर, अरविंद कुमार रहे। इधर, हल्द्वानी के तिकोनिया स्थित राय बहादुर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा पार्क में भी हुए कार्यक्रम में राधा आर्य, हरीश सिनोली, विनोद कुमार बौद्ध, अमित कुमार, चेतराम, सागर लाल, गजेंद्र पाल सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा, दीप दर्शन, जीवनलाल, दीपक सान्याल, कृष्णावती, सुनील कुमार रहे।

वहीं, कालाढूंगी के गुलजारपुर बंकी पहुंचने पर रैली का डॉ. अंबेडकर एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र समेत अन्य सदस्यों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद रैली रामनगर के लिए रवाना हुई।

## बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

**रामनगर :** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में भगवान बुद्ध की जयंती समारोह में भगवान बुद्ध की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में बुद्ध के जीवन और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेवी राम खेरिया ने की, जबकि संचालन एडवोकेट विनोद कुमार अंजान ने किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध ने संसार को अपने ज्ञान के माध्यम से जीवन जीने का जो मार्ग दिखाया, उसे आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान चंद्रहास गौतम एवं फकीर राम द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई। सभा में मदन राम (अध्यक्ष, बौद्ध विहार कमेटी), रमेश चंद, महेंद्र आर्या, नंदराम, देव भारती, मोहन चंद्र एवं प्रकाश शिल्पी ने विचार प्रकट किए। अंत में खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

## पति पर दूसरी महिला से प्रेम-प्रसंग का आरोप

**नैनीताल :** मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने ही पति पर दूसरी महिला के साथ प्रेम संभंध होने का आरोप लगाया है। मल्लीताल निवासी सोनम ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसका पति तल्लीताल निवासी एक महिला के चक्कर मे पड़ गया है। महिला ने कहा कि वह जब भी अपने पति से इस विषय पर बात करती है वह मारपीट पर उतर आता है। उसने कहा कि जबकि उसके व दूसरी महिला के भी दो-दो बच्चे हैं। बताया कि शिकायत के बाद भी उसको पति से मारपीट का भय लगा रहता है। उसने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पति व दूसरी महिला को भी काउंसिलिंग के लिए कोतवाली बुलाया गया है।

# क्रिकेट में डीके स्पोर्ट्स व जीएनजी की शानदार जीत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर-16 बालक वर्ग जिला क्रिकेट लीग में शुक्रवार दो मुकाबले खेले गए, जिनमें डी के स्पोर्ट्स अकादमी और जी एन जी की टीमों ने अपने-अपने मैच शानदार प्रदर्शन के साथ जीत लिए।

पहला मुकाबला जी एन जी क्रिकेट एरैना में डी के स्पोर्ट्स और बीसीए बिंदुखत्ता के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बिंदुखत्ता ने पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन डी के स्पोर्ट्स के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 35 ओवर में 5 विकेट खोकर 308 रन बनाए। ईशान जोशी ने शानदार 112 रन, राकेश बिष्ट ने 51 और तेजस बिष्ट ने 41 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए बिंदुखत्ता की टीम डी के स्पोर्ट्स की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 48 रन पर 21वें ओवर में ऑल आउट हो गई। डी के स्पोर्ट्स ने यह मुकाबला 260 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। देवांग नेगी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए, जबकि अनामय पाण्डे और रक्षित ने 2-2 विकेट झटके। देवांग नेगी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि आज कोर्बेट क्रिकेट अकादमी और काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी के बीच अगला मुकाबला खेला जाएगा।

# विषम भौगोलिक हालात में जनता की सेवा करना सराहनीय : बिरला

संवाददाता, हल्द्वानी



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को स्मृति चिन्ह देते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रातप बिष्ट।

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के पांच दिवसीय दौरे पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैनीताल सांसद अजय भट्ट के जन्मदिवस पर शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में पहुंचें और उन्हें शुभकामनाएं दीं। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सांसद भट्ट का व्यक्तित्व सामाजिक राजनैतिक जीवन में कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं चुनौतियों के बीच भी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति जिस समर्पण भाव से काम करता है वह प्रशंसनीय है। राज्य की महिलाओं का सिर्फ राज्य निर्माण नहीं वरन सामाजिक व राजनैतिक जीवन में आधी आबादी की भागीदारी सभी के लिए सकारात्मक मार्ग प्रशस्त व प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने लोकसभा अध्यक्ष का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, साकेत अग्रवाल, विकास भगत, रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, नवीन भट्ट, कंचन उप्रेती, पंकज अधिकारी, विनोद तिवारी, संजय पांडे, प्रताप रैक्वाल आदि रहे।

मई दिवस

बुद्ध पार्क में विभिन्न ट्रेड यूनियनों, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शन

# मजदूर अधिकारों और लेबर कोड पर साधा निशाना

संवाददाता, हल्द्वानी


मजदूर दिवस पर बुद्ध पार्क में विरोध-प्रदर्शन के दौरान मौजूद विभिन्न संगठनों के लोग।

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर शुक्रवार को बुद्ध पार्क में विभिन्न ट्रेड यूनियनों, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से मजदूर एकता का प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि इस साल का मई दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है, जब केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए नए लेबर कोड को लेकर देशभर में बहस और असंतोष का माहौल है।

आरोप लगाया कि ये कोड मजदूरों के अधिकारों को मजबूत करने के बजाय उन्हें कमजोर करते हैं और कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता देते हैं। कहा कि आठ घंटे के कार्यदिवस की अवधारणा धीरे-धीरे समाप्त होती दिख रही है, जबकि ठेका श्रम और गिग अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ कामकाजी परिस्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। दावा किया कि औद्योगिक क्षेत्रों, विशेषकर एनसीआर सहित विभिन्न हिस्सों में मजदूर वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग को लेकर आंदोलित हैं। उनके अनुसार, इन आंदोलनों को दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं और श्रमिक नेताओं व कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में ऐक्टू, पछास, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, भाकपा (माले), जनवादी लोक मंच, सनसेरा श्रमिक यूनियन, अखिल भारतीय किसान महासभा, उत्तराखंड परिवहन निगम संयुक्त परिषद, भीम आर्मी, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, मानवाधिकार रक्षा अभियान, आरएमएल यूनियन, जन मैत्री संगठन, पंजाब बेवल यूनियन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन समेत कई अन्य संगठनों की भागीदारी रही। इस मौके पर केके बोरा, बहादुर सिंह जंगी, रजनी जोशी, मनोज पांडे, महेश, चंदन, डॉ. कैलाश पांडे, रिंकी जोशी, हेमा तिवारी आदि मौजूद रहे।

### ये हैं प्रमुख मांगें

- श्रम-विरोधी नए लेबर कोड तत्काल निरस्त किए जाएं।
- आंदोलनरत मजदूरों पर दमनात्मक कार्रवाई बंद कर सभी गिरफ्तार श्रमिकों व ट्रेड यूनियन नेताओं को बिना शर्त रिहा किया जाए।
- न्यूनतम मजदूरी 42000 रुपये मासिक व 1500 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की जाए।
- 12 घंटे कार्यप्रणाली समाप्त कर 8 घंटे से अधिक काम पर दोगुना ओवरटाइम दिया जाए।
- आशा, भोजनमाता, आंगनबाड़ी, कॉन्ट्रैक्ट, मानदेय, डेली वेज, अप्रेंटिस व फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को स्थायी किया जाए।

## सांसद भट्ट के जन्म दिन पर गोल्ज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना की

**भीमतालः** नैनीताल-उधम सिंह नगर के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट के 65वें जन्मदिन पर भीमताल स्थित गोलजू मंदिर विनायक में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। इसके बाद केक काटकर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को खिलाकर खुशी मनाई।

कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वय एवं विकास समिति की डायरेक्टर कमला आर्य एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सचिन कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### पत्नी से की मारपीट, तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**सितारगंज :** मध्यप्रदेश निवासी महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसके पति समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की है। गांव पिधमपुर, धार (मध्यप्रदेश) निवासी रीना ने बताया कि 19 अप्रैल को उसके पति विक्की पाल और देवर विशाल पाल ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर उसे जान से मारने की कोशिश की। बताया कि आरोपी पति उसे बदनाम करने के लिए उस पर पांच लाख रुपए लेकर भागने का झूठा आरोप लगा रहा है। वह उसे रोजाना जान से मारने की धमकी दे रहे है। इसके उसकी जान को खतरा बना हुआ है। उसने प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, पिधमपुर में अपना मेडिकल कराया था। जिसमें उसके साथ मारपीट करने की पुष्टि हुई है। उसके पास मारपीट का वीडियो भी सुरक्षित रखा है। इसके अलावा कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है। वहीं, मामले में पुलिस ने ट्रांजिट कैंप, रूद्रपुर निवासी पति विक्की पाल, देवर विशाल पाल और आकाश पाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### क्लीनिक की सूचना मांगने पर वृद्ध को पीटा

**बाजपुर :** गांव में संचालित एक निजी क्लीनिक की जानकारी मांगना एक वृद्ध व्यक्ति को भारी पड़ गया। सूचना मांगने से नाराज चिकित्सक और उसके भाई ने वृद्ध के साथ जमकर मारपीट की। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बाजपुर निवासी द्वारिका प्रसाद ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में डॉ. अशोक कुमार शर्मा और उसका भाई जसराज एक क्लीनिक चलाते हैं।

### खटीमा में 200 महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण

**खटीमा :** ग्राम सभा नौगवांठगू और चंदेली में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की लगभग 200 महिलाओं ने तीन माह का कड़ा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को फैशन डिजाइनिंग (सिलाई) और मशरूम उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रोजेक्ट परियोजना विन्द्रा तिवारी और ट्रेनर मिथलेश राणा व रीता राणा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक डॉ. राणा ने कहा कि तीन माह का यह कौशल विकास प्रशिक्षण निश्चित रूप से महिलाओं के जीवनोपार्जन में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर ललिता राणा, भुवन जोशी, किशोर जोशी, बलदेव सिंह, महेश राणा और प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मजदूरों की हुंकार : नए लेबर कोड के खिलाफ संघर्ष का संकल्प

## सिडकुल चौक पर श्रमिकों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस, बोले-चार नए लेबर कोड्स आने से श्रमिकों के सार्वभौमिक अधिकार हुए खत्म

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विभिन्न मजदूर संगठनों ने सिडकुल चौक पर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। इस दौरान श्रमिकों ने मजदूरों के संघर्षों और हक अधिकारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रमिक नेताओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि चार नये लेबर कोड्स के लागू करने के बाद आठ घंटे के कार्यदिवस से श्रमिकों के सार्वभौमिक अधिकार खत्म हो गये हैं।

शुक्रवार को श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर सिडकुल चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीएसटीयू के महासचिव मुकुल ने कहा कि आठ घंटे का कार्य दिवस पूंजीवादी व्यवस्था की कोई सभ्यतागत देन नहीं था, बल्कि यह लगातार संघर्षों, बड़े उथल-पुथल और हे मार्केट शहीदों की सर्वोच्च कुर्बानी से हासिल किया गया अधिकार था। ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव केके बोरा ने कहा कि हम पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मना रहे हैं जो 1 अप्रैल से मोदी सरकार के नए लेबर कोड थोपे जाने के बाद आया है।

उन्होंने कहा कि नए लेबर कोड भारत के विशाल मजदूर वर्ग को एक कॉरपोरेट जंगलराज के हवाले कर रहे हैं। जहां मालिकों की तानाशाही को राज्य का पूरा संरक्षण हासिल है। इन लेबर कोड्स के आने के बाद आठ घंटे का कार्यदिवस के सार्वभौमिक अधिकार खत्म कर दिया गया है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव कैलाश भट्ट ने कहा हर इंसानी सभ्यता आजादी से जीना चाहती है। लेकिन फासीवादी राज में मजदूर वर्ग को कॉरपोरेट-पूंजीपतियों की गुलामी की ओर धकेला जा रहा है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता डीएस मेहता न कहा कि यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड की डबल इंजन की भाजपा सरकार फासीवादी मोदीराज के नक्शेकदम पर चलकर मजदूर आंदोलनों का दमन का रही है। सभी बैंक यूनियन के समीर रॉय, भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, कार्लोस के शिवदेव सिंह, सीटू जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह, इंटक के जिलाध्यक्ष जनार्दन सिंह, शंकर चक्रवर्ती, रविंद्र कौर, निरंजन लाल, ठाकुर सिंह, सौरभ, संदीप सिंह, हरीश मौर्या, सुब्रत विश्वास आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के श्रमिक मौजूद रहे।

इस दौरान सभी मजदूरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया।



सिडकुल चौक पर आयोजित सभा में मौजूद श्रमिक। ● अमृत विचार





कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता प्रमोद मित्तल व अन्य। ● अमृत विचार

### पंतनगर में मजदूर नेताओं की रिहाई की मांग

**पंतनगर :** इंकलाबी मजदूर केंद्र और ठेका मजदूर कल्याण समिति ने यूनियन कमेटी हाल में सभा कर मई दिवस के शहीदों की क्रांतिकारी विरासत को याद किया। उनके संघर्षों को आगे बढ़ाने, आठ घंटे कार्य दिवस, न्यूनतम वेतन बढ़ाने, नौकरी की सुरक्षा जैसी मांगों को लेकर मजदूरों के आंदोलन का समर्थन और मजदूर आंदोलन का दमन, फर्जी मुकदमे, गिरफ्तारी की निंदा, गिरफ्तार मजदूरों और मजदूर संगठनों के नेताओं को रिहा करने की मांग की। अंत में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से मई दिवस के शहीदों की क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाते हुए मजदूर वर्ग की वर्गीय एकता के आधार पर संगठित होकर फासिस्ट तानाशाह सरकारों से अधिकारों को हासिल करने और मजदूर वर्ग की समाजवादी व्यवस्था कायम करने के संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यहां राशिद, श्रवण कुमार अभिलाख सिंह, अर्जुन, रामप्रताप, चंद्र मनी, भरत, सुरेश, सतेंद्र, राजा यादव, रंजीत,पवन, सुभाष आदि मौजूद रहे।

### श्रमिक दिवस पर जनसेवा और श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर :** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर भाजपा नेता अधिवक्ता प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में गांधी पार्क के समीप एक भव्य जनसेवा एवं श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमिक वर्ग के सम्मान, उनके अथक परिश्रम एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हुए जरूरतमंद, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच भंडारा एवं मिष्ठान वितरण किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता अधिवक्ता मित्तल ने कहा कि मजदूर वर्ग हमारे समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। उनके श्रम, संघर्ष और समर्पण से ही विकास की नई इबारत लिखी जाती है। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना और उनके हितों के लिए कार्य करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। इस दौरान हरीश जैन, कुसुम जैन, अंकित अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को समाजसेवा को समर्पित करते हुए जरूरतमंदों के बीच भोजन एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती के संरक्षक कुशल अग्रवाल, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, सुनील पचौरी, नितिन अग्रवाल, अधिवक्ता दीपिका मित्तल, मनीष मित्तल, पूजा मित्तल, राजेश गुप्ता, जतिन अग्रवाल, ममता खाती, दीक्षा अधिकारी, जतिन अग्रवाल, डॉ. ओपी महाजन, कैलाश गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, शीला चौधरी, सरोज चौहान, साधू सिंह कार्की, रामकुमार यादव, राजेश गुप्ता, योगेश चौहान, अनंत विश्नोई, अशोक यादव, देवेंद्र शर्मा, वीरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बाजपुर में मजदूर दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर

बाजपुर : मजदूर दिवस के अवसर पर ग्राम लखनपुर स्थित श्रीराधाकृष्ण गौ सेवा सदन में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की सचिव ममता पंत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजय कुमार ने की। शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह दिवस श्रमिकों के संघर्ष और उनके योगदान के सम्मान का प्रतीक है। इस मौके पर संगीता, अलाउद्दीन और सुरेश कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा को जारी रहेगा संघर्ष

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस एक्शन एड एसोसिएशन ने महिला श्रमिकों के संघर्ष, अधिकार और न्याय का प्रतीक के रूप में मनाया। इस दौरान महिला श्रमिकों के लिए विशेष पहल पर जागरूकता रैली निकाली।

शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा मदनापुर और जगनपुरी के बुक्सा आदिम जनजाति क्षेत्र में महिला मजदूरों के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए एक्शन एड एसोसिएशन की हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि संघर्ष, अधिकार, सम्मान और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा श्रम से देश की अर्थव्यवस्था चलती है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस वर्ग के कंधों पर समाज टिका है, वही वर्ग अक्सर सबसे अधिक उपेक्षित, शोषित और असुरक्षित रहता है। उन्होंने मजदूरों की मौजूदा समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भी न्यूनतम वेतन का अभाव, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, सामाजिक सम्मान की कमी और असंगठित क्षेत्र में अस्थिर रोजगार जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। उमा पानू ने कहा महिला श्रमिकों के लिए विशेष पहल अनिवार्य है। उन्होंने मांग रखी कि महिला श्रमिक की सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम के अध्यक्षता गुड्डो देवी व संचालन धर्म सिंह ने किया। इस मौके पर समाजसेवी अनिल सिंह रौतेला,आरती, रुचि, कमला, राधा, ललिता, प्रिया रानी, अनिमा, अनीता, दीपा, रविंद्री, शिवानी, परमिला, सरिता, रेनू, शारदा, संगीता, रिंकी, बीना, जमुना, लीलावती, बिधा, तारा, संजना, गीता, बिरवाती, सुमलो, झनको देवी, रामवती, पूजा देवी, बसंती, सीमा, कलावती, पुष्पा देवी, सुनील सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।





दिनेशपुर में रैली निकालतीं एक्शन एड एसोसिएशन की श्रमिक महिलाएं।

# डायनेस्टी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रमिक दिवस

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में शुक्रवार को श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के श्रमिकों को सम्मानित किया गया। श्रमिकों के सहयोग व परिश्रम को लेकर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगों को समर्पित है। देश के विकास में ऐसा कोई निर्माण नहीं है जिसमें श्रमिक वर्ग के परिश्रम का योगदान न हो। इस दौरान श्रमिकों को मिष्ठान वितरित किया गया और सम्मानित किया गया।



डायनेस्टी स्कूल में श्रमिकों को सम्मानित करतीं डायरेक्टर प्रेमा भट्ट। ● अमृत विचार

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, गिरीश जोशी, अशोक जोशी, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, केशव जोशी, भरत बिष्ट, देवकी रावत, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, बसंत रावत, चामू दानू, किरन खर्कवाल आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला में धधकी आग, तीन मवेशियों की मौत

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** गौशाला में मवेशियों को मच्छरों से बचाने के लिए जलाए कंडे की चिंगारी ने विकराल आग का रूप ले लिया। हादसे में तीन मवेशियों की दम घुटने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

गांव बगौरी की प्रधान नसीमा बेगम परिवार के साथ बेगम रॉयल गार्डन के पास बने आवास पर रहती हैं। रात में अचानक गौशाला से दुआ उठता देखा तो उन्हें आग लगने की खबर हुई। जिसके बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। सभी आग बुझाने के प्रयास में गौशाला की ओर भागे। लेकिन तब तक आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया था। वहीं, हादसे में तीन मवेशियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मवेशियों को मच्छर से बचाने के लिए गौशाला में कंडा जलाया था। रात में तेज हवा चलने से गौशाला में आसपास रखा भूसा और कृषि कार्य में प्रयुक्त दवाइयां इसकी चपेट में आ गया। इससे आग धधक उठी।

आग लगने से गौशाला में बंधा मवेशी बाहर नहीं निकल सकें और धुएं के कारण उनका दम घुट गया। हादसें में तीन मवेशियों की मौत हो गई। जबकि, एक मवेशी सकुशल बाहर निकल आया। इससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर, प्रधान पति मोहम्मद अली ने बताया कि करीब पांच लाख का सामान जलकर राख हो गया। वहीं, अग्निशमन अधिकारी दुर्गा सिंह भंडारी ने बताया कि आगजनी की सूचना पर नवीन मंडी स्थल, सितारगंज से फायर यूनिट की एक टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने आग पर काबू पाया। टीम में एलएफएम राज बिष्ट, एफएम कुंदन गिरी, दिनेश कापड़ी, दिनेश नाथ और डीवीआर लक्ष्मी दत्त आदि शामिल रहे।



आग लगने से जला गौशाला का सामान। ● अमृत विचार

# उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था को लेकर असंतोष

संवाददाता सितारगंज/शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** सहकारी समितियों में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस संबंध में बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समितियों के संचालक मंडल एवं शक्तिफार्म भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है।

शुक्रवार को समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को प्रति एकड़ एक कट्टा अथवा अधिकतम पांच कट्टा यूरिया वितरण करने का प्रावधान लागू किया गया है। जबकि, क्षेत्र में अधिकांश किसान दीर्घ जोत वाले हैं। जिनकी आवश्यकता निर्धारित सीमा से कई अधिक है। इससे किसानों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इधर, शक्तिफार्म भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने प्रति एकड़ तीन कट्टा और प्रति हेक्टेयर चार कट्टा यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है।

वहीं, समिति पदाधिकारियों ने मंत्री बहुगुणा से उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था में बदलाव कर पहले की तरह किसानों की आवश्यकता अनुसार उर्वरक वितरण कराने की मांग की है। ताकि, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो और कृषि कार्य प्रभावित न हो। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, संजय बाछाड़, सौरभ अरोरा, केपी मंडल, कार्तिक राय, राजा हालदार, राम भरोसे राणा, भीष्म नारायण, गुरलाल सिंह आदि मौजूद रहे।





सितारगंज में मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विद्यार्थी अनुशासन और नवाचार से बनाएं भविष्य

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने गांधी हॉल में छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका साझा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के बाद विद्यार्थियों के भविष्य की जिम्मेदारी कुलपति की होती है, अत: उन्हें तनावमुक्त होकर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रो. कश्यप ने व्यक्तिगत अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों को सफलता का आधार बताया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और प्रयोगशालाओं के भ्रमण के माध्यम से नवाचार की प्रवृत्ति विकसित करें। उन्होंने आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर दूसरे वर्ष से ही प्रोजेक्ट वर्क शुरू करने पर जोर दिया।

**खुली नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धापला में पुराने पंचायत भवन, जिस सक्षम अधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण योग्य घोषित किया जा चुका है, भवन के मलबे (ईट, पत्थर, लकड़ी, लोहा आदि) की खुली नीलामी दिनांक 04-05-2026 को समय 11:00 बजे पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत, धापला
विकास खण्ड कोटाबाग (नैनीताल)

खोज | सीमैप के वैज्ञानिकों ने सगंध पौधों से बनाया हर्बल फार्मुलेशन, बाजारों में उपलब्ध उत्पाद

# बिना दुष्प्रभाव त्वचा की देखभाल करेगी 'क्रैकनिल'

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के वैज्ञानिकों ने औषधीय व सगंध पौधों से एंटी-क्रेक क्रीम 'क्रैकनिल' बनाई है। हर्बल फॉर्मूलेशन आधारित क्रैकनिल एक प्रभावी एंटी-क्रैक क्रीम है। जो एड़ियों की दरारें, हाथों की खुरदरी त्वचा, रूखी त्वचा या इसी तरह की अन्य समस्याओं को ठीक करने में कारगर है। यह सामान्य फफूंद रोगजनकों के खिलाफ भी सक्रिय रहती है।

सीमैप के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आरके उपाध्याय ने बताया कि जैविक रूप से सक्रिय अणुओं की खोज में किए गए शोध से यह हर्बल फार्मुलेशन तैयार किया गया है। जिससे बनी यह क्रीम पौधों से प्राप्त सक्रिय अवयवों से शुष्क त्वचा को मुलायम और नमीयुक्त बनाती है। यह सभी आयु वर्गों के लिए उपयुक्त, उपयोग करने में सुरक्षित और इसका त्वचा पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। बताया कि यह क्रीम हल्की-फुल्की दरारे तीन दिन में, मॉडरेट दरारे सात दिन और गहरी व गंभीर दरारें 10 दिन के अंदर भर देती है। बताया कि यह फार्मुलेशन सामान्य रूप से पाए जाने वाले फफूंद रोग जनकों के खिलाफ अच्छी जीवाणुरोधी गतिविधि रखता है। यह रूखी और बेजान त्वचा को संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है और गंभीर दरारों को भी ठीक करता है। यह एंटी माइक्रोबियल है, जिसमें कैंडिडा एल्बिकेंस, ऐस्पर्जिलस फ्लेवस और ऐस्पर्जिलस नाइगर जैसे तत्व पाए जाते हैं। इस तकनीक को व्यावसायिक उपयोग के लिए हस्तांतरित कर दिया गया है, जिसके उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं।



सीमैप से विकसित क्रैकनिल क्रीम दिखाते डॉ. आरके उपाध्याय।

### इन सामग्रियों का किया गया उपयोग

**पंतनगर :** डॉ. उपाध्याय ने बताया कि यह फार्मूला पर्यावरण के अनुकूल है और इससे पर्यावरण या स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है। इसमें मुख्य रूप से उपयोग की गई कच्ची सामग्री में पौधों के अर्क और आवश्यक एसेशियल तेल शामिल हैं। जिनमें मोम आधार के रूप में प्रयोग किया गया है। इसे बनाने में लगभग 400-450 रुपये प्रति किग्रा तक खर्च आता है।

# बैंक कर्मचारी के घर से 17 लाख के जेवर उड़ाए

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम बरा में अज्ञात चोरों ने एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए बैंक कर्मचारी के घर से करीब 17 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि घटना के समय पूरा परिवार घर में ही सो रहा था, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बरा निवासी बैंक कर्मचारी ओमकार के घर में दो प्रवेश द्वार हैं। बीती रात परिवार के सदस्य पूर्वी दिशा के कमरों और आंगन में सो रहे थे। चोरों ने पश्चिमी दिशा के दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गए। उन्होंने कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 7 तोला सोना, 1 किलो चांदी, दो डायमंड रिंग और 40 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

सुबह जब परिजनों की आंख खुली, तब अस्त-व्यस्त सामान देख उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही बरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश भट्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## ब्रीफ न्यूज

### 11.51 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर :** आवास विकास पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक स्मैक सौदागर को गिरफ्तार कर स्मैक की खेप भी बरामद की है। पुलिस ने एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 30 अप्रैल की शाम को चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच शिव नगर तिराहा के पास दो युवक एक बाइक सवार के साथ धक्का मुक्की करते हुए हाथापाई कर रहे थे। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगे और पुलिस ने घेराबंदी कर युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुमित कुमार निवासी ठाकुर नगर थाना ट्रांजिट कैंप बताया, जबकि फरार युवक का नाम महादेव है। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 11.52 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई है। पूछताछ में बताया कि फरार अभियुक्त महादेव की सीमावर्ती इलाकों से स्मैक लाकर देता है और वह महंगे दामों पर युवकों को मुहैया कराता है।

### तीन घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**सितारगंज :** ऊर्जा निगम और सतर्कता दल की संयुक्त टीम ने तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। वहीं, मामले में एसडीओ ने तीनों आरोपी उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। ऊर्जा निगम और सतर्कता दल की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने शक्तिफार्म के गांव निर्मलनगर निवासी बिमल पुत्र मांदार, कुशमौठ निवासी बलविंदर सिंह और स्वर्ण सिंह को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने बिजली चोरी में इस्तेमाल केबल को भी कब्जे में लेकर सील कर दिया। वहीं, मामले में एसडीओ हर्षित जायसवाल ने तीनों आरोपी उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### दो दिन में हुई 49.9 मिलीमीटर बारिश

**रुद्रपुर :** तराई में पिछले तीन दिन से हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट आयी है। बारिश के चलते तराई का अधिकतम तापमान भी 31.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबकि विगत दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। वहीं पिछले दो दिन में हुई 49.9 मिलीमीटर बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दो-तीन आंधी-तूफान, बिजली गिरने, तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई है। यहां बता दें कि तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप निकल रही है। वहीं बुधवार की सुबह 3.2 मिलीमीटर और गुरुवार की देर सायं तेज आंधी और 4.6 मिलीमीटर बारिश होने से तापमान में गिरावट आयी है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# मोबाइल मांगा फिर चाकू से किया हमला

संवाददाता, रुद्रपुर


घायल सुमित।

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर इलाके में एक युवक पर धारदार चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक युवक आया और मोबाइल मांगा। जब मोबाइल दिया तो हमलावर ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार टा कॉलोनी पंतनगर निवासी सुमित वामन गुरुवार की रात्रि अपने दोस्त से मिलने झा कालोनी की ओर जा रहा था। तभी मार्ग में उसे एक युवक मिला। संदिग्ध युवक ने कहा कि उसे एक आपात कॉल करनी है और वह अपना मोबाइल दे दे। युवक की बात सुनकर सुमित ने जब मोबाइल निकालकर युवक को थमाया तो संदिग्ध ने पहले लोहे की राड से हमला कर दिया और जमीन पर गिरते ही उस पर धारदार चाकू निकालकर हमला शुरू कर दिया।

खुद को बचाते हुए युवक हाथ आगे कर चाकू का प्रहार रोकता रहा और चीख पुकार मचाकर लोगों को एकत्रित करने की कोशिश करता रहा। लोगों को आता देख हमलावर फरार हो गए। घायल को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। युवक का कहना था कि हमलावर उसे जान से मारना चाहता था और वह गले पर वार करने का प्रयास कर रहा था।

### अवैध वसूली का है मामला, फिर मचा घमासान, शिकायतकर्ता राम सिंह ने भेजी थी वसूली की रकम

# भाजपा एससी मोर्चा महामंत्री का मैसेज हुआ वायरल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जहां एक ओर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के करीबी पर ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल रखा है। वहीं खुद को पाक साफ बताते वाले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री की अवैध वसूली के प्रमाण भी सोशल मीडिया पर वायरल होने शुरू हो गए। जिसमें खुद शिकायतकर्ता ने भाजपा नेता को रकम भेजी और भाजपा नेता जवाब में पुलिस यातायात निरीक्षक का नाम लेकर पेमेंट देने का मैसेज रहे हैं। मैसेज वायरल होते ही एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में भूचाल सा आ गया।

यहां बता दें कि अप्रैल में ट्रक संचालक राम सिंह ने भाजपा अनुसूचित जाति के जिला महामंत्री विकास सागर पर ओवरलोड भारी वाहनों से अवैध वसूली करने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। आरोप था कि भाजपा नेता बिना किसी रोक टोक के ओवरलोड वाहनों की आवाजाही करने की एवज में प्रतिमाह 77 हजार रुपये लेता था। जब उसका ट्रक पुलिस ने पकड़ तो भाजपा नेता ने मामला रफा दफा करने की एवज में 77 हजार रुपये की दोबारा वसूली भी की, जबकि प्रतिमाह वह रकम देता था। मामला तूल पकड़ते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की एंट्री हुई। ठुकराल ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए भाजपा नेता पर एक नहीं, बल्कि 200 ओवरलोड भारी वाहनों से अवैध वसूली करने का आरोप मढ़ दिया। आरोप था कि भाजपा नेता स्थानीय जनप्रतिनिधि के संरक्षण में वसूली की रकम अपने खातों में लेता है और फिर करोड़ों की रकम का बंदरबांट होता है। जिसमें पुलिस की सांठगांठ भी सामने आई है। मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेता का मैसेज वायरल होता है। जिसमें वह शिकायतकर्ता को नसीहत दे रहा है कि 10 तारीख से पैसा खाते में नहीं आया तो वाहनों का संचालन करना संभव नहीं है। साथ ही भाजपा नेता यह भी सजग कर रहा है कि एक यातायात निरीक्षक रोज चैकिंग करेगा और ट्रक सीज कर देगा। लंबे मैसेज के बाद शिकायतकर्ता ने थोड़ा-थोड़ा पेमेंट भी दिया और आखिरी में भाजपा नेता का जवाब यह था कि ऐसे काम नहीं चलेगा। तुम खुद ही अपना मामला देख लो। मैसेज वायरल होते ही शहर की राजनीति गरमा गई और कांग्रेस नेता ठुकराल भी पलटवार करने को सक्रिय हो गए।

#### जल्द करेंगे बड़ा खुलासाः ठुकराल

**रुद्रपुर :** भाजपा नेता के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि वह कई दिनों से अवैध वसूली को लेकर शिकायत कर रहे हैं। साथ ही ठोस सबूत भी पेश किये हैं। बावजूद पुलिस मुकदमा कायम नहीं कर रही है। 16 अप्रैल को शिकायती पत्र देने के बाद भी जांच तक शुरू नहीं हुई। इससे साफ है कि पुलिस भी मिली हुई है। यही कारण है कि भाजपा नेता खुलेआम अवैध वसूली हो रही है। अधिकारी चुप्पी साधे हुए है और ओवरलोड वाहन खूनी वाहन बन चुके हैं। उन्होंने ऐलान किया है कि यदि पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो कोतवाली के सामने धरना होगा। खाकी को बेदाग रखने के लिए पुलिस अपनी सक्रियता निभाए।

#### भाजपा नेता बोला-मुझे फंसाना चाहते हैं ठुकराल

**रुद्रपुर :** भाजपा अनुसूचित जाति के जिला महामंत्री विकास सागर का कहना था कि पूर्व विधायक ठुकराल मुझे साजिशन फंसाना चाहते हैं। क्या ऑनलाइन पेमेंट आना केवल अवैध वसूली हो सकती है। किसी से कारोबार का पैसा भी हो सकता है। कारण कांग्रेस नेत्री के खिलाफ अशोभनीय ऑडियो प्रकरण में वह गवाह है और उनके द्वारा ही ठुकराल के खिलाफ मोर्चा खोला था तो ठुकराल रंजिश रखने लगे हैं और वह हर जांच के लिए तैयार है। तंज कसा कि ठुकराल हमेशा झूठ बोलते हैं और किसी न किसी को फंसाने की कोशिश करते रहते हैं।

# श्याम कृपा महोत्सव की पूर्व संध्या पर रुद्रपुर में निकली निशान यात्रा

### रंग-बिरंगे निशानों से वातावरण भक्तिमय, संकीर्तन में भजन गायक करेंगे धमाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जनपद मुख्यालय रुद्रपुर में श्रीश्याम कृपा महोत्सव के शुभारंभ पर श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित विशाल निशान यात्रा ने पूरे शहर को ''श्याम रंग'' में सराबोर कर दिया। हज़ारों की संख्या में जुटे श्याम प्रेमियों के जयकारों और हाथों में लहराते रंग-बिरंगे निशानों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

शुक्रवार दोपहर को शहर के फुटबॉल मैदान के पास हज़ारों श्रद्धालु एकत्र हुए। चामुंडा मंदिर में विधि-विधान से पूजन के पश्चात निशान यात्रा का शंखनाद हुआ। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, भक्तों का हुजूम बढ़ता गया। भक्ति संगीत की धुनों पर थिरकते श्रद्धालु और ''हारे के सहारे की जय'' के नारों ने शहर के कोने-कोने तक बाबा श्याम का संदेश पहुंचाया।


रुद्रपुर में निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों शिवनगर, किच्छा बाईपास, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क और मुख्य बाजार से होते हुए गुजरी। यात्रा का मुख्य आकर्षण महाकाल बैंड की भव्य प्रस्तुतियाँ और बाबा श्याम का दिव्य रथ रहा, जिसे फूलों और रोशनी से अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। अंत में यात्रा गल्ला मंडी स्थित श्याम खाटू मंदिर पहुँची, जहाँ आरती के पश्चात इसे शिव नगर स्थित मुख्य संकीर्तन स्थल पर विश्राम दिया गया।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि शनिवार की शाम को महोत्सव का मुख्य आकर्षण ''विशाल श्याम संकीर्तन'' आयोजित होगा। इसके लिए एक भव्य दरबार सजाया गया है, जहाँ देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस आध्यात्मिक आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है।

इस अवसर पर महंत सोमनाथ, महंत अशोक नाथ, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुशील गाबा, संजय ठुकराल, पार्षद शुभम दास, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता और हिमांशु मारवाड़ी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नगरा तराई और लोहियाहेड हेलीपैड पर मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं समस्याएं

● नवीन बोरा के पिता के निधन पर परिवार से मिले धामी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान अपने निजी आवास नगला तराई और लोहियाहेड हेलीपैड पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और छोटे की जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता के साथ हल करें।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री धामी ने नगला तराई में स्व. मदन सिंह धामी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। बाद में मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा नेता नवीन बोरा, गोपाल बोरा के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। उन्होंने बीते दिनों उनके पिता मान सिंह बोरा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिला अध्यक्ष कमल जिन्दल, सतीश भट्ट, अमित पांडे, देवेंद्र चंद, गंभीर सिंह धामी, भवानी भंडारी, आनंद मोहन रतूड़ी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।


लोहियाहेड हेलीपैड पर लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

#### आंगनबाड़ी वर्करों की समस्याओं से कराया अवगत

**किच्छा :** भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांग सहित क्षेत्र के अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। भाजपा नेता सिंह ने लोहिया हेड स्थित कैंप कार्यालय पर सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट की और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विगत कई दिनों से किच्छा में आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। विगत दिनों भाजपा नेता सिंह ने आंगनवाड़ी वर्करों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना था और आंगनबाड़ी वर्करों ने एक मांग पत्र भाजपा नेता संजीव सिंह को सौपा था। उसी मांग पत्र को लेकर भाजपा नेता सिंह ने व्यक्तिगत रूप से सीएम धामी से मुलाकात कर मांगों पर शीघ्र विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सीएम धामी ने उनकी बात को गंभीरता से सुनते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मदरसों के आधुनिकीकरण से संवरेगा भविष्य

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों के आधुनिकीकरण के प्रयास और अल्पसंख्यक युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होंगे। खटीमा प्रवास के दौरान लोनिवि के विश्राम गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोर्ड अध्यक्ष कासमी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मदरसा शिक्षा प्राधिकरण की स्थापना से राज्य के मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा पारंपरिक शिक्षा को समाप्त करने की नहीं, बल्कि उसे आधुनिक विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के साथ समन्वय स्थापित करने की है। उन्होंने कहा कि जब मदरसा छात्र आधुनिक विषयों और राष्ट्रीय शिक्षा मानकों के साथ पढ़ाई करेंगे, तभी वे आज के प्रतिस्पर्धी युग में समान अवसर प्राप्त कर सकेंगे। समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर बोलते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने इसे एक प्रगतिशील और समावेशी कदम बताया। यह व्यवस्था पूरी तरह से संवैधानिक मूल्यों पर आधारित है जो विभिन्न समुदायों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने का काम करती है। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। मौके पर 15 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य तारीख मलिक, अनवर अहमद, जावेद राजा आदि मौजूद रहे।


प्रेस वार्ता करते उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी।

# कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से रोष

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके लेकर व्यापारियों ने शनिवार को इंडेन गैस एजेंसी के समक्ष थाली बजाकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आक्रोशित व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में वृद्धि से छोटे और मध्यमवर्गीय कारोबारियों पर इसका काफी असर पड़ेगा। वहीं व्यापारियों ने 5 किलो वाले छोटू सिलेंडर में 261 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर भी चिंता जताई है।


संजय जुनेजा

शुक्रवार को कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में वृद्धि के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि विगत दिनों आम जनता गैस सिलेंडर की किल्लत से परेशान से अब कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 993 रुपये बढ़ा दिए हैं। यह बढ़ोतरी व्यापारियों के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। इसका सीधा असर छोटे व मध्यम वर्गीय कारोबारियों पर पड़ेगा, आम उपभोक्ता को भी खाने-पीने की चीजों में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट, चाट-टिक्की के ठेले जैसे छोटे व्यवसाय इस बढ़ोतरी के कारण बंदी के कगार पर पहुंच सकते हैं। पहले से ही बढ़ती महंगाई और घटती आमदनी के बीच व्यापारियों के लिए खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में गैस सिलेंडर की कीमतों में इतनी बड़ी वृद्धि ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

#### सिलेंडर महंगा होने से बढ़ेगी महंगाईः अनुपम

**काशीपुर :** भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए एआईसीसी सदस्य और कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने कहा कि प्रदेश में घोषणाएं सिर्फ कागजी कार्रवाई में सिमट कर रह गई हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एकाएक करीब एक हजार की वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी। जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है। अब बाजार में खान पान सब महंगा हो जाएगा। पांच राज्यों में चुनाव निपटने के तुरंत बाद गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से साफ है कि सरकार की मंशा आम जनता के हित में नहीं है। धरातल पर भाजपा सरकार जनता से छलावा कर रही है। बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, शिलान्यास होते हैं लेकिन काम पूरा नहीं होता।

# नवोदय की शिक्षिका से ठगे 1.99 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नवोदय विद्यालय की एक शिक्षिका से लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शिक्षिका का मोबाइल रिचार्ज नहीं हुआ तो उसने सिम कंपनी कस्टमर केयर से संपर्क किया था और साइबर ठगी का शिकार हुई। साइबर क्राइम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से मालती मंदिर आडुर पतन मट्टा केरल की रहने वाली श्रीदेवी राम रुद्रपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में मलयालम की शिक्षिका के पद पर तैनात है और विद्यालय में बने आवास में ही रहती है। बताया कि 15 अप्रैल को उसने अपना तीन माह का मोबाइल 899 रुपये में रिचार्ज कराया। जब रिचार्ज सफल नहीं हुआ तो उसने सिम कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क किया। 18 अप्रैल की रात्रि 8 बजे मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताता है। इसके बाद कॉल द्वारा बताए आदेशों का शिक्षिका पालन करती रही। अचानक मोबाइल पर नकद निकासी का मैसेज आने लगा। जब खाता चेक किया तो खाते से ऑनलाइन 1.99 लाख रुपये निकाले जा चुके थे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साइबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अपराध

### दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, खाता दो-मोटा कमीशन लो के लालच में बने साइबर ठगों के मोहरें

# बैंक खाता रेंट पर देने वाले पांच युवक गिरफ्तार

संवाददाता,दिनेशपुर

**अमृत विचारः** खाता दो और मोटा कमीशन कमाओ के काले कारोबार के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच स्थानीय युवकों को गिरफ्तार किया है। चंद हजार रुपयों के लालच में युवक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों के मोहरे बन गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य सरगना अब खुद सामने आने के बजाय बेरोजगार और भोले-भाले युवाओं को निशाना बना रहे हैं। ठग युवाओं को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते हैं। इसके बाद देशभर में ठगी गई करोड़ों की रकम इन्हीं खातों में मंगवाई जाती है। जब पुलिस जांच करती है तो मुख्य अपराधी पर्दे के पीछे सुरक्षित रहता है।जबकि कानूनी शिकंजे में वह युवा फंसता है जिसके नाम पर बैंक खाता होता है। ऐसे युवाओं को 'मनी म्यूल' कहा जाता है और यह एक संगीन अपराध है। दिल्ली पुलिस की टीम ने जब दिनेशपुर में दबिश देकर पांचों युवकों को हिरासत में लिया तो पूरा इलाका दहल उठा। परिजनों को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके बच्चे साइबर ठगी के रैकेट का हिस्सा बन गए है।


दिनेशपुर से गिरफ्तार युवकों ले जाती दिल्ली पुलिस। ● अमृत विचार

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, अपने बच्चों की निगरानी करें, उनसे बात करें और उन्हें इस डिजिटल दलदल से बचाएं। दोस्त के कहने पर अपना बैंक खाता, सिम कार्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें।

दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से समीर बाछाड़ निवासी सुंदरपुर, राज बाछाड़ निवासी विजयनगर, रोहित राय निवासी वार्ड नंबर- 9 रोहित मिस्त्री निवासी मोहनपुर नंबर- 2, हरीश सरकार निवासी मोहनपुर नंबर- 2 को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। पुलिस ने बताया कि मामले में फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज खंगाले जा रहे हैं। मुख्य सरगना तक पहुंचने के लिए गिरफ्तार युवकों से पूछताछ जारी है।

## बंगाली समाज को आरक्षण की मांग

**सितारगंजः** ऊधमसिंह नगर में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बंगाली समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग तेज हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश गंगवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर इन समुदायों के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण की मांग उठाई है।

डॉ. गंगवार ने तर्क दिया कि जनपद में ओबीसी वर्ग की बड़ी आबादी होने के बावजूद राजनीतिक प्रतिनिधित्व नगण्य है। जिले के नौ विधायकों में से एक भी पिछड़ी जाति से नहीं है। उन्होंने सितारगंज, रुद्रपुर और दिनेशपुर में बसे बंगाली समाज का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस समाज को शैक्षिक व सामाजिक आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए। उन्हें तत्काल ओबीसी श्रेणी में शामिल किया जाए।

# ऑक्सफोर्ड में स्पोर्ट्स एकेडमी शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रुद्रपुर स्थित द ऑक्सफोर्ड अकादमी में स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की और विद्यालय के संरक्षक रोहताश बत्रा ने फीता काटकर किया।

शुक्रवार को स्पोर्ट्स एकेडमी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के समुचित विकास के लिए खेल भी जरूरी हैं। एकेडमी के खुलने से लोगों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। विद्यालय के संरक्षक रोहताश बत्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यार्जन के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक विकास के अवसर प्राप्त होंगे।


स्पोर्ट्स एकेडमी का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि एकेडमी में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, बॉक्सिंग आदि खेल शामिल किए गए हैं। इस दौरान बॉक्सिंग कोच सीके जोशी के सानिध्य में विद्यार्थियों ने नेशनल व इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैम्पियन में गोल्ड मेडल हासिल किया उनका भी आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य वैभव बत्रा, मितिका बत्रा, सुरेंद्र मिड्ढा, अमित जिंदल, प्रीती पपनेजा आदि उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### यूपी सीमा पर वन कर्मी चला रहे चेकिंग अभियान

**काशीपुर :** यूपी सीमा से लगे जंगलों में शिकारियों के घुसने की आशंका को देखते हुए यूपी बॉर्डर के पास वन कर्मियों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। काशीपुर से लेकर जसपुर, बाजपुर क्षेत्र का यूपी बॉर्डर से लगा हुआ है। यहां जंगलों में शिकारियों के घुसने की संभावना रहती है। इसको देखते हुए तराई पश्चिमी वन प्रभाग ने वन कर्मियों को जंगल में गश्त करने और संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### सड़क के लिए 70 लाख का बजट स्वीकृत

**काशीपुर :** मेरा गांव, मेरी सड़क योजना के तहत गांव धीमरखेड़ा से लेकर बरखेड़ा पांडे तक एक किमी की सड़क बनाई जा रही है। खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि काशीपुर विकासखंड के अंतर्गत धीमरखेड़ा और बरखेड़ा पांडे की सड़क खस्ताहाल है। मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत इन दोनों गांवों के बीच की सड़क को बनाया जा रहा है। इसके लिए 70 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हो गया है। जल्द ही सड़क निर्माण शुरू होगा।

### बुद्ध पूर्णिमा पर यज्ञ हुआ

**काशीपुर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्वव्यापी 'घर-घर गायत्री यज्ञ एवं उपासना अभियान' का आयोजन किया गया। टीचर्स कॉलोनी और सुदामा पुरी में सामूहिक गायत्री यज्ञ का आयोजन कर अभियान को सफल बनाया गया।

# वन विभाग की मनमानी के खिलाफ धरने पर डटे ग्रामीण

## दूसरे दिन भी ग्राम जुड़का के ग्रामीणों का जारी रहा प्रदर्शन



काशीपुर के ग्राम जुड़का में धरने के दौरान प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** ग्राम जुड़का में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तहत ग्रामीण आंदोलनरत हैं और वन विभाग की मनमानी के खिलाफ एकजुट होकर धरना दे रहे हैं।

रामनगर रेंज के जुड़का बीट पर गांधीनगर खत्ता में वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन किया जाना है। कोर्ट के आदेश पर वन विभाग की टीम ने दिसंबर माह में वन भूमि को कब्जे में लेकर तारबाड़ की थी। तारबाड़ के समय मौके पर कुछ ग्रामीणों ने गेहूं की फसल बोई हुई थी। तब ग्रामीणों के आग्रह पर वन विभाग ने भूमि को फसल कटाई तक छोड़ दिया था। 28 अप्रैल को वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि पर प्लांटेशन करने पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा था। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष ने बताया कि ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट डाली है। जब तक ग्रामीणों को जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिलता तब तक ग्रामीण धरना देंगे। बताया कि आज डीएफओ से वार्ता करने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन वह किसी कार्य के लिये क्षेत्र से बाहर गये हुए थे। लिहाजा शनिवार को इस मामले में डीएफओ से वार्ता कर आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

इस मौके पर बीडीसी संतोष कुमार, होशियार सिंह, मोहन सिंह, बलवीर राम सिंह, संजय कुमार, सुंदर कुमार, पूरन सिंह, खेम सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## किशोर के साथ मारपीट कर कुकर्म का प्रयास

**काशीपुरः** एक व्यक्ति ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर रंजिशन उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसके साथ कुकर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने कुंडा कोतवाली को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि उसका नाबालिग बेटा काशीपुर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ता है। पिता ने कहा कि रामगोपाल सिंह, रामपाल सिंह, रिंकू, अर्जुन सिंह, हेमराज सिंह, संजय, अरुण, अमन, अरविन्द आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और पूर्व में कई मामले चल रहे हैं। आरोप लगाया कि यह उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। बताया कि बीती 27 अप्रैल को उसका नाबालिग बेटा रात लगभग पौने नौ बजे कहीं जा रहा था। इस दौरान घात लगाये पहले से बैठे रामगोपाल सिंह, रामपाल सिंह, रिंकू, अर्जुन, हेमराज, संजय, अरुण, अमन, अरविंद व 3-4 अन्य अज्ञात लोग उसके बेटे के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसके बेटे को जबरदस्ती बाइक पर बैठा कर ले जाने लगे। शोर-शराबा होने और उसके बेटे के विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने उसके बेटे को लोहे की रॉड और बेल्ट से बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसके बेटे के साथ कुकर्म का प्रयास किया गया।

# काशीपुर को काशी की तरह चमकाएंगे : बाली



मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते काशीपुर मेयर दीपक बाली। ● अमृत विचार

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** महापौर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री आवास पर काशीपुर नगर निगम में शामिल किए गए नए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए राज्य सरकार से शहरी अवसंरचना विकास निधि से 23 करोड़ 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक मांग पत्र सौंपा। जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति देकर शहरी विकास निदेशक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं।

महापौर दीपक बाली द्वारा दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2018 में नगर निगम काशीपुर के विस्तार के बाद 8,546 हेक्टेयर क्षेत्र के लगभग 40 गांव 20 नए वार्डों के रूप में निगम सीमा में शामिल किए गए थे। इन क्षेत्रों को भी विकास से जोड़ने में अभी भी आधारभूत सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और पेयजल की कमी बनी हुई है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीमित संसाधनों के चलते बीते वर्षों में विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हो सके। इसलिए अब नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके लिए 23 करोड़ 44 लाख रुपये की धनराशि की आवश्यकता है जिसे शीघ्र से शीघ्र स्वीकृत किया जाए, ताकि उक्त क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू हो सके। महापौर दीपक बाली ने बताया कि मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए शहरी विकास विभाग के निदेशक को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित भी कर दिया।

## युवक से मारपीट कर अपहरण करने का प्रयास

- आरोपियों ने चाकू व डंडे से हमला कर युवक को घायल कर दिया

**काशीपुरः** एक युवक ने तीन युवकों पर उसके साथ मारपीट कर अपहरण का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

रॉयल इन्क्लेव निवासी कुनाल चौधरी ने पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि बीती 29 अप्रैल की दोपहर के लगभग साढ़े बारह बजे वह पॉलीटेक्निक संस्थान किसी काम से गया था। इसी दौरान वहां पर चेलू, इस्मित और एक अज्ञात लड़का ऑल्टो कार से आये और आकर कार को उसकी बाइक के पीछे लगा दिया। काफी दूरी तक पीछा करने के बाद चेलू ने अपनी कार उसकी बाइक के आगे लगाकर उसको रोक लिया। चेलू, इस्मित उसे जबरदस्ती कार में बैठाने लगे। जब उसने विरोध किया, तो उक्त युवकों ने चाकू व डंडे से हमला कर उसको घायल कर दिया। शोर मचाने पर वहां मौजूद व्यक्तियों ने उसे बचाया। बाद में आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कमेटी के नाम पर मुनाफे का झांसा देकर 78 लाख की ठगी

- पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर की कार्रवाई की मांग

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** एक व्यक्ति कई लोगों को लाखों रुपये ठग कर फरार हो गया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

आर्य नगर निवासी गौरव अरोरा ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि उसके साथी भूप सिंह निवासी ग्राम बघेलेवाला, विनोद अरोरा निवासी टांडा उज्जैन की वर्ष 2023 में शुगर फैक्ट्री खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक व्यक्ति से उनकी मुलाकात डॉक्टर लैन स्थित एक दुकान पर हुई थी। तब उस व्यक्ति ने बताया कि उसकी खुद की बैंक कंपनी है, जो सरकार से मान्यता प्राप्त है। वह कमेटी व्यवसाय का कार्य करता है। वह कमेटी के माध्यम से निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाता है। गौरव ने बताया उस व्यक्ति के झांसे में आकर दिसंबर 2023 से अगस्त 2024 तक कई बार में नगद एक लाख 7 हजार रुपये उसको दे दिए। जबकि भूप सिंह ने नवंबर 2023 से मार्च 2024 तक साढ़े सात लाख रुपये और विनोद अरोरा ने नगद व बैंक के माध्यम से साढ़े पांच लाख रुपये उसको दे दिए। इसके अलावा मोहल्ला कटरामालियान निवासी शिवम अरोरा समेत कई लोगों ने अलग-अलग समय पर 78 लाख 46 हजार रुपये आरोपी व्यक्ति को सौंप दिए। काफी समय बीतने के बाद जब न कोई मुनाफा मिला और न ही मूलधन वापस हुआ, तब शक हुआ। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी के पास किसी भी प्रकार की कोई बैंक कंपनी नहीं है और पूरा मामला फर्जीवाड़े का है। इसके बाद जब पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगने शुरू किए तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ितों का कहना है कि वह लगातार अपने रुपये के लिए आरोपी से मांग कर रहे हैं, लेकिन वह उन्हें टाल देता है। पीड़ितों ने पुलिस में तहरीर सौंपकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने जांच कर मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## नवजात का शव मिलने से हड़कंप

**काशीपुरः** रेलवे किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिये भेजा है। शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे प्रिया मॉल के पीछे रेलवे ट्रैक किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी व कटोराताल चौकी प्रभारी कौशल भाकुनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस नवजात के शव को पोस्टमार्टम हाउस लेकर पहुंची। यहां पंचनामा भरकर शव को फॉरेंसिक जांच के लिए हल्द्वानी भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# छोटी बीमारियों को नजर अंदाज न करें

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** विश्व मजदूर दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

रामनगर रोड स्थित काशी विश्वनाथ टैक्सटाइल मिल लि. में विश्व मजदूर दिवस पर एसपीएनजी और कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाली ने आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में एक ही छत के नीचे विभिन्न रोगों की जांच और इलाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक



काशीपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि अक्सर व्यस्तता के कारण हम छोटी-छोटी बीमारियों को नजर अंदाज कर देते हैं जो भविष्य में गंभीर रूप ले लेती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर केवल जांच मातृ नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का एक सशक्त संदेश है। वहीं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक काशीपुर ने शिविर के सकारात्मक भाव के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। शिविर में हृदय, आंखें, नाक कान गला, हड्डियों में कैल्शियम समेत अनेक रोगों की जांच कर उनके उपचार की सलाह दी गई। वहीं एसपीएनजी चेयरमैन योगेश कुमार जिंदल ने विश्व मजदूर दिवस पर श्रमिकों की कड़ी मेहनत और उनके समर्पण व योगदान की सराहना करते हुए आयोजित चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों की जांच कर रहे केवीआर हॉस्पिटल के चिकित्सकों और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुमायूं वैश्य महासभा संरक्षक एसपी गुप्ता, कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष एमपी गुप्ता, सचिव कपिल अग्रवाल, कुमायूं वैश्य महासभा युवा शाखा अध्यक्ष प्रांशु बंसल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेश गुप्ता, शेष कुमार सितारा, केसी बंसल, अजय अग्रवाल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, बीके गुप्ता, अभिषेक गोयल, पीयूष अग्रवाल, डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. कुशाल अग्रवाल, डॉ. कनिका अग्रवाल, डॉ. नैना अग्रवाल आदि मौजूद थे।



चारधाम यात्रा पर रवाना हुए बाजपुर के श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हरिपुरा से चारधाम यात्रा के लिए जत्था रवाना

**बाजपुर :** क्षेत्र के हरिपुरा से श्रद्धालुओं का एक जत्था पवित्र चारधाम यात्रा के लिए पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा का शुभारंभ बनखंडी से हुआ, जहां से जत्था हरिद्वार पहुंचा और फिर आगे की मुख्य यात्रा के लिए प्रस्थान किया। रवाना होने से पूर्व स्थानीय निवासियों ने यात्रियों को तिलक लगाकर और फूल-मालाओं के साथ विदा किया। सभी ने श्रद्धालुओं की सुखद और सुरक्षित यात्रा की मंगलकामना की। श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को आत्मिक शांति और आध्यात्मिक मजबूती का एक बड़ा अवसर बताया। यात्रा में मुख्य रूप से हेमंत देवरिया, जानकी मेहता, खीमा देवी, नीरज कुमार पांडे, इंदपाल, कैलाश कांडपाल, सुरेश कांडपाल, धीरज पांडे, सरस्वती पंत और धन बिष्ट शामिल हैं। पूरा क्षेत्र ''जय बद्री-विशाल'' और ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

## होमगार्ड भर्ती में एससी पद शून्य होने पर रोष



डी.आर. बाराकोटी।

**बाजपुरः** प्रदेश में चल रही होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के पद शून्य दिखाए जाने पर सामाजिक संगठनों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डी.आर. बाराकोटी ने इसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए भर्ती विज्ञापन को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। बाराकोटी ने कहा कि 920 पदों पर हो रही इस भर्ती में नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में एससी वर्ग के लिए एक भी पद नहीं रखा है।

# समाजसेवी पर ब्लड बैंक का पैसा नहीं देने का आरोप

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** दो व्यक्तियों ने एक चर्चित समाजसेवी पर ब्लड बैंक बनाने के बाद उनका पैसा नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी समाजसेवी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

सरवरखेड़ा निवासी शफीक व जहूर शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे। यहां पर उन्होंने कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी से मुलाकात कर तहरीर सौंपी। बताया कि उन्होंने स्थानीय एक चर्चित समाजसेवी के मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में वर्ष 2024 में ब्लड बैंक बनाने का काम किया था। जिसका उन्होंने 21 लाख में एग्रीमेंट किया। साथ ही 4 लाख का अतिरिक्त कार्य किया था। शफीक ने बताया कि उन दोनों ने 25 लाख रुपये का काम किया है। जिसमें से लगभग साढ़े नौ लाख रुपये उनको मिल गए, शेष रकम अभी नहीं मिली है। बताया कि लगभग डेढ़ साल से पैसों के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार टाल दिया जाता है। उन्होंने ने बताया कि 3-4 दिन पहले उन्होंने उक्त समाजसेवी से मुलाकात कर रुपये देने की बात कही, तब 1 मई को रुपये देने का वादा किया था। आरोप लगाया कि आज जब रुपये लेने के लिए फोन किया तब वह धमकी देने लगा।

## कैंटीन में नशेड़ी कर्मचारी का हंगामा

**बाजपुरः** कोतवाली क्षेत्र के केशोवाला स्थित एक फैक्ट्री की कैंटीन में कार्यरत कर्मचारी पर नशे की हालत में मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित कैंटीन संचालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा और कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पीड़ित प्रदीप कौशिक ने पुलिस को बताया कि विक्रमपुर इंडस्ट्रीज एरिया स्थित एक फैक्ट्री में उनकी कैंटीन है। आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे केशोवाला निवासी एक कर्मचारी नशे में धुत होकर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मेज पर रखा मोबाइल फोन तोड़ दिया और कैंटीन में तोड़फोड़ की।



बाजपुर के ग्राम रेंहटा में कांग्रेस के विरोध में पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**बाजपुर :** ग्राम रेंहटा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक में बाधा उत्पन्न करने का गंभीर आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, लेकिन कांग्रेस का विरोध उसकी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी और महिला मोर्चा अध्यक्ष जीत कौर ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस ने महत्वपूर्ण बिल को पास होने से रोककर महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है। इस विरोध प्रदर्शन में एससी मोर्चा अध्यक्ष जयपाल सिंह, मंडल महामंत्री कुंदन सिंह, आनंद सिंह, सरोज देवी, दयावती, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | बुद्ध पूर्णिमा पर ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब के चौथे निर्मल तख्त तालाब खेड़ा में 58वां वार्षिक जोड़ मेला संपन्न

# तालाब खेड़ा में हुए वार्षिक समागम में संगत ने टेका मत्था

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** बुद्ध पूर्णिमा पर ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब के चौथे निर्मल तख्त, तालाब खेड़ा (नवाबगंज) में 58वां वार्षिक जोड़ मेला श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस समागम में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित देशभर से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया।



बाजपुर में हुए समागम में बालक की दस्तारबंदी करते संत बाबा भगवंत भजन सिंह।



खटीमा में भगवान बुद्ध का स्मरण करते अंबेडकर मिशन के लोग।

निर्मल तख्त के प्रमुख संत बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत को गुरुवाणी से जोड़ते हुए अच्छे कर्म करने और बच्चों को संस्कारवान बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पंजाब, अंबाला और लखीमपुर से आए रागी-ढाडी जत्थों ने गुरुवाणी के यशगान से संगत को भावविभोर कर दिया। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी दरबार में हाजिरी लगाई। आस्था और परंपरा का संगम मेले में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से मिस्सी रोटी, प्याज और फलों का प्रसाद चढ़ाया। मान्यता है कि यहाँ सच्ची श्रद्धा से प्रसाद चढ़ाने पर संतान प्राप्ति की मनोकामना पूरी होती है।

### खटीमा में धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**खटीमा :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध विहार अंबेडकर मिशन के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संगोष्ठी में बुद्धिजीवियों ने भगवान बुद्ध के शांति संदेश और डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रण लिया। डॉ. उत्तम कुमार ने बाबा साहेब के ''शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो'' के नारे को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कही। हरेंद्र प्रसाद ने बुद्ध के विचारों को जनतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया। समाजसेवी रंदीप पोखरिया ने महापुरुषों के विचारों को साझा करते हुए उपस्थित लोगों से उनके बताए मार्ग को अपने व्यक्तित्व में उतारने का आह्वान किया। समाजसेवी संजय दिवाकर ने मिशन को गति देने पर जोर देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने की योजना साझा की। हरिओम पारखी ने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला।

# एआई के शैक्षिक महत्व को समझाया

- सेंट मैरी स्कूल में एआई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग पर संगोष्ठी

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** सीबीएसई के आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अनिवार्य थीम "कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)" पर सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सिस्टर डॉ. शाइनी पोल के निर्देशन में विद्यालय ने लीड व होस्ट स्कूल की भूमिका निभाते हुए बाजपुर और काशीपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूलों के शिक्षकों को मंच प्रदान किया।



सेंटमैरी स्कूल में सीबीएसई की नई थीम पर शिक्षकों को जानकारी देते मुख्य वक्ता।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आम्रपाली यूनिवर्सिटी के प्रो. (डॉ.) एमके शर्मा ने शिक्षकों को आधुनिक युग में एआई के शैक्षिक महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक सोच और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित की जा सकती है। कार्यशाला में मदर इंडिया, डीएवी, श्री दशमेश और ज्ञानदीप विद्यालय सहित कई स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए। अंत में, प्रधानाचार्या ने कहा कि नवाचार के लिए शिक्षा में तकनीक का समावेश अनिवार्य है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति-चिह्न के रूप में पौधे (सैंपलिंग) भेंट कर सम्मानित किया गया। एआई को लेकर जिज्ञासाओं को शांत किया गया।

ब्रीफ न्यूज

## शिक्षक नेता को जान से मारने की धमकी, मुकदमा

**अल्मोड़ा :** राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री को जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। मामले में शिक्षक नेता ने दन्या थाने में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार राशिसं के जिला मंत्री राजू महरा ने दन्या थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि चन्द्रशेखर भट्ट, निवासी ग्राम तलचौना ने फेसबुक के माध्यम से उनको और उनके परिवार को कई बार जान से मारने की धमकी दी। वहीं, बार-बार अशब्दों का प्रयोग किया गया। उन्होंने खुद और परिवार को जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इधर, थाना प्रभारी दिनेश नाथ ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## पूर्णागिरि भूमिया मंदिर में नौनिंगी का आयोजन

**बनबसा :** ग्राम भजनपुर में स्थापित प्राचीन पूर्णागिरि भूमिया मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छह माह की फसली (नौनिंगी) पूजन एवं हवन पंडित सतीश चंद्र तिवारी के पंडितत्व में संपन्न हुआ। मुख्य यजमान कैप्टन भानी चंद और इंस्पेक्टर किशन चंद ने सामूहिक पूजन किया। मां पूर्णागिरि से क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर ग्राम भजनपुर, चंदनी न्यू कॉलोनी एवं नगर पंचायत बनबसा सहित अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन दुरुस्त, आपूर्ति बहाल

**टनकपुर :** पिछले दिनों हाथी द्वारा पूर्णागिरि मेला क्षेत्र की पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त किए जाने उसके बाद गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर पेयजल लाइनें प्रभावित हो गई थीं। इसके चलते क्षेत्र में जलापूर्ति अस्थायी रूप से बाधित हो गई थी। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रवि प्रकाश डोबवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारु कर दी है। पि। बताया कि वर्तमान में पूर्णागिरि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है और श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। इधर, ग्राम प्रधान एवं मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी पंडित पंकज तिवारी ने बताया कि गर्मी के मौसम के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति एवं स्थानीय दुकानदार श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने 1100 कन्याओं का पूजन कर लगाया ध्यान, डोल आश्रम में श्री पीठम् स्थापना महोत्सव में पहुंचे सीएम धामी

# विश्व का सबसे बड़ा श्रीयंत्र देख विशेष आध्यात्मिक अनुभूतिः धामी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को लमगड़ा स्थित डोल आश्रम में श्री पीठम् स्थापना महोत्सव पर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित आध्यात्मिक गतिविधियों का अवलोकन किया। साथ ही पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कल्याणदास की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहां स्थापित दुनिया के सबसे बड़े श्रीयंत्र को देखकर एक विशेष



डोल आश्रम में पूजा-अर्चना करते सीएम पुष्कर सिंह धामी व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा।

आध्यात्मिक अनुभूति होती है। वहीं, यह धाम आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। साथ ही उन्होंने बाबा कल्याणदास की ओर से वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आश्रम धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कहा कि चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या प्रदेश में विकसित हो रही बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का परिणाम है।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, डीएम अंशुल सिंह, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, गौरव पांडे, ललित लटवाल, किरन पंत, विनीत बिष्ट, पार्षद अर्जुन बिष्ट, नवीन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, नरेंद्र बिष्ट समेत कई मौजूद रहे।

### 11 सौ कन्याओं का किया पूजन

डोल आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने 1100 कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने यहां मां राजेश्वरी का अभिषेक व पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दी और महात्मा बुद्ध के धर्म, शांति एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने को कहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी बांधा समा

डोल आश्रम में श्री पीठम् स्थापना महोत्सव पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कलाकारों ने डोल दमाऊ के थाप पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, आश्रम के विद्यालय के छात्रों ने भी भजन कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि छोलिया कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दी।

## व्यापारियों को बदनाम करने का आरोप लगाया

**अल्मोड़ाः** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने थोक व रिटेल व्यापारियों को बदनाम करने का आरोप लगाया। मामले में डीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग उठाई।

व्यापारियों ने कहा कि पान, गुटखा, तम्बाकू, सिगरेट व अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम से अधिक मूल्य लेने के लिए व्यापारियों को बदनाम करने किया जा रहा है। कहा कि भविष्य में अगर फिर से इस तरह का दुष्प्रचार किया गया तो व्यापार मंडल भ्रम फैलाने वाले नेताओं के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने डीएम से कार्रवाई की मांग की। यहां देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, सुधीर गुप्ता, राजेश बिष्ट, जीवन भट्ट, हरी कृष्ण, रंजन गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, मनीष मल्होत्रा, हिमांशु बिष्ट, गिरीश पंत, अक्षत अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, तुषार गुप्ता, रमेश आदि मौजूद रहे।

# कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत बढ़ाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष

### विरोध में केंद्र सरकार का फूंका पुतला, सरकार से बढ़े दाम तुरंत वापस लेने की मांग

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार से जल्द बढ़े दामों को वापस लेने की मांग उठाई।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्र हुए। जहां उन्होंने कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में बेहताशी बढ़ोत्तरी पर नाराजगी जताते हुए केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिसका सीधा असर छोटे व्यापारियों, होटल संचालकों और आम जनता पर पड़ रहा है। आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की परेशानियों को नजर अंदाज कर केवल राजस्व बढ़ाने में लगी हुई है। कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट, ढाबा और



अल्मोड़ा में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने पर केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अन्य छोटे व्यवसायों की लागत बढ़ेगी। जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा। उन्होंने ।

इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अरविंद रौतेला, उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, यूथ जिलाध्यक्ष विक्रम फर्त्याल, दीप डांगी, गोविंद बाल्टयाल, नारायण दत्त पांडे, वीके पांडे, शरद साह, दीपा साह, निर्मल रावत, दिनेश पिलख्वाल, पार्षद मुकेश कुमार, विकास कुमार, वैभव पांडे, देवेंद्र धौनी, किरन आर्या, प्रवीण भोज, जगदीश पांडे, गोपाल भट्ट, इसरार अहमद, रवींद्र कुमार टम्टा, भैरव गोस्वामी, वकुल साह, अजय नेगी, पंकज भैसोड़ा, कार्तिक साह, सुशील साह, पारस डसीला, महेश चंद्र आर्या, अमरजीत सिंह भाकुनी, अनूप सिंह, राज चौहान, अजय नेगी, दीपेश कांडपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सोमेश्वर और खूंट में भी फूंका पुतला

**अल्मोड़ा :** कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोत्तरी पर कांग्रेस उग्र है। शुक्रवार को सोमेश्वर और खूंट में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध में सरकार का पुतला फूंका। जनहित में जल्द दामों को वापस लेने की मांग की। यहां पुतला फूंकने वालों में आनंद सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य कुंदन राम, चन्दन भोज, चन्दन सिंह बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, विक्रम सिंह बिष्ट, सुन्दर भोज, नारायण सिंह बिष्ट, केशव दत्त पांडे, पुष्कर सिंह चौहान, बालम राम आदि मौजूद रहे।

## पूर्णागिरि मार्ग के गांवों में हाथी का आतंक

**टनकपुर :** पूर्णागिरि मार्ग से लगे उचौलीगोठ और गेंडाखाली गांव में हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक माह से हाथी गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद अब सब्जी की फसलों, फलदार पौधों और कच्चे मकानों को भी क्षति पहुंचा रहा है।

गुरुवार की रात हाथी ने उचौलीगोठ गांव में घुसकर खेतों में लगी सब्जियों और फलदार पौधों को तहस-नहस कर दिया। इसी दौरान हाथी ने सुरेश सिंह महर के घर का गेट तोड़कर अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया। उचौलीगोठ टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष आनंद सिंह महर ने बताया कि हाथी न केवल ग्रामीणों के लिए बल्कि मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी खतरा बना हुआ है, लेकिन वन विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द हाथी के आतंक से निजात नहीं दिलाई गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि दहशत के कारण लोग शाम होते ही जल्दी घर लौट रहे हैं और सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में लगी खराब सोलर फेंसिंग को जल्द दुरुस्त करने की भी मांग की है। वन विभाग के रेंजर सुनील शर्मा ने बताया कि विभाग की टीम संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर रही है।

# रानीखेत में कुमाउनी ऐपण कार्यशाला का शुभारंभ



रानीखेत में आयोजित कुमाउनी ऐपण कार्यशाला में प्रतिभाग करते छात्र।

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक समिति रानीखेत (रजि.) के तत्वावधान में दो दिवसीय कुमाऊनी ऐपण कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को रानीखेत मिशन इंटर कॉलेज में हुआ। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं और नगर की महिलाओं ने पारंपरिक ऐपण कला की बारीकियां सीखीं।

शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष विमल सती ने ऐपण विधा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कुमाऊं क्षेत्र की एक प्राचीन लोक कला है, जो चंद राजवंश के समय से प्रचलित है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के अलावा विवाह, जन्म और यज्ञोपवीत मांगलिक अवसरों पर घर की देहरी, आंगन और पूजा स्थल पर गेरू और बिस्वार से बनाए जाने वाले ऐपण सौभाग्य और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। प्रशिक्षक ज्योति साह ने बताया कि ऐपण लोक आस्था का अभिन्न हिस्सा है और इसे पौराणिक काल से तंत्र-मंत्र एवं आध्यात्म से भी जोड़ा जाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह कला घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाने का प्रतीक मानी जाती है। प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को उंगलियों की मदद से ज्यामितीय आकृतियां, धूली अर्घ्य चौकी, सरस्वती चौकी, शिव पीठ सहित छह प्रकार की पारंपरिक चौकियां बनाना भी सिखाया। सांस्कृतिक समिति के गौरव भट्ट, गीता जोशी, सोनू सिद्दीकी, विनीता खाती, दीपक पंत, राजेंद्र पंत, अभिषेक कांडपाल और गौरव तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व शांति व पर्यावरण पर दिया जोर

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर पालिका बागेश्वर के श्री नैला विश्राम स्थल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन प्रसंगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व शांति, मानव कल्याण और प्राणी मात्र के हित के लिए महात्मा बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। साथ ही पंचशील सिद्धांतों को अपनाने, सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री नौला में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। गोष्ठी के संयोजक किशन सिंह मलड़ा ने इस अवसर पर



भगवान बुद्ध की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का वितरण किया।

गोष्ठी में किशन सिंह मलड़ा, रमेश पर्वतीय, घनश्याम पाठक, संजय बौद्ध, संजय कुमार टम्टा, राजेंद्र मलड़ा, हंसी देवी, मनीषा, लक्ष्मी, धीरज नगरकोटी, किशन राम, गणेश चतुर्वेदी, गोविंद मर्तोलिया, भरत शाह, सुनील भंडारी, बिल्लू भाई, सुंदरलाल, गोपाल राम टम्टा, लछम राम, हरीश कालाकोटी, हेमलता, मुस्कान, रमेश रामदेव, हेमंत, कमलेश आगरी, धनी राम, महिप पांडे, बसंत चंदोला, हिमांशु जोशी, सुंदर लाल, पूरन तिवारी, मनोज कुमार, जगदीश उपाध्याय एवं कृष्णा गड़िया रहे।

# महिला अधिनियम लागू न होने पर निकाली आक्रोश रैली

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचारः** भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू न होने के विरोध में नगर में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। रंगोली सम्मेलन स्थल से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

पदयात्रा नगर के सदर बाजार, गांधी चौक होते हुए केमू स्टेशन पर संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को राजनीतिक रूप से अधिक अधिकार और प्रतिनिधित्व दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अधिनियम को जल्द और प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई। जन आक्रोश सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विमला रावत ने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना समय की मांग है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलने से लोकतंत्र और मजबूत होगा। रैली में विधायक प्रमोद नैनवाल, श्रम संविदा बोर्ड के उपाध्यक्ष कैलाश पंत, पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल बेलवाल, चंदन भगत, लीला बिष्ट, छावनी परिषद सदस्य मोहन नेगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धन सिंह रावत, सुनीता डावर, माया नैनवाल, भूपेंद्र कांडपाल, दीप्ति बिष्ट, ध्यान सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत खत्याड़ी में मां मलवटी देवी माता प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में पांरपरिक वेश-भूषा में सज धज महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर जयकारा लगाते हुए यात्रा में शामिल हुई।

कलश यात्रा मल्ली खत्याड़ी से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान तिनारा, लोअर मालरोड, न्यू इंद्रा कॉलोनी होते हुए सिमकनी मैदान पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। उसके बाद यात्रा दोबारा मंदिर परिसर पहुंची, जहां पुरोहित पंडित विजय जोशी समेत अन्य आचार्यों ने



अल्मोड़ा के खत्याड़ी में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई कलश यात्रा।

विधि-विधान से कलश की स्थापना कराई और मां मलवटी माता, भगवान गणेश, गोल्ज्यू महाराज, नरसिंह देवता और कलुवा देव की मूर्तियां स्थापित की गई। पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग आनंद कनवाल ने बताया कि आज मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंच प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। यहां प्रधान कमला कनवाल, जिला पंचायत सदस्य ममता कनवाल, बंसत सिंह, चंदन सिंह, पूरन सिंह, अमित कनवाल, राजेंद्र सिंह, राम सिंह, सुंदर सिंह, दीवान सिंह कनवाल, गोविंद सिंह, देव सिंह, आंनदी देवी, कमला देवी, जीवंती देवी, उमा देवी, देवकी देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

समस्या

### ठप पड़ी पीएम पोषण योजना, कई विद्यालयों में बच्चों को नहीं मिल रहा मिड-डे मील, टिफिन लाने को मजबूर बच्चे

# बागेश्वर के स्कूलों में चावल के अभाव में नहीं जल रहे चूल्हे

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** जनपद के कई स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील) पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। हालात यह हैं कि कई विद्यालयों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं और भोजन माताओं के पास खाना पकाने के लिए चावल तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बच्चे घर से टिफिन लाने को मजबूर हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2001 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद कक्षा 1 से 5 तक के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील योजना शुरू की गई थी, जिसे बाद में कक्षा 8 तक विस्तारित किया गया।



इस योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, कुपोषण कम करना और स्कूलों में ड्रॉपआउट रोकना है। योजना के तहत बच्चों को दाल और चावल सहित प्रोटीन और विटामिनयुक्त भोजन दिया जाना है, ताकि वे स्वस्थ रह सकें और पढ़ाई में ध्यान लगा सकें। लेकिन जनपद में पिछले दो सप्ताह से इस योजना की स्थिति खराब बनी हुई है।

गरुड़ क्षेत्र के अभिभावक रूप सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में चावल की आपूर्ति अनियमित है। वहीं, अभिभावक निर्मला देवी ने भी बताया कि उनके यहां कई दिनों से चूल्हा नहीं जला और बच्चों को घर से टिफिन ले जाना पड़ रहा है। कई अन्य स्कूलों से भी ऐसी ही शिकायतें सामने आई हैं।

आरोप है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी इस मामले पर खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं और जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि यदि अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करते तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। उनका कहना है कि कई स्कूलों में बच्चों को पोषाहार नहीं मिल रहा, जिससे अन्य व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

> मामले की जांच की जा रही है। अभी इस तरह की शिकायत मुझे नहीं मिली हैं। आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। -विनय कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी, बागेश्वर

> शिक्षा विभाग की मांग के अनुसार चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग ने किसी कमी की जानकारी नहीं दी है। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर जानकारी जुटाई जा रही है। **-बबलू पांडे**, जिला पूर्ति अधिकारी, बागेश्वर

> मामला गंभीर है। तुरंत जांच कराई जा रही है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। शीघ्र ही चावल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। **-प्रियंका रानी**, उपजिलाधिकारी, बागेश्वर

## धोखाधड़ी का वांछित आरोपी गिरफ्तार किया

**बनबसाः** पुलिस, एसएसबी और एसओजी की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नोएडा के दो गंभीर धोखाधड़ी मामलों में वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान सत्येन्द्र सिंह भसीन पुत्र जसवंत सिंह भसीन, निवासी पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है।

संयुक्त टीम ने कैनाल गेट चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन की तलाश के दौरान नेपाल से लौट रही एक संदिग्ध इनोवा कार को शारदा बैराज पुल के पास रोका गया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 4 फर्जी आधार कार्ड, एक एप्पल आईपैड, 4 मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव, पावर बैंक, डायरी तथा 30,540 रुपये बरामद किए गए।

# बनबसा में मजदूर दिवस पर श्रमिकों को मिला सम्मान

**संवाददाता, बनबसा**

**अमृत विचारः** टनकपुर पावर स्टेशन में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों द्वारा शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के तत्वावधान में मजदूर दिवस अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया। संघ के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया एनएचपीसी वर्कर्स एंड इम्प्लॉइज फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उप्रेती ने कर्मचारियों को मजदूर दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में संघ एवं पावर स्टेशन के प्रति निष्ठावान और समर्पित 12 पुरुष एवं महिला संविदा कर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के महासचिव अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष गोविंद सोनाल, कोषाध्यक्ष केशव थलाल, संगठन सचिव प्रवीण गर्ग मौजूद रहे। उधर, टनकपुर पावर स्टेशन में एनएचपीसी इम्प्लॉइज यूनियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के अध्यक्ष किशन सिंह ज्याला ने श्रमिक दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुभाष उपाध्याय, महेश सिंह, भगवान दास समेत अन्य कर्मचारी रहे।

# अमृत विचार

शनिवार, 2 मई 2026




जहाज अपने बंदरगाह में सबसे सुरक्षित रहता है, लेकिन जहाजों का निर्माण बंदरगाह के लिए नहीं किया गया है।
-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक



## मुश्किल में महाबली

महाबली मुश्किल में हैं। ट्रंप की कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। पुतिन द्वारा ट्रंप को ईरान पर दोबारा हमला न करने की चेतावनी और ईरान का परमाणु कार्यक्रम पर समझौता न करने के एलान तथा अमेरिका मुक्त भविष्य के आह्वान ने ट्रंप तथा अमेरिकी नीति-निर्माताओं के लिए दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। ट्रंप को एक ओर घरेलू राजनीति में कठोर नेता की छवि बनाए रखनी है, वहीं दूसरी ओर खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। यदि अमेरिका आक्रामक कार्रवाई करता है, तो क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बढ़ेगा और यदि संयम दिखाता है, तो उसकी वैश्विक साख पर प्रश्न उठेंगे।

पश्चिम एशिया में अमेरिका, रूस और ईरान के बीच उभरता त्रिकोणीय तनाव केवल क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन का प्रश्न नहीं, बल्कि वैश्विक रणनीतिक समीकरणों की नई जटिलता का संकेत है। अमेरिका के खाड़ी देशों में कतर, बहरीन और यूएई में सैन्य अड्डे उसकी शक्ति-प्रदर्शन की रीढ़ हैं। इनकी सुरक्षा पर संदेह का मतलब उसके लिए केवल सैन्य चुनौती नहीं, बल्कि कूटनीतिक प्रतिष्ठा का भी प्रश्न बन जाता है। हालिया घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया कि अमेरिका उन्हें पूर्ण सुरक्षा की गारंटी देने की स्थिति में नहीं है, जिससे ट्रंप की छवि पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप के लिए बड़ी चुनौती अमेरिकी कांग्रेस की स्वीकृति के बिना युद्ध जैसी कार्रवाई जारी रखना है। यह संवैधानिक बाध्यता है, जिसे दरकिनार करना आसान नहीं, इसलिए वे सीमित सैन्य कदमों या कार्यकारी अधिकारों का सहारा लेकर संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप खाड़ी से तो नहीं निकलेंगे, क्योंकि इस वापसी से चीन और रूस के लिए प्रभाव बढ़ाने का अवसर खुल जाएगा, पर इस दुविधा से बाहर निकलने के लिए ट्रंप के पास तीन विकल्प हैं— पहला, सीमित सैन्य कार्रवाई कर दबाव बनाना; दूसरा, कूटनीतिक वार्ता के जरिए तनाव कम करना; और तीसरा, रणनीतिक 'डि-एस्केलेशन' यानी धीरे-धीरे क्षेत्रीय संलिप्तता कम करना। फिलहाल यदि रूस ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार को सुरक्षित रखने का 'तीसरा पक्ष' बनता है, तो यह एक नई कूटनीतिक व्यवस्था की शुरुआत हो सकती है, लेकिन इसके बदले यूक्रेन युद्ध समाप्त करने जैसी अमेरिकी शर्तें यथार्थवादी नहीं हैं। पुतिन अमेरिकी दबाव में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता नहीं खोएंगे।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती 'जुबानी जंग' दरअसल मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है। ईरान 'अमेरिका-मुक्त भविष्य' की बात कर अपनी जनता और क्षेत्रीय सहयोगियों को संदेश दे रहा है, जबकि अमेरिका आक्रामक बयान देकर अपने सहयोगियों को आश्वस्त करना चाहता है। जहां तक आशंकित युद्ध या स्थाई युद्धविराम का प्रश्न है, वर्तमान संकेत 'नियंत्रित तनाव' की ओर इशारा करते हैं। गंभीर आर्थिक और राजनीतिक परिणाम देखते हुए अमेरिका और इजराइल दोनों व्यापक युद्ध के हामी नहीं हैं। बयानबाजी के बावजूद अस्थायी युद्धविराम जारी रहने की संभावना अधिक है। पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति 'न तो युद्ध, न पूर्ण शांति' की है। ट्रंप की रणनीति अब केवल शक्ति-प्रदर्शन नहीं, बल्कि संतुलन साधने की कला पर निर्भर करेगी।

### प्रसंगवश

## दुनिया में सैन्य खर्च बढ़ा भारत पांचवें स्थान पर

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर रहे हैं। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें, तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध), इजरायल-हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्षों ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे कि भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की आपसी प्रतिस्पर्धा) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। ये देश अपने सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में सैन्य खर्च में बढ़ोतरी कर रहे हैं। सरल शब्दों में कहें, तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं। इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है।




सुनील कुमार महला
लेखक


नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरा है। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, जैसा कि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि के कारण भी दुनिया के विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में बढ़ोतरी की है। वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को जन्म दिया है।

सच तो यह है कि आज के समय में चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है, लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है।

इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9% बढ़ा और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बड़ी बात यह है कि यह लगातार 11वां साल है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954, 864, 336, 190 तथा 114 अरब डॉलर हो गया है। इससे वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भार में बढ़ोतरी हुई है। दुनियाभर में सैन्य खर्च के चलते वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4% था, जो 2025 में बढ़कर 2.5% हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# स्वास्थ्य सेवाओं पर दावे व हाईकोर्ट की नाराजगी







विवेक सक्सेना
अयोध्या


इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को 'राम भरोसे' बताया जाना महज एक टिप्पणी नहीं, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य ढांचे की जर्जर स्थिति का एक आईना है। मेरठ मेडिकल कॉलेज में एक मरीज के शव के साथ लापरवाही के मामले में न्यायालय की यह तल्ख टिप्पणी (2021) और हाल ही में वेंटिलेटर की उपलब्धता पर सवाल (2026) उठाती है। यह दर्शाते हैं कि समय बदलने के बावजूद जमीनी हकीकत में खास सुधार नहीं हुआ है। यह टिप्पणी राज्य सरकार के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा, जो नागरिकों का मौलिक अधिकार है, वह नौकरशाही की ढिलाई और संसाधनों के अभाव में दम तोड़ रही है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में जो तल्ख टिप्पणी की है, वह न केवल समयोचित है, बल्कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मरीजों को समय पर महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो सांख्यिकीय दावों का कोई महत्व नहीं रह जाता है।

> हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में तल्ख टिप्पणी की है। वह सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति राजन रॉय और मनजीव शुक्ला की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि क्या कोई अस्पताल हलफनामे में यह कह सकता है कि आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। अदालत ने टिप्पणी की कि यदि ऐसा आश्वासन नहीं दिया जा सकता है, तो वेंटिलेटर की उपलब्धता पर प्रस्तुत आंकड़े अर्थहीन हो जाते हैं। खंडपीठ का यह सवाल कि 'अगर जरूरत पड़ने पर मरीजों को वेंटिलेटर नहीं मिल सकता, तो आंकड़ों का क्या फायदा?' सीधे तौर पर स्वास्थ्य प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठाता है।

अदालत ने साफ किया है कि वेंटिलेटर की संख्या के कागज पर मौजूद आंकड़े तब तक अर्थहीन हैं, जब तक कि वे जीवन के नाजुक क्षण में मरीज तक तुरंत न पहुंच सकें। जब वेंटिलेटर की कमी के कारण मौतें होती हैं, तो प्रशासनिक हलफनामे केवल खानापूरी बनकर रह जाते हैं। न्यायालय का यह कहना कि 'वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है', भी स्वास्थ्य प्रणाली की अक्षमता को दर्शाता है।

अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य के लिए आवंटित बजट और चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर सवाल उठाकर एक बड़ा मुद्दा उठाया है। यह केवल वेंटिलेटर खरीदने भर का मामला नहीं है, बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए आवश्यक जनशक्ति (डॉक्टर, तकनीशियन) और बुनियादी ढांचा (ऑक्सीजन, बिजली) सुनिश्चित करने का भी है। अक्सर देखा जाता है कि वेंटिलेटर तो उपलब्ध होते हैं, लेकिन या तो वे खराब होते हैं या उन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ नहीं होते। पीठ का इस बात पर जोर देना कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि उनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए, यह दर्शाता कि देश-प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

कोर्ट ने अपने समक्ष रखे गए आंकड़ों पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है। अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य सेवा के लिए आवंटित राज्य बजट के अनुपात को स्पष्ट करने और चिकित्सा अवसंरचना की स्थिति के संबंध में विवरण तो मांगा ही है। साथ ही राज्य को अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदंडों को पूरा करने से संतुष्ट न रहने का निर्देश भी दिया है, जैसे कि अस्पताल के बिस्तरों के 10-15 प्रतिशत के बराबर वेंटिलेटर बनाए रखना।

यही नहीं न्यायालय ने निजी अस्पतालों की फीस और उनकी सेवाओं की निगरानी के लिए विनियामक ढांचे के अभाव पर भी चिंता जताई है। स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी अस्पताल मरीजों के जीवन को दांव पर न लगाए। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि इनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए। अदालत ने अपने सामने पेश किए गए आंकड़ों पर असंतोष व्यक्त किया। राज्य सरकार से पूछा कि स्वास्थ्य सेवा के लिए राज्य के बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है और चिकित्सा ढांचे की मौजूदा स्थिति के बारे में पूरी जानकारी देने को कहा।

अदालत ने राज्य सरकार को अपने नजरिए पर फिर से विचार करने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि सरकार को सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों को पूरा करके ही संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान, पीठ ने राज्य सरकार से यह भी जानकारी मांगी कि क्या निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक ढांचा मौजूद है? विशेष रूप से उपचार और सेवाओं की निगरानी के लिए ली जाने वाली फीस के संबंध में। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन पर भी चिंता जताई गई, कहा कि इससे डॉक्टर निजी अस्पतालों की ओर पलायन करते हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ता है।

कोर्ट ने राष्ट्रीय नगर निगम (एनएमसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मामले में पक्षकार बनाया है। मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एक चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा एक संवैधानिक अधिकार है।

### आमने सामने



बोरे बासी छत्तीसगढ़ के किसान-मजदूर वर्ग का मुख्य भोजन है, जिसे उनकी सरकार ने बोरे बासी दिवस के रूप में पहचान दिलाई। सुशासन के नाम पर छत्तीसगढ़ सरकार क्या कर रही है? शराब भट्टी खोल रही है। बिजली नहीं मिली रही है। सभी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार हो रहा है।

-भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

कांग्रेस सरकार ने बोरे बासी के नाम पर दिखावा करते हुए करोड़ों रुपये का घोटाला किया। पहले संसाधनों की कमी के कारण लोग मजबूरी में रात का बचा चावल खाते थे, इसे जबरन परंपरा के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों की राशि पांच साल तक रोकी गई।

-गजेंद्र यादव
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़



# नेपाल: बालेन सरकार और जनता के सरोकार




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


इसमें दो राय नहीं कि बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है, लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। बेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है, लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ़ जीत मिली है, जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है, हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है।

> नेपाल में जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े कई अहम सरोकारों में बाधा भी आई है। इससे लोग परेशान हैं।

जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। नेपाली कांग्रेस ने कहा है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारी सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे, बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती, तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती, लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है।

काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुंबासी बस्ती पर सरकारी बुलडोज़र चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है।

नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकंबासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं। बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं, नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है, इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही प्रधानमंत्री ने काठमांडू के सुकुंबासी बस्तियों पर बुलडोज़र चलाने का बड़ा फैसला लिया। यह अभियान थापाथली और गैरीधारा में बिना किसी बड़े अवरोध के आगे बढ़ा, लेकिन मनोहरा में लोगों का तीखा विरोध देखने को मिला। यह अभियान अब देशभर में फैल सकता है। नुवाकोट में भी इसी तरह की कार्रवाई शुरू हो चुकी है, जबकि पोखरा में भी बुलडोज़र चलाने की तैयारी की खबरें सामने आ रही है। सरकार के इस कदम को जहां शहरी विकास और कानून व्यवस्था की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है, वहीं प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर सवाल उठने लगे हैं।

अभियान में जाने-अनजाने भारतीय मूल के लोगों को ज्यादा नुक्सान उठाना पड़ रहा है। जेन जी आंदोलन में नेताओं से अधिक वहां के व्यापारियों को निशाना बनाया गया था। काठमांडू के नवनिर्मित मारवाड़ी परिषद के विशाल भवन को आग के हवाले कर दिया गया था। नेपाल में मारवाड़ी समुदाय का इतिहास बहुत पुराना है। इन्हें राजाओं ने व्यापार बढ़ाने के लिए राजस्थान से आमंत्रित किया था।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## राजीव और अमिताभ

राजीव गांधी और अमिताभ बच्चन की पहली मुलाकात अमिताभ के बर्थडे पर हुई थी। उस समय अमिताभ चार वर्ष के थे, जबकि राजीव दो वर्ष के। इंदिरा गांधी नन्हें राजीव को अपनी गोद में लिए अमिताभ के चौथे बर्थडे पर अमिताभ के घर पहुंची थीं। बचपन की इस पहली मुलाकात के बाद मुलाकातों का सिलसिला राजीव की अंतिम सांस तक चला। इन दोनों बच्चों के जन्म से पहले ही बच्चन और गांधी परिवार में प्रगाढ़ मित्रता जन्म ले चुकी थी। नेहरू-हरिवंशराय बच्चन के बीच मित्रता थी, तो दूसरी तरफ इंदिरा-तेजी के बीच में। एक तरफ राजीव और अमिताभ के बीच अच्छी बनती थी, ठीक वैसी ही संजय गांधी और अजिताभ बच्चन के बीच गहरी मित्रता थी। किशोरावस्था में दोनों बच्चन भाई नैनिताल के शेरवुड स्कूल में पढ़ने चले गए, तो गांधी बंधु देहरादून के दून स्कूल में पहुंच गए।




रुचि दुबे
ब्लॉगर


एक बार कवि हरिवंशराय बच्चन विदेश से एक ट्रांजिस्टर-कम-टेपरिकॉर्डर लाए थे, लेकिन कुछ ही दिनों बाद अमिताभ ने उसकी जांच के लिए उसके एक-एक पुर्जे खोल दिए। काफी मशक्कत के बाद भी जब ट्रांजिस्टर फिट नहीं हुआ, तो उसके सारे पुर्जे एक थैले में भरकर सीधे गांधी निवास 'तीन मूर्ति भवन' की ओर दौड़ पड़े। राजीव गांधी स्क्रू ड्राईवर लेकर बैठ गए। पूरी एकाग्रता और धर्य के साथ ट्रांजिस्टर के हर एक विभाग का निरीक्षण किया और एक के बाद एक सारे पुर्जे जोड़कर ट्रांजिस्टर को चालू कर दिया।

राजीव गांधी अब 'पायलट' बन चुके थे और अमिताभ 'अभिनेता', लेकिन अब भी अटूट दोस्ती के कीच कोई दूरी नहीं आई। कई बार तो अमिताभ ने उस फ्लाइट से सफर किया, जिसे राजीव गांधी उड़ा रहे थे। राजीव गांधी तो अमिताभ से मिलने के लिए इतने आतुर रहा करते थे कि अक्सर वे अमिताभ को फ्लाइट की जानकारी भी दे दिया करते थे कि फलां-फलां दिन इस शहर में इस फ्लाइट में मैं पायलट रहूंगा, अगर तुम्हें कहीं आना-जाना हो इसी फ्लाइट से सफर करना।

अमिताभ को हमेशा इस बात का आश्चर्य होता कि जब भी फ्लाइट में राजीव गांधी कोई अनाउंसमेंट करते थे, तो कभी भी अपना सरनेम नहीं बोला करते थे.. सिर्फ इतना ही कहते 'आई कैप्टन राजीव'..! राजीव गांधी की सादगी और सरलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कभी भी अपना परिचय देते समय वे किसी से यह नहीं कहते थे कि मैं भारत की प्रधानमंत्री का बेटा हूं।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## अधूरी सुविधा से पूरे पोषण की उम्मीद बेमानी

गांवों में जब किसी घर में बच्चे का जन्म होता है, या कोई महिला गर्भवती होती है, तो सबसे पहले जिस सरकारी व्यवस्था का नाम सामने आता है, वह है आंगनबाड़ी केंद्र। यह केंद्र केवल ग्रामीण समाज के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का पहला दरवाज़ा माना जाता है। वर्षों पहले जब समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य स्पष्ट था, गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा देना। इनके माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी सलाह जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों में कुपोषण को कम करने, स्कूल छोड़ने की दर घटाने और माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। कई क्षेत्रों में इन प्रयासों का सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, जहां आंगनबाड़ी सेवाएं नियमित रूप से मिल रही हैं, वहां बच्चों का वजन और ऊंचाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया जैसी समस्याओं में भी कमी दर्ज की गई है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी कम चिंताजनक नहीं है।




गुड्डी कुमारी
एक्टिविस्ट


कई गांवों में लोग यह शिकायत करते हैं कि उन्हें आंगनबाड़ी से मिलने वाली सभी सुविधाएं समय पर नहीं मिलतीं। कुछ जगहों पर पोषण सामग्री का वितरण अनियमित है, तो कहीं बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री या खेल सामग्री का अभाव देखा जाता है। जब ग्रामीण इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हैं, तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इससे लोगों का भरोसा इस व्यवस्था पर धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाता है।

यह भी एक सच्चाई है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक जैसे नहीं हैं। कुछ केंद्र ऐसे हैं, जहां बच्चों के लिए रंग-बिरंगे चार्ट, खिलौने, साफ-सुथरा वातावरण और नियमित भोजन की व्यवस्था होती है। इन केंद्रों में आने वाले बच्चे न केवल स्वस्थ दिखते हैं, बल्कि उनमें सीखने की उत्सुकता भी साफ नजर आती है। वहां की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है, जिससे उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव दिखाई देता है। ऐसे केंद्र इस बात का प्रमाण हैं कि यदि योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जाए, तो बदलाव संभव है।

पहले के समय में बच्चों का कुपोषण आम बात थी। कई बच्चे कमजोर पैदा होते थे और छोटी उम्र में ही बीमारियों का शिकार हो जाते थे, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों की शुरुआत के बाद धीरे-धीरे स्थिति में सुधार देखने को मिला। अब कई गांवों में बच्चों का नियमित वजन मापा जाता है, टीकाकरण समय पर होता है और गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती हैं। इन सुविधाओं ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी बेहतर किया है। फिर भी, यह सुधार हर गांव तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसका एक बड़ा कारण निगरानी व्यवस्था की कमजोरी और संसाधनों का असमान वितरण माना जाता है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर काम का बोझ इतना अधिक होता है कि वे सभी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा नहीं कर पातीं। दूसरी ओर, कुछ जगहों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस व्यवस्था को कमजोर बना रही है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)



# बावनी इमली : वह पेड़ जिस पर क्रांतिकारियों को दी गई थी फांसी

जब भी 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की चर्चा होती है, हमारे मन में कुछ तयशुदा नाम उभरते हैं, जैसे रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडेय, नाना साहब पेशवा आदि। इतिहास की किताबों ने इन्हें बड़े और उभरे अक्षरों में लिखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि हर कथा को कुछ चेहरे चाहिए होते हैं, लेकिन कभी-कभी यही चेहरे इतने बड़े हो जाते हैं कि बाकी कहानी पीछे छूट जाती है। सवाल यह नहीं कि इनका महत्व कम है, बल्कि यह कि क्या कोई क्रांति सचमुच तीन-चार नामों से पूरी हो जाती है?



भगवंत अनमोल
वरिष्ठ साहित्यकार

कानपुर के आसपास के लोग अब अजीमुल्लाह खान, तात्या टोपे या अजीजन बाई जैसे नाम भी जानने लगे हैं, लेकिन अगर आप कानपुर से कुछ ही दूरी पर बसे फतेहपुर की ओर मुड़ें, तो कहानी अचानक धीमी हो जाती है। यहां इतिहास किताबों से ज्यादा लोगों की यादों में बसा है। फतेहपुर जिले में बिंदकी तहसील में एक जगह है- बावनी इमली। नाम सुनकर यह कोई साधारण-सा पेड़ लगता है, लेकिन 28 अप्रैल आते ही यह जगह एक तारीख से जुड़ जाती है और तारीख एक कहानी से।



1857 की हलचल में फतेहपुर भी चुप नहीं बैठा था, चुप नहीं बैठा था कहना सही नहीं होगा, बल्कि बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। खागा गढ़ी के ताल्लुकेदार ठाकुर दरियाव सिंह के नेतृत्व में इन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को मार खदेड़ा था। कहा जाता है कि यह इलाका करीब 34 दिनों तक अंग्रेजों की हुकूमत से मुक्त रहा। यह 'मुक्ति' कितनी संगठित थी, इस पर बहस हो सकती है, लेकिन इतना तय है कि यहां के वीर सिर्फ दर्शक नहीं थे, इस मिट्टी में भी उतनी ही क्रांति और आग थी, जितनी अन्य स्थानों पर। गंगा-यमुना के दोआब पर बसे इस जिले ने कई वीर दिए, जिनमें ठाकुर दरियाव सिंह, उनके पुत्र सुजान सिंह, भाई निर्मल सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्लाह खान, बाबा गयादीन दुबे, ठाकुर शिवदयाल सिंह और ठाकुर जोधा सिंह अटैय्या जैसे नाम उस समय की स्थानीय धड़कन थे, जिन्हें आज भी फतेहपुर के बाहर कम ही लोग जानते हैं।

जोधा सिंह अटैय्या की कथा तो किसी लोकगाथा जैसी लगती है- लगान देने से इंकार करना, गुरिल्ला युद्ध, तहसीलों और कोषागारों पर हमले, अंग्रेजी सत्ता को लगातार चुनौती और फिर जंगल में घुस जाना। जब मेरठ, कानपुर और झांसी की क्रांति की ज्वाला मंद पड़ गई थी, तो फतेहपुर के इन वीरों की क्रांति अंग्रेजों को हतोत्साहित किए हुए थी। जोधा सिंह अपने साथियों के साथ ऐसे निकलते और ऐसा छुपते थे, जैसे गुफा में छुपा शेर अपना शिकार देखते ही शिकार कर लेता और फिर गुफा में चला जाता। अंग्रेजों की इतनी बुरी हालत हो गई थी कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि इस वीर से युद्ध कैसे किया जाए।

कभी-कभी ही उनके क्रांतिकारी दिखते और जब दिखते तो इतने संगठित तरीके से कि अंग्रेजों के पास मौका ही न बचता उनके वार से बचने के लिए और फिर गायब, सुदूर अपनी गुफा में। अंग्रेजों ने उन्हें 'डाकू' कहा, जो इतिहास में असहमति को छोटा करने का पुराना तरीका रहा है। आखिरकार भीतर से मिली एक सूचना ने उन्हें पकड़वा दिया। इसके बाद 28 अप्रैल 1858 का दिन आया, जब खजुहा में एक इमली के पेड़ के नीचे कर्नल क्रिस्टाइल द्वारा जोधा सिंह सहित 52 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई।

जोधा सिंह अटैय्या वही क्रांतिकारी थे, जिन्होंने कर्नल नील, मेजर-जनरल हैवलॉक और रेनाल्ड जैसे क्रूर अंग्रेज अफसरों को चकमा दे दिया था और कर्नल पॉवेल का सर धड़ से अलग करके उनके छावनी भेज दिया था। कहानी यहीं खत्म नहीं होती। स्थानीय लोगों की मानें तो अंग्रेजों ने शवों को ले जाने की अनुमति नहीं दी और लंबे समय तक उस स्थान पर पहरा रहा। 37 दिनों तक वह शव उसी पेड़ पर लटकते रहे और अपने क्रांतिकारी होने की सजा भुगतते रहे। जब शव सड़ने लगे, तो अंग्रेजों को जबरन उस इमली के पेड़ के पास से अपनी फौज हटानी पड़ी। फिर ठाकुर भगवान दास ने 4 अप्रैल 1858 को इन अमर सपूतों का अंतिम संस्कार किया। समय बीतता गया और वह स्थान धीरे-धीरे एक स्मृति में बदलता गया। आज भी वहां इमली का पेड़ खड़ा है, जस का तस, शायद पहले से अधिक शांत, जितना उनका इतिहास हो गया है।

इतिहास का अपना एक स्वभाव होता है, वह याद रखने के मामले में बहुत निर्दयी है, जिनके पास अपने समय के लेखक, कवि और इतिहासकार होते हैं, वे बड़े अक्षरों में दर्ज हो जाते हैं, बाकी लोग जगहों, पेड़ों और किस्सों में छूट जाते हैं। यही कारण है कि दिल्ली की एक छोटी घटना पूरे देश में फैल जाती है और किसी सुदूर गांव की बड़ी घटना अपने इलाके तक सीमित रह जाती है। फतेहपुर के बिंदकी स्थित 'बावनी इमली' एक ऐसा ही स्मारक है, जहां एक पेड़ के नीचे खड़े होकर आप समझ सकते हैं कि आजादी की कहानी सिर्फ कुछ नामों की नहीं, बल्कि अनगिनत अनसुने लोगों की भी है। ऐसे वीरों को शत-शत नमन करते हैं, जिनके कारण हम आजादी की सांस ले रहे हैं। अगर आप अपने वजूद को पहचानना चाहते हैं, अपने देश की आजादी की लौ को महसूस करना चाहते हैं, तो एक बार बिंदकी स्थित बावनी इमली के दर्शन जरूर करें और क्रांतिवीरों को प्रणाम करें।

# अखबारों के 'सेवक' और बाल मन के पारखी: डॉ. निरंकार देव

साहित्य की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं, जो केवल कागजों पर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के चरित्र में जीवित रहते हैं। बरेली की साहित्यिक विरासत के ऐसे ही एक अनमोल रत्न थे डॉ. निरंकार देव सेवक, जिसने अभावों के बीच रहकर भी बाल साहित्य के माध्यम से बरेली का मान पूरे भारतवर्ष में बढ़ाया। यह कहानी है एक विद्रोही कवि के कोमल बाल साहित्यकार बनने की, एक समर्पित मित्र की और एक ऐसे साधक की जिसने अंत तक अपनी कलम का साथ नहीं छोड़ा। बरेली के इस बाल साहित्यकार की शख्सियत से रू-ब-रू करा रही है।

रतन सिंह गुर्जर की विशेष रिपोर्ट...



**सादगी और सिद्धांतों का अनूठा संगम**-डॉ. निरंकार देव सेवक का जीवन किसी खुली किताब की तरह था, जिसके हर पन्ने पर सादगी और अनुशासन की इबारत लिखी थी। बरेली के सैदपुरिया मोहल्ले में जन्मे सेवक जी के भीतर साहित्य के संस्कार अपने पिता मुंशी रामभरोसे लाल 'सेवक' से विरासत में मिले थे। पेशे से अग्रणी वकील होने के बावजूद उनका हृदय साहित्य के लिए धड़कता था। उनकी सादगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें खाने में कभी स्वाद की परवाह नहीं रही, उनके लिए भोजन केवल शरीर चलाने का साधन था।

**बच्चन जी से आत्मीय रिश्ता**- साहित्यिक गलियारों में सेवक जी और महाकवि हरिवंशराय बच्चन की मित्रता के किस्से आज भी मशहूर हैं। यह सेवक जी ही थे, जिन्होंने ज्ञान प्रकाश जौहरी के साथ मिलकर बरेली में बच्चन जी और तेजी सूरी की मुलाकात और फिर सगाई तय करवाई थी। बच्चन जी उन्हें 'भाई साहब' कहते थे और उन्होंने सेवक जी को करीब 250 पत्र लिखे। बच्चन जी का स्नेह इतना था कि वे अक्सर बरेली आकर बसने की इच्छा व्यक्त करते थे।

**अखबारों का जुनून और समय की धारा**- सेवक जी का दिन सुबह 5 बजे शुरू होता था और घर में 14 अखबारों का अंबार लगता था। जिला जेल के सामने वाले नाले के किनारे अखबार पढ़ते हुए टहलना उनका नियमित क्रम था। वे पढ़ने में इतने मशगूल हो जाते कि उन्हें आसपास की दुनिया का होश नहीं रहता था। यही एकाग्रता उनकी लेखनी में भी दिखती थी। विद्रोह से वैज्ञानिक चेतना तक सेवक जी ने अपने लेखन की शुरुआत 'चिंगारी' जैसे विद्रोही कविता संग्रह से की थी। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के दौर में संतान न पैदा करने का कठिन संकल्प लिया था। हालांकि बाद में पारिवारिक दबाव में उन्होंने गृहस्थ जीवन को अपनाया। बाल साहित्य में उन्होंने एक नई चेतना फूंकी। उन्होंने पौराणिक कथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिखा। वे कहते थे कि धर्म और रूढ़ियां बच्चों के मानसिक विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। उनके 36 प्रकाशित संग्रह आज भी हिंदी साहित्य की अमूल्य थाती हैं।



## पारिवारिक त्रासदी और सेवा की मिसाल

सेवक जी का अंतिम समय काफी कष्टपूर्ण रहा। आंखों की रोशनी चली जाने के कारण उन्हें अपनी थाली का खाना तक नहीं दिखता था, लेकिन उनकी पुत्रवधू पूनम सेवक ने एक बेटी का धर्म निभाते हुए अंत तक अपने हाथों से उन्हें भोजन कराया। साल 1994 में सेवक जी का निधन हुआ और उसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 1999 में उनके पुत्र प्रदीप और पत्नी का देहांत हुआ और बाद में पोते पुनीत को भी नियति ने छीन लिया। आज सेवक जी का वह विशाल 2000 गज का बंगला भले ही वक्त की मार से छोटे से हिस्से में सिमट गया हो, लेकिन उनकी रचनाओं की गूंज आज भी हर उस बच्चे के मन में है, जिसने 'दूध जलेबी' या 'ईसप की गाथाएं' पढ़ी हैं। डॉ. निरंकार देव सेवक आज भी हमारे बीच अपनी कालजयी रचनाओं और अपनी बेबाक प्रगतिशील सोच के रूप में जीवित हैं।

## जॉब का पहला दिन

# कर्तव्य के साथ सेवा की शुरुआत




वर्ष 2018 का वह दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है, जब मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की जालौन जनपद स्थित कोच शाखा में एग्रीकल्चर एवं वित्त अधिकारी के रूप में अपने जीवन की नई शुरुआत की। वह मेरे जीवन का एक ऐसा मोड़ था, जहां उत्साह, जिज्ञासा और जिम्मेदारी- तीनों एक साथ मेरे मन में उमड़ रहे थे। सच कहूं तो उस दिन मुझे ऐसा लग रहा था मानो मैं किसी नई दुनिया में प्रवेश कर रहा हूं।



भानू प्रताप अवस्थी
प्रबंधक
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

सुबह जब मैं पहली बार औपचारिक रूप से कार्यालय पहुंचा, तो दिल की धड़कन कुछ तेज थी। नए सहकर्मी, नया माहौल और अनगिनत अपेक्षाएं- सब कुछ मेरे सामने था। शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने मेरा आत्मीय स्वागत किया, जिससे मेरे भीतर का संकोच कुछ कम हुआ। धीरे-धीरे मैंने अपने कार्यक्षेत्र को समझना शुरू किया। फाइलों का ढेर, कंप्यूटर स्क्रीन पर खुली बैंकिंग प्रणाली और ग्राहकों की भीड़- यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।

पहले ही दिन ग्राहकों से सीधे संवाद का अवसर मिला। कोई किसान अपनी फसल के लिए ऋण चाहता था, तो कोई व्यक्ति अपनी आर्थिक समस्या लेकर आया था। उनकी आंखों में उम्मीद और विश्वास साफ झलक रहा था। जब मैं उनकी समस्याएं सुनता और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाता, तो मेरे भीतर एक अद्भुत संतोष का भाव उत्पन्न होता। मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं केवल एक नौकरी नहीं कर रहा, बल्कि समाज की सेवा के अपने बचपन के सपने को साकार कर रहा हूं।

विशेष रूप से किसानों के साथ संवाद ने मेरे मन को गहराई से छुआ। उनकी मेहनत, संघर्ष और आशाओं को समझते हुए मैंने महसूस किया कि मेरी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। सही मार्गदर्शन और सहयोग से मैं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता हूं। यह सोच मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और समर्पण का संचार कर रही थी।

दिन के अंत तक, थकान जरूर थी, लेकिन उससे कहीं अधिक संतोष और आत्मविश्वास था। मैंने महसूस किया कि यह केवल शुरुआत है- एक ऐसे सफर की, जिसमें चुनौतियां भी होंगी और सीखने के अनगिनत अवसर भी। उस पहले दिन ने मुझे यह सिखा दिया कि सच्ची सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वह पहला दिन मेरे जीवन की सबसे प्रेरणादायक यादों में से एक बन चुका है। उसने मुझे न केवल एक जिम्मेदार अधिकारी बनाया, बल्कि एक संवेदनशील इंसान भी, जो समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझता है और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करता है।

## कुछ अलग

# लेखकों का बाजार

आज के वक्त में जबकि सारी दुनिया ही एक बाजार बनती जा रही हो, तो फिर हमारे साहित्य की दुनिया ही भला कैसे इस बाजार 'भाव' से अछूती रह सकती है। यहां लेखकों के भाव स्थापित करने से लेकर उन्हें गिराने और उठाने तक का कार्य बड़ी ही संजीदगी के साथ किया जाता है। ये सभी क्रियाएं साहित्यिक उत्थान की आड़ में इतनी चतुराई से की जाती हैं कि दाएं हाथ को बाएं हाथ की खबर तक न लग पाए। यही उपलब्धि असली महानता है, जोकि सिर्फ लेखन भर से नहीं आती। पिछले जमाने के साहित्य और साहित्यकारों ने भले ही दुनिया को गूढ़ दर्शन दिया हो मगर आज के साहित्य और साहित्यकारों ने न सिर्फ बाजार दिया है, बल्कि लेखक बनाने की विधि से लेकर, किताबें बेचने-खरीदने के लाभप्रद हथकंडे, उन्नत किस्म की चौर्य प्रणाली आदि के अतिरिक्त, लेखकों के भी खरीद, फरोख्त तक का मार्ग प्रशस्त किया है। ये साहित्य का नवीन उन्नयन काल है।



अंशु प्रधान
लेखिका

इसी क्रम में पिछले दिनों एक किस्सा कुछ यूं हुआ कि हमारे प्रिय, आत्मीय और धुरंधर लेखक महाराज एक दिन लेखन मंडी के किनारे वाली दुकान पर लेखक तौलवा रहे थे कि वहां लफ्फाज कवि जी आ धमके, आते ही उन्होंने त्यौरियां चढ़ाते हुए लेखक महाराज को टोका, "अरे महाराज जी! कितने रुपये किलो लिए ,बहुत महंगे नहीं तौलवा लिए आपने!"

महाराज जी ने पूरी बत्तीसी चमकाते हुए कहा, "अजी साहब! क्या करें, किलो दो किलो लेखक घर में रखने पड़ते हैं। अब क्या महंगा और क्या सस्ता, जो ये लिखकर दे देते हैं उसी से लेखन की दाल-रोटी चलती रहती है साहब, वरना इतनी महंगाई में भला कौन खुद लिखके कुछ देता है। न इतना समय है किसी के पास और न इतना भेजा, जो पका-पकाया माल मिल जाता है उसी को थोड़ा और पकाकर बाजार में अपने नाम से ठेल देते हैं।"

लफ्फाज कवि तो ठहरे ही शब्दों के जादूगर सो वे पुनः महाराज जी से बोले, "अरे! इतनी महंगाई में कहां आप इन महंगे लेखकों के चक्कर में पड़े हैं। अरे मेरी मानों तो अबकी रविवार मेरे साथ साहित्य के चोर बाजार चलना। थोड़ी भीड़-भाड़ जरूर रहती है वहां मगर औने-पौने दामों पर ही चोखा माल मिल जाता है।" साहित्य के चोर बाजार की बात सुनते ही महाराज जी की आंखें फटी की फटी रह गईं और कान खड़े हो गए, वे हकलाते हुए बोले- "क्या सच में! क्या वहां सस्ते में बढ़िया लेखक मिल जाएंगे।" लफ्फाज कवि जी ने मुस्कुराते हुए कहा- "और नहीं तो क्या! अरे आप बढ़िया की बात करते हैं, चोर बाजार में एक से एक लेखक मिलेंगे और न सिर्फ बिकने वाले, बल्कि खरीदने वाले भी।" महाराज जी बोले- "वो कैसे"?

इस पर कवि जी ने बड़े गर्व से कहा- "अभी पिछले सप्ताह ही आधा किलो परसाई, दो किलो बच्चन और ढाई सौ ग्राम निराला तोल कर दिए हैं बाजार में, पुरस्कृत लेखकों को किसी से कहिएगा नहीं मैं कविताई करने के साथ-साथ ये काम भी कर लेता हूं। अब देखना! जब वे इन सबको पानी के साथ खुद के बनाए चून में गूंथ के जब मट्ठे पाग के बाजार में बेचेंगे, तो आप भी कहेंगे कि क्या स्वाद है। अजी मैं तो कहता हूं छोड़िए ये लेखक मंडी के कोने के बाजार को, सीधे चोर मंडी चलते हैं।"

महाराज जी ने आव देखा न ताव और लगे मूछों को ताव देने। बड़ी ऐठ के साथ वे मंडी के दलाल से बोले- "ए भई। नीचे रख! हमें नहीं चाहिए इतने महंगे लेखक।"

दलाल ने तभी कवि जी को घूरते हुए महाराज जी से कहा, "अजी साहब! एक दम से ही मूड बिगड़ गया आपका तो। अजी थोड़ा कम लगा लूंगा अब तराजू पर से कम से कम उतरवाइए तो मत। बड़ी मुश्किल से इन लेखकों को तराजू पर चढ़ने को मिलता है वो भी तब जबकि आलोचकों की निगाह न पड़े साहब।" मगर इतनी देर में महाराज जी को कवि जी का चोर बाजार का गणित भा चुका था। उन्होंने अपने गले में पड़े गमछे को ताव देकर फटकारा और थोड़ा आगे चलकर कवि जी को आवाज लगाई-"अजी। मैंने कहा कि कुछ जलेवी दही हो जाए अगले रविवार को तो आप और हम मिल ही रहे हैं न चोर बाजार में।" कवि जी मुस्कुराए और लपक के जलेबी-दही के दोने पर टूटते हुए बोले, "क्यों नहीं, क्यों नहीं"।



# क्यों स्मार्ट दिखना चाहते हैं अधेड़ हिन्दुस्तानी

भारत में एक अलग तरह की क्रांति दस्तक दे रही है। मध्यम आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं अब अपने आपको अधिक आकर्षक और आत्मविश्वासपूर्ण बनाने के लिए चेहरे की एडवांस सर्जरी करवा रहे हैं। समय के साथ बढ़ती उम्र, व्यस्त जीवनशैली और बदलते सामाजिक-व्यावसायिक माहौल में ये लोग अब केवल स्वस्थ रहने पर ही नहीं, बल्कि बाहरी रूप-सौंदर्य को बनाए रखने पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान दे रहे हैं। इस सर्जरी को डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी कहते हैं। पहले यह सर्जरी सिर्फ बड़े-बड़े सितारों तक ही सीमित थी, लेकिन अब मिडिल क्लास भारतीय भी इसके लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 40 से 65 साल के पुरुष और महिलाएं इस सिद्ध सर्जरी की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। यह सर्जरी चेहरे को नाटकीय तरीके से नहीं, बल्कि बहुत नेचुरल और सूक्ष्म तरीके से जवान बनाती है। लोग अपनी उम्र के साथ आने वाली झुर्रियों, ढीली त्वचा और थकी हुई लुक से छुटकारा पाना चाहते हैं। इस तकनीक को भारत में आगे बढ़ाने वाले दिल्ली के मशहूर फेशियल प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रतीक शर्मा, जो पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से जुड़े थे और आजकल राजधानी के एक अस्पताल में कार्यरत हैं, ने एक सेमिनार में बताया कि गहरी लेयर्स को लिफ्ट करने से रिजल्ट ज्यादा लंबे समय तक रहते हैं और चेहरा ज्यादा नैचुरल और संतुलित दिखता है। वे कहते हैं, "ये सिर्फ झुर्रियां मिटाने की बात नहीं है। ये लोगों को आत्मविश्वास वापस लौटाने और दुनिया के सामने नए जोश के साथ खड़े होने में मदद करता है।"

डीप प्लेन फेसलिफ्ट आखिर है क्या? साधारण फेसलिफ्ट सर्जरी में सिर्फ ऊपरी स्किन को खींचा जाता है, लेकिन डीप प्लेन फेसलिफ्ट उससे कहीं आगे जाती है। इसमें उम्र के साथ ढीले पड़ चुके मसल्स, फैट पैड्स और कनेक्टिव टिश्यू को भी ध्यान से संभाला जाता है। सर्जन इन सबको एक साथ एक यूनिट के रूप में ऊपर उठाता है। इसमें मिड-फेस, जबड़ा, गाल और गर्दन सब शामिल होते हैं। इससे चेहरा स्मूद हो जाता है, नाक से मुंह तक की गहरी लकीरें कम हो जाती हैं और चेहरे में फिर से जवानी वाली चमक लौट आती है। यह प्रक्रिया चेहरे की गहराई में काम करती है, इसलिए नतीजा बहुत प्राकृतिक लगता है। वहीं एक अन्य प्लास्टिक सर्जन बताती हैं कि यह प्रोसीजर अब अमीरों की लग्जरी नहीं रह गई है। अब



लोअर मिडिल क्लास परिवारों की महिलाएं और पुरुष भी इसे करवा रहे हैं। खास बात यह है कि बदलाव बहुत सूक्ष्म, लेकिन असरदार होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है, लेकिन कोई यह नहीं कह पाता कि "इन्होंने कुछ करवाया है"। दोस्त और परिवार वाले बस इतना कहते हैं कि आप बहुत तरोताजा और खुश दिख रहे हैं। विशेषज्ञों के पास परामर्श के लिए हर वर्ग से लोग आ रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले, प्राइवेट सेक्टर के मैनेजर, बिजनेसमैन और घरेलू महिलाएं सभी इसमें रुचि ले रहे हैं। लोग अब कॉस्मेटिक सर्जरी को दिखावा नहीं, बल्कि अपने इमेज, करियर और वेल-बीइंग में निवेश मानते हैं। उम्र तो सबको लगती है, यह सर्जरी बस उस मैदान को थोड़ा बराबर कर देती है।

इसके अलावा, यह सर्जरी गर्दन की त्वचा को भी टाइट करती है, जिससे डबल चिन जैसी समस्या कम हो जाती है। चेहरे पर थकान का भाव कम होता है और आंखों के नीचे की सूजन भी घटती है। रिकवरी का समय भी अब पहले से काफी कम हो गया है। ज्यादातर लोग 10-14 दिनों में सामान्य कामकाज पर लौट आते हैं। सर्जरी से पहले डॉक्टर पूरी जांच करते हैं। ब्लड टेस्ट, हार्ट चेकअप और मेडिकल हिस्ट्री देखी जाती है। सर्जरी जनरल एनेस्थीसिया में होती है और इसमें दो से चार घंटे लगते हैं। बाद में हल्का सूजन और चोट के निशान रह सकते हैं, जो धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं।

अमेरिका और यूरोप में यह हॉलीवुड और फैशन जगत की कई हस्तियों का पसंदीदा विकल्प बन चुका है। सोनजा मॉर्गन, रिकी लेक, मैकेंजी वेस्टमोर, जैकी हैरी जैसी सेलिब्रिटीज ने भी इसके नेचुरल रिजल्ट्स की तारीफ की। क्रिस जेनर जैसी हस्तियों के साथ भी इसकी चर्चा रहती है। भारत में भी कई बड़े सितारों ने इस सर्जरी को करवाया है, पर वे इस बात को अज्ञात कारणों से सार्वजनिक नहीं करते। अमेरिका और यूरोप में अधेड़ और उम्र दराज लोग डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी का लाभ लंबे समय से ले रहे हैं। वहां बहुत सारे हॉलीवुड सितारे भी इस सर्जरी को करवाने के बाद अपने करियर को चमका रहे हैं।

भारत में भी अब जागरूकता बढ़ रही है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ जैसे शहरों में अच्छे अस्पताल उपलब्ध हैं। डॉक्टर सलाह देते हैं कि सर्जरी चुनने से पहले हमेशा योग्य और अनुभवी सर्जन से ही संपर्क करें। आज के समय में दिखावे और आत्मविश्वास का महत्व बहुत बढ़ गया है। डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प बनकर उभरी है, जो अपनी उम्र को महसूस नहीं करना चाहते। यह सर्जरी सिर्फ चेहरे को नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय को खोलती है। अगर आप भी 45 साल के पार हैं और लगता है कि चेहरा थका हुआ दिख रहा है, तो एक अच्छे सर्जन से सलाह जरूर लें। सही निर्णय से आपका आत्मविश्वास नया जोश पा सकता है।

### आरबीआई के पास 2,000 के 98.47% नोट वापस आए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98 .47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3 .56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 2 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2565, राजश्री 1920, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2480, फॉर्चुन 13 किग्रा 2370, जय जवान 2070, सचिन 2320, सूरज 2080, अवसर 2130, उजाला 2060, गृहणी 13 किग्रा 2170, क्लासिक (किग्रा) 2455, मोर 2285, चक्र टिन 2535, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2520

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 11700, हरी पत्ती नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7450-9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी :** द्वारकेश 4300, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के जेवर 152500, गिन्नी जेवर 148500, **चांदी प्रति 10 ग्राम :** पक्की 2460 अनुमानित

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 6000-7600, बासमती 10100-12400, परमल 3000-3600

**दाल दलहन :** काला चना 5600-6700, साबुत चना दाल 6200, मूंग साबुत 10000, राजमा 11200-12600, दाल उड़द 9200-11400, साबुत मसूर दाल 7000-7800, मसूर दाल 9200 10000, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 10000-10500, अरहर दाल 9200 -11000, लोबिया/करमानी 1600-2400

# भारत पर अमेरिकी दबाव... आईपीआर पर प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा बरकरार

## व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता के बीच नया तनाव, दवा क्षेत्र पर पड़ेगा विशेष असर

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

भारत के साथ व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता के बीच अमेरिका ने उसे इस बार भी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण और प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता निगरानी सूची में बरकरार रखा है। इसे भारत पर अमेरिका की ओर से दबाव बनाए रखने के एक और हथकंडे के तौर पर देखा जा रहा है। भारत के दवा क्षेत्र, विशेषकर जेनरिक दवाओं के निर्यात पर इसका खास असर पड़ेगा। भारत के आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अमेरिकी रिपोर्ट के बाद कहा है कि भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप है।

किसी देश को प्राथमिकता निगरानी सूची या निगरानी सूची में रखने का मतलब है कि वहां बौद्धिक संपदा संरक्षण, प्रवर्तन या बाजार पहुंच से जुड़े गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। यह विशेष 301 रिपोर्ट अमेरिका की ओर से हर साल जारी की जाती है जिसमें 100 से अधिक व्यापारिक साझेदार देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का आकलन किया जाता है। रिपोर्ट में बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत को दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक करार दिया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा, अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए हमारे सभी प्रवर्तन साधनों का उपयोग करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ, तुर्किये और पाकिस्तान सहित 19 देशों को निगरानी सूची में रखा गया है।



● जीटीआरआई ने किया प्रतिवाद, कहा- भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप

### नीतिगत संप्रभुता के लिए अपने सिद्धांतों का बचाव करे भारत

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, कुल मिलाकर जहां अमेरिका कमजोर आईपी संरक्षण की बात करता है, वहीं भारत का रुख है कि वह पूरी तरह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनुरूप है और वास्तविक अंतर तो सख्त ट्रिप्स-प्लस (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलू) मानकों को अपनाने से इन्कार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है और ये दवाएं आमतौर पर दामों को 80-90 प्रतिशत तक कम कर देती हैं। श्रीवास्तव ने कहा, धारा 3(डी) और अनिवार्य लाइसेंसिंग जैसे प्रावधान इसलिए आवश्यक हैं। सस्ती स्वास्थ्य सेवा और नीतिगत संप्रभुता की रक्षा के लिए भारत को इन सिद्धांतों का बचाव जारी रखना चाहिए। कहा कि भारत 2025 और 2024 में भी प्राथमिकी निगरानी सूची में था। मतलब साफ है कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इससे दवा क्षेत्र में बौद्धिक संपदा नीति को लेकर अमेरिका के साथ लंबे समय से चले आ रहे मतभेद भी स्पष्ट होते हैं।

### वियतनाम पर अमेरिका की सबसे कड़ी नजर, सूची में रूस-चीन भी

प्राथमिकता निगरानी सूची में अमेरिका ने भारत के साथ चीन, रूस, इंडोनेशिया, चिली और वेनेजुएला सहित छह देशों को बरकरार रखा है। संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2026 की विशेष 301 रिपोर्ट में वियतनाम को प्राथमिक विदेशी देश (पीएफसी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह 13 वर्ष में पहली बार है जब किसी देश को इस श्रेणी में रखा गया है। यह श्रेणी उन देशों के लिए होती है जिनकी नीतियां और प्रथाएं अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वियतनाम बौद्धिक संपदा अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रगति नहीं कर रहा है और न ही वह प्रभावी वार्ताओं में पर्याप्त सहयोग कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका वियतनाम के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत जांच शुरू करने पर 30 दिन के भीतर फैसला करेगा। अगर जांच शुरू होती है तो वियतनाम के साथ बातचीत कर मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उपजे राजकोषीय दबाव के बावजूद आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कायम रखने के लिए चालू वित्त वर्ष में निर्धारित 12.22 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय पर टिके रहने का फैसला किया है। व्यय विभाग के सचिव वी वुअलनाम ने कहा कि देश के सामने बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है और आने वाली कुछ तिमाहियां तथा नया साल काफी तनाव से भरे हो सकते हैं। मार्च के अंत में पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से कर संग्रह पर असर पड़ सकता है।

वुअलनाम ने अशोका यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, राजकोषीय दबाव वास्तविकता है, लेकिन पूंजीगत व्यय हमारी प्राथमिकता रहेगा और हम इसे बजट स्तर पर बनाए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में राजमार्ग, रेलवे, पोत परिवहन, बंदरगाह और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध आयातक होने के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है। सरकार हालात से निपटने के लिए सक्रिय और लचीले ढंग से काम कर रही है, जबकि राजकोषीय सूझबूझ ने देश को मौजूदा अनिश्चितताओं में मजबूत स्थिति में रखा है। बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि जीडीपी आकलन की नई श्रृंखला जारी होने के बाद अब यह 4.5 प्रतिशत माना जा रहा है।



● केंद्रीयव्यय सचिव ने कहा- राजकोषीय दबाव में भी पूंजीगत व्यय जारी रखेंगे

### तेल पर उत्पाद शुल्क कटौती से 7,000 करोड़ रुपये का नुकसान

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से जारी संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं, जो संघर्ष के पहले करीब 73 डॉलर थी। ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है, जिससे राजकोष पर दबाव बढ़ा है। इस कटौती से 15 दिनों में करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होने का अनुमान है। व्यय सचिव ने कहा कि कर संग्रह की स्थिति पर भी करीबी नजर रखी जा रही है, क्योंकि इससे राजकोषीय गुंजाइश और सीमित हो सकती है। उन्होंने बताया कि भारत अपनी एलपीजी खपत का 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के मार्ग से होती है। लेकिन इस समुद्री मार्ग के बंद होने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर और विमानन ईंधन (एटीएफ) पर 33 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया है।

## कमजोर वैश्विक कीमतों के कारण चीनी निर्यात में सरकार ने की कटौती

**नई दिल्ली।** देश का चीनी निर्यात प्रतिकूल वैश्विक मूल्य स्थिति के कारण चालू 2025-26 विपणन सत्र में केवल 7.5 से आठ लाख टन रहने का अनुमान है। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है जो निर्यात को कोटा प्रणाली के जरिये नियंत्रित करता है। इससे चीनी मिल को अनुपात के आधार पर कोटा दिया जाता है। विपणन सत्र 2025-26 के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। इसके बाद पांच लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से अब तक केवल 87,587 टन की ही मंजूरी दी गई है।

● चालू विपणन सत्र में 7.5 से 8 लाख टन रह सकता है निर्यात

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, पूरे सत्र में वास्तविक निर्यात 7.5 से आठ लाख टन के करीब रहने के आसार हैं। वर्तमान में निर्यातों के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है। उन्होंने बताया कि तीन मार्च तक भारत पांच लाख टन चीनी का निर्यात कर चुका है लेकिन सत्र की शुरुआत में तेजी रहने के बावजूद मिल पूरे निर्यात कोटे का उपयोग नहीं कर पाएंगी।

## देश में बिजली खपत चार प्रतिशत बढ़कर 154 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत अप्रैल में 4.04 प्रतिशत बढ़कर 153.99 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। पिछले महीने असामान्य बारिश के कारण बिजली मांग कम रहने के बावजूद खपत बढ़ी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश की कुल बिजली खपत 148.01 अरब यूनिट थी। तापमान बढ़ने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण महीने के अंत में बिजली मांग में तेजी आई। अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक) बढ़कर पिछले महीने 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो अप्रैल 2025 में 235.32 गीगावाट थी। इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग करीब 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 2026 की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी।



मिर्जापुर के एक कार्यस्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने शुक्रवार को केक काटकर मजदूर दिवस मनाया।

### फिर भी खुश रहते हैं हम...

- 8 घंटे काम के अधिकार का मानक 1 मई 1886 को शिकागो (अमेरिका) में हुए ऐतिहासिक आंदोलन की देन है। उस समय मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक काम कराया जाता था।
- भारत में मजदूर दिवस सबसे पहले 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था। इसका आयोजन 'लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान' के नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने किया था।

**64% श्रमिकों को न्यूनतम वेतन नहीं**

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट की अप्रैल 2026 में जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत के 14 सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 64% श्रमिक वैधानिक न्यूनतम मजदूरी से कम कमा रहे हैं। कारण बताया गया है कि तय सरकारी न्यूनतम वेतन का स्तर देश की औसत आय की तुलना में बहुत अधिक है, जिससे श्रमिक औपचारिक क्षेत्र से बाहर होकर असुरक्षित और अनौपचारिक काम करने को मजबूर हो जाते हैं।

## सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर घटाया, डीजल पर 23 रुपये और एटीएफ पर 33 रुपये लीटर किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने डीजल के निर्यात शुल्क यानी अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शुक्रवार से 23 रुपये लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले कर को कम करके 33 रुपये लीटर कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। डीजल का निर्यात शुल्क 55.5 रुपये से घटाकर 23 रुपये लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन पर यह शुल्क 42 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 33 रुपये प्रति लीटर किया गया है। डीजल के निर्यात पर सड़क एवं अवसंरचना उपकर एक मई से शुरू हो रहे पखवाड़े के लिए शून्य रहेगा। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी बयान में बताया कि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क की दर शून्य बनी रहेगी।

**भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों का हुआ मोह भंग**

# इस साल चार माह में ही टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड 1.92 लाख करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते विदेशी निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजारों से मुंह मोड़ रहे हैं। वर्ष 2026 के पहले चार महीनों ने 2025 में पूरे साल का का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन चार महीनों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.90 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वर्ष 2025 में यह 1.66 लाख करोड़ रुपये ही थी।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। दुनिया में भूराजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता पर असर पड़ना इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही।बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है।



● वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता का असर, अप्रैल 2026 में 60,847 करोड़ रुपये की निकासी

● मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव कहते हैं कि अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदें कम हुईं और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे बने रहे, जिसका असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ा। कहा, यदि डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर स्थिर हो सकता है।

## भारत में एप्पल के तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत वृद्धि

**न्यूयॉर्क।** एप्पल के सीईओ टिम कुक तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि होने के बाद कहा कि वह भारत को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे कंपनी के लिए एक बड़ा अवसर मानते हैं। एप्पल की 2026 की दूसरी तिमाही का आय विवरण देते हुए उन्होंने कहा, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार है।

कुक ने भारतीय बाजार को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि कंपनी का भारत में प्रदर्शन अच्छा रहने के बावजूद उसकी हिस्सेदारी अभी सीमित है। कुक ने भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और उसकी संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी के अधिकतर ग्राहक अभी ब्रांड के लिए नए हैं जो विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाता है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं भारत को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

## स्क्वायर याड्र्स का राजस्व 48% बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** परामर्श समेत विभिन्न सेवाएं देने वाली स्क्वायर याड्र्स की वित्त वर्ष 2025-26 में आय 48 प्रतिशत बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की आय 1,410 करोड़ रुपये थी।

स्क्वायर याड्र्स ने कहा कि आय में भारत के कारोबार का योगदान 88 प्रतिशत रहा, जबकि शेष 12 प्रतिशत विदेशी परिचालनों से आया। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का सकल लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 476 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 321 करोड़ रुपये था।

# उम्मीद कम होने के बाद भी अप्रैल में यात्री वाहनों की बिक्री में तेज उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर कार और वैन जैसे यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की यात्री वाहनों की कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी और 59,701 इकाई रही। इसमें घरेलू बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 59 हजार पर और निर्यात 111 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 701 इकाई पर रही। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 72 फीसदी का इजाफा हुआ और यह 9,150 इकाई हो गई।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के उपयोगी वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में 81 फीसदी की इजाफा हुआ और यह 9,899 इकाई हो गयी। दो टन से हल्के वाणिज्यक वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,984 इकाई और दो से 3.5 टन तक के हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सात फीसदी बढ़कर 20,443 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी का कुल निर्यात 47 फीसदी बढ़ा और 4,970 इकाई दर्ज किया गया। रेनो इंडिया की बिक्री अप्रैल 2025 के 2,602 से बढ़कर 5,413 इकाई हो गयी। निसान की घरेलू बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 3,203 इकाई दर्ज की गयी। निर्यात भी 2,185 इकाई पर रहा। इस प्रकार कुल बिक्री 5,388 इकाई रही।



## दो पायलटों की मौत से उभरी विश्राम के नियमों का पालन न होने पर चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पायलटों के संगठन एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ (एएलपीए) इंडिया ने शुक्रवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से विमानन कंपनियों के लिए थकान से जुड़े मानकों में किसी भी तरह की ढील न देने की मांग की। यह मांग पिछले दो दिन में दो पायलट की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के बाद की गई है।

संगठन ने कहा कि डीजीसीए को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध खाका तैयार करना चाहिए। साथ ही पायलटों की थकान की सूचना देने संबंधी प्रणाली पारदर्शी और जवाबदेही तय करने वाली हो तथा इसकी हर तिमाही सार्वजनिक जानकारी भी दी जाए। एएलपीए इंडिया ने कहा कि हाल की घटनाओं के बाद उड़ान सुरक्षा, नियामकीय विश्वसनीयता और पायलट के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। एयर इंडिया और अकासा एयर के एक-एक पायलट की हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई। दोनों उस समय ड्यूटी पर नहीं थे। एयर इंडिया के पायलट की बाली में निर्धारित विश्राम के दौरान और अकासा एयर के पायलट की प्रशिक्षण के दौरान मौत हुई।

● पायलटों के संगठन ने डीजीसीए से की नियमों में ढील न देने की मांग

संशोधित एफडीटीएल नियम में पायलटों के लिए अधिक विश्राम समय का प्रावधान है लेकिन यह अभी पूरी तरह लागू नहीं हुए हैं।

**शुरुआत** अमित शाह ने रखी आधारशिला, कहा– पिछले 10 साल में देश में 70% बढ़ा दूध का उत्पादन

# करगिल में स्थापित होगा 10,000 लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट

**लेह/जम्मू, एजेंसी**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। इसके साथ लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई पहल भी ऑनलाइन माध्यम से पेश कीं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि यहां आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम सेउपलब्ध कराई जा रही है।





करगिल में लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण करते अमित शाह।

### लद्दाख में डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए कदम

अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पूर्व सीईए सुब्रमण्यम शिकागो में सम्मानित

**वॉशिंगटन।** भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी. सुब्रमण्यम को शिकागो विश्वविद्यालय द्वारा व्यावसायिक उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुब्रमण्यम 1941 में प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार की स्थापना के बाद से यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बन गए हैं। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के बृहस्पतिवार से शुरू हुए पूर्व छात्र सप्ताहांत समारोह में प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय ने कहा कि भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में, सुब्रमण्यम ने कोविड-19 के दौरान प्रमुख रूप से कार्य किया। इसमें सुब्रमण्यम द्वारा लिखित आर्थिक सर्वेक्षणों को ऐतिहासिक बताया गया

### भारतीय राजदूत को ढाका में तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बधे को तलब किया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की कुछ टिप्पणियों पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। शर्मा ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि असम में 20 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। शर्मा ने कहा था, अशिष्ट लोग प्यार की भाषा नहीं समझते। जब हम असम से उन घुसपैठियों को निकालते हैं तो जो खुद वापस नहीं जाते।

### गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दीं

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं।

### टेक्सास में एक छोटा विमान क्रैश, 5 की मौत

**विम्बरली।** अमेरिका के टेक्सास में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। हेज काउंटी के जज रुबेन बेसेरा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि यह दुर्घटना बृहस्पतिवार रात ऑस्टिन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 40 मील दूर विम्बरली शहर में हुई। फेडरेशन एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 421सी विमान रात करीब 11:25 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमें पांच लोग सवार थे।

# असम के सीएम की पत्नी से जुड़े मामले में खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा-मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है**

उच्चतम न्यायालय ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी और कहा कि मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की पीठ ने कुछ शर्तों के साथ खेड़ा को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया।

अदालत का आदेश शुक्रवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इससे पहले बृहस्पतिवार को दिन में अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। अदालत ने कहा, व्यक्तिगत आजादी एक बहुत महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है, और इससे वंचित किए जाने के लिए बहुत ठोस और मजबूत कारण होना जरूरी है, खासकर तब जब आसपास की परिस्थितियां यह दिखाती हों कि मामले में राजनीतिक पहलू छुपा हो सकता है।

अदालत ने कहा कि यदि अपराध शाखा थाने में दर्ज मामले में अपीलकर्ता (खेड़ा) की गिरफ्तारी हुई है तो उन्हें अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। अदालत ने कहा कि रिहाई जांच अधिकारी द्वारा उचित समझी गई शर्तों और नियमों पर आधारित होगी।

## सीजीएचएस की अपर निदेशक घूस लेने में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) मेरठ (उप्र), की अपर निदेशक नताशा वर्मा और उनके पीए सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने बताया कि वर्मा के निजी सहायक सन्नी के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया था। उसने एक सीजीएचएस कर्मचारी के मुरादाबाद से मेरठ में तबादले के एवज में स्वास्थ्य भवन, सीजीएचएस, मेरठ के अधिकारियों की ओर से 80,000 रुपये रिश्वत मांगी थी।

# फिल्म निर्माता की ऑस्कर ट्रॉफी गुम, हवाई अड्डे पर हथियार मानकर कार्गो में भेजा था

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- **न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट पहुंचने पर नहीं मिली डिब्बे में रखी ट्रॉफी**

अकादमी पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्र 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के सह-निर्देशक एवं रूसी फिल्म निर्माता पावेल तालांकिन की ऑस्कर ट्रॉफी तब गुम हो गई जब न्यूयॉर्क हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें इसके साथ उड़ान भरने से रोक दिया। इस साल के अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन में मुख्य भूमिका निभाने वाले तालांकिन ने बताया कि बुधवार को जॉन एफ केनेडी हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने उनसे कहा कि वह लगभग 3.8 किग्रा वजनी ट्रॉफी को विमान में अपने साथ नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि मार्च में ऑस्कर जीतने के बाद से वह बिना किसी घटना के एक दर्जन से अधिक बार ट्रॉफी के साथ हवाई यात्रा कर चुके हैं। लुफ्थांसा की उड़ान से बृहस्पतिवार सुबह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे तालांकिन ने कहा कि यह बात पूरी तरह से समझ से परे है कि वे ऑस्कर (ट्रॉफी) को हथियार कैसे मानते हैं... (मैंने) इसे अपने साथ कैबिन में लेकर यात्रा की है, और कभी कोई समस्या नहीं हुई। तालांकिन को पुरस्कार को कार्गो के रूप में दर्ज करने के लिए कहा गया। अपने सामान की पहले ही जांच करा चुके फिल्म निर्माता का डिब्बा दिया गया, और फिर दो एजेंटों ने ऑस्कर ट्रॉफी को 'बबल रैप' में लपेटा तथा उसे परिवहन के लिए ले गए। इस पूरी प्रक्रिया को तालांकिन ने अपने फोन में रिकॉर्ड किया। हालांकि, जब फिल्म निर्माता फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो वह डिब्बा कहीं नहीं मिला।

# ईरान के खिलाफ युद्ध 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया

## अमेरिकी संसद से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने को ट्रंप प्रशासन का तर्क

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। ईरान के खिलाफ युद्ध तो 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा बृहस्पतिवार को सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं। दरअसल, अमेरिका में 1973 का 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' लागू है। यह कानून राष्ट्रपति को पाबंद करता है कि अगर वह कहीं सैन्य कार्रवाई शुरू करते हैं, तो उन्हें 60 दिनों के भीतर सेना वापस बुलानी होगी, जब तक कि संसद उस कार्रवाई को आगे बढ़ाने की विशेष अनुमति न दे दे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो मार्च को इस अभियान के बारे में संसद को जानकारी दी थी, जिसके हिसाब से एक मई को 60 दिन पूरे हो रहे हैं। हालांकि, सांसदों के बीच इस बात को लेकर मतभेद हैं कि समय सीमा खत्म हुई है या नहीं। विवाद का मुख्य कारण यह है कि क्या युद्ध के बीच में आए अस्थायी ठहराव या शांति के समय को भी इन 60 दिनों में गिना जाना चाहिए। व्हाइट हाउस का कहना है कि बीच में हुए संघर्ष विराम की वजह से यह समय सीमा प्रभावी रूप से रुक गई थी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा कि युद्धविराम के दौरान 60 दिनों की इस अवधि को 'रोका' जा सकता है।



### साठ दिन से अधिक पर संसद की मंजूरी आवश्यक

इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्रवाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से28 फरवरी शनिवार को शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है।'' अधिकारी ने कहा कि सात अप्रैल से शुरू हुए दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद से अमेरिकी सेना और ईरान के बीच गोलीबारी नहीं हुई है। हालांकि युद्धविराम के समय को बढ़ा दिया गया है और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है वहीं ईरान के तेल टैंकर को समुद्र में जाने से रोकने के लिए अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। राष्ट्रपति की सैन्य शक्तियों को नियंत्रित करने वाले कानून 'वॉर पावर्स रिजोल्यूशन' के तहत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास शुक्रवार तक संसद से अनुमति लेने या युद्ध रोकने का समय था। यह कानून प्रशासन को इस समय सीमा को 30 दिन तक बढ़ाने की अनुमति भी देता है।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले-अमेरिका से समझौता करने के लिए बेताब है ईरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है और उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब ईरान ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका ने फिर हमले किए तो वह भी हमले कर जवाबी कार्रवाई करेगा। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी तब से युद्ध अस्थायी रूप से रुका हुआ है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पुन: हमले करेंगे तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें इसकी जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा, उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी के परिणामस्वरूप ईरानी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है।

**नौसेना की ताकत...**



मुंबई स्थित एमडीएसएल में नौसेना को सौंपी गई छठी स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरी जहाज पर मौजूद नौसेना कर्मी और अन्य लोग। यह फ्रिगेट 30 अप्रैल को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था।

# मृतक संख्या बढ़कर नौ हुई 28 लोगों को बचाया गया

**जबलपुर, एजेंसी**

## जबलपुर क्रूज हादसा

- **बरगी बांध में डूबे छह अन्य लोगों की तलाश कर रही हैं बचाव-राहत में लगीं एजेंसियां**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में क्रूज नाव पलटने की घटना में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि डूबी हुई नाव से पांच और शव बरामद किए गए हैं, जबकि छह अन्य लोगों की तलाश अभी जारी है। अब तक 28 लोगों को बचा लिया गया है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तलाश में अभियान तेज कर रही हैं।

मध्यप्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बातचीत में कहा कि बृहस्पतिवार को चार शव मिले थे, जबकि शुक्रवार तड़के पांच और शव बरामद हुए, जिससे मृतकों की संख्या नौ हो गई। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी और एक जीवित बचे व्यक्ति द्वारा लाइफ जैकेट के मुद्दे को उठाने की भी पड़ताल की जाएगी। हादसा बृहस्पतिवार शाम नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में अचानक आए तूफान के दौरान हुआ, जिससे क्रूज नाव पलट गई। जबलपुर के डीआईजी अतुल सिंह ने कहा कि आशंका है कि कुछ शव अभी भी नाव के भीतर फंसे हो सकते हैं।

### हादसे की जांच के आदेश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने जबलपुर जिले के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे की जांच का शुक्रवार को आदेश दिया और राज्य में क्रूज के संचालन पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हादसे के दौरान लोगों की जान बचाने के लिए जोखिम उठाने वाले स्थानीय निवासियों को उनकी बहादुरी के लिए स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की।

## चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन का और विस्तार करेगा

- **नासा के आईएसएस बंद करने की योजना के बीच तैयारी**

**बीजिंग।** चीन पृथ्वी की कक्षा में स्थित अपने अंतरिक्ष स्टेशन का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जिससे इसका आकार संभावित रूप से दोगुने से भी अधिक हो जाएगा। यह कदम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को वर्ष 2031 तक चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बना रही है। वर्तमान में, चीन का तियांगोंग और आईएसएस कक्षा में मौजूद हैं, जो नासा के साथ-साथ रूस, यूरोप, जापान और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसियों की एक सहयोगी परियोजना है। नासा की योजना अंतरिक्ष में मानव निर्मित सबसे बड़ी संरचना 'आईएसएस' को बंद करने की है। इससे चीनी अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी की परिक्रमा करने वाला अपनी तरह का एकमात्र स्टेशन बन जाएगा। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन तब बनाया जब उसे आईएसएस से कथित तौर पर बाहर कर दिया गया। चीन वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास एक अंतरिक्ष स्टेशन है जो 2022 में चालू हुआ था। यह स्टेशन फुटबॉल कोर्ट के आकार के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा है, जिसमें कई अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों ने 1998 में इसके संचालन शुरू होने के बाद से 3,000 से अधिक प्रयोग किए हैं।

## एनसीबी ने मुंबई में 1745 करोड़ की 349 किलो कोकीन जब्त की

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतरराष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है। ब्यूरो की कई टीमों ने विशिष्ट और विश्वसनीय सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए कलंबोली-भिवंडी कॉरिडोर (नवी मुंबई – ठाणे क्षेत्र) में समन्वित छापेमारी की और गोदामों की अवसंरचना तथा छिपे हुए परिवहन तंत्र का उपयोग करने वाले एक अत्यधिक संगठित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस सफलता के लिए ब्यूरो को बधाई देते हुए कहा, हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को बेरहमी से कुचलने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों के रिंग पर सख्त कार्रवाई करते हुए 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत 1,745 करोड़ रुपये है। यह 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप को ट्रेस करते हुए एक विशाल नेटवर्क को पकड़ा। टीम एनसीबी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई। यह सफल ऑपरेशन नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है।

## ईयू देशों में एक हो दुष्कर्म की परिभाषा

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। उनका कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा को ही आधार न माना जाए, बल्कि सहमति के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए।

## सू की को जेल से घर में किया नजरबंद



**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिंग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी। सू की लगभग पांच वर्षों से जेल में थीं। उन्हें एक फरवरी, 2021 को उस समय गिरफ्तार किया गया था जब सेना ने उनको सत्ता से हटाकर देश का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

## कारोबारी से ठगी : खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत

- **आठ अन्य मामलों में खरात पर हैं महिलाओं से शोषण के आरोप**

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात को पुणे के एक कारोबारी से पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में चार मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। खरात से जुड़े मामलों की जांच कर रहे एसआईटी ने 30 अप्रैल को अदालत में आवेदन दायर कर इस ठगी मामले में उनकी हिरासत मांगी थी। स्वयंभू बाबा के खिलाफ दर्ज यह नौवां मामला है। अन्य आठ मामलों में खरात पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। सुरक्षा कारणों से अदालत की कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई। पुलिस ने सुनवाई के दौरान स्वयंभू बाबा की हिरासत की मांग की, लेकिन बचाव पक्ष ने इसका कड़ा विरोध करते हुए कहा कि एसआईटी हर बार पुलिस हिरासत के लिए एक जैसा कारण देती है और हिरासत के लिए कोई मजबूत आधार नहीं है। हालांकि, अदालत ने अभियोजन पक्ष की यह दलील स्वीकार कर ली कि यह अलग (ठगी से जुड़ा) मामला है और इसमें बड़ी धनराशि शामिल होने के कारण आगे की जांच आवश्यक है। इसके बाद अदालत ने खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। शिकायत में पुणे के कारोबारी ने आरोप लगाया कि उसने अशोक खरात की म्यांमा, ग्रीनलैंड और अमेरिका की यात्राओं का खर्च उठाया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मित्रों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। तकनीकी कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।

**तुला** – आज का दिन नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के लिए शुभ है। व्यापारिक साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृष** – आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। निवेश के लिए विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके पराक्रम में वृद्धि लाएगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। पुराने रोगों से राहत मिलेगी।

**मिथुन** – आज संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं, जो सुखद और लाभदायक रहेंगे।

**धनु** – आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता के योग हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। आपकी रचनात्मकता नए रास्ते खोलेगी।

**कर्क** – आज आप आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। स्वयं पर भरोसा रखें। घरेलू मोर्चे पर कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं।

**सिंह** – आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की कमान मिल सकती है। उधार के लेन-देन से दूरी बनाए रखें।

**कुंभ** – आज व्यावसायिक यात्राएं सफल होंगी। संचार के माध्यमों से कोई खुशखबरी मिल सकती है। साहस के साथ नए कदम बढ़ाएं।

**कन्या** – आज कोई भी निर्णय भावनाओं में बहकर न लें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। वाणी पर संयम रखें।

**मीन** – आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। व्यवहार में सौम्यता बनाए रखें। परिवार में मांगलिक आयोजन की चर्चा हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 3 मई 00 .49 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

### सुडोकू -137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

**डेटा चोरी**

## अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरे का दिया हवाला

# चीन में निर्मित एआई मॉडलों की जांच कर रही अमेरिकी संसद

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर. गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां मॉडल डिस्टिलेशन नाम की तकनीक का प्रयोग कर रही हैं।

आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में एनीस्फीयर और एयरबीएनबी जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

### चीन ने अमेरिका-चीन संबंधों में ताइवान को बताया सबसे बड़ा खतरा

**ताइपे।** ताइवान ने चीन के उस बयान पर शुक्रवार को चिंता जताई, जिसमें उसने कहा है कि स्वशासित ताइवान, चीन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। ताइवान की सरकार ने यह चिंता चीन और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों के बीच हुई बातचीत के कुछ घंटे बाद बीजिंग के संबंधित बयान के बाद जताई। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान का विदेश मंत्रालय चीन के बयान को लेकर चिंतित है जिसमें एक बार फिर ताइवान मुद्दे पर धमकी भरी बातें की गई हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई बातचीत में कहा कि अमेरिका को ताइवान के मुद्दे पर सही विकल्प चुनना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच स्थिरता बनी रहे। यह जानकारी चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में दी गई। यह बातचीत उस बहुप्रतीक्षित शिखर सम्मेलन से लगभग दो हफ्ते पहले हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने की उम्मीद है। इस बैठक में ताइवान प्रमुख मुद्दों में से एक माना जा रहा है। चीन, ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग से उसे फिर से अपने नियंत्रण में लेने की बात करता है।

## दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में रखें भारतीय इतिहास

**जोहानिसबर्ग।** साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग की है। एक खुले पत्र में सभा के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में हिंदू धर्म सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी।



> मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं रन बनाने के मामले में माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी।
> – केएल राहुल


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 2 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

चेन्नई सुपर किंग्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पराग और फरेरा ने राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 225 रनों तक पहुंचाया

## आईपीएल-2026 : खराब शुरुआत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सामने रखा विशाल लक्ष्य

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

पराग ने आठ चौके और पांच छक्के जड़ित 50 गेंद की पारी से अपने आस पास की कई चिंताओं को दूर कर दिया क्योंकि वह इस सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी मैदान पर ही मुश्किल काफी नहीं थीं कि उन्हें डगआउट में 'वेपिंग' करते हुए कैमरे में कैद कर लिया गया जिससे बीसीसीआई ने उन पर 25 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा दिया। इसलिए उन्हें बहुत कुछ साबित करना था और इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में ऐसा करते हुए आईपीएल 2026 में अपना पहला पचासा बनाया।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के डोनोवन फरेरा। **एजेंसी**

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के विकेट जल्दी गंवा दिए। इससे पराग पर काफी दबाव था, उन्होंने और ध्रुव जुरेल (42 रन) ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 59 गेंद में 102 रन की साझेदारी निभाकर इस बड़े स्कोर की नींव रखी। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे फरेरा ने 14 गेंद में दो चौके और छह छक्के जड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सत्र का पहला मैच खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 40 रन देकर तीन विकेट झटके। सूर्यवंशी को काइल जैमीसन ने यॉर्कर गेंद पर आउट किया जबकि जायसवाल भी स्टार्क को रिटर्न कैच दे बैठे। मेजबान टीम ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे।

खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज पराग की स्टार्क के खिलाफ घबराहट साफ झलक रही थी। लेकिन पराग ने छठे ओवर में जैमीसन की जमकर धुनाई की और लगातार छक्का, चौका और छक्का जड़कर आत्मविश्वास हासिल किया। इससे राजस्थान रॉयल्स ने पावर प्ले का अंत दो विकेट 56 रन पर किया। लय में आने के बाद पराग की बल्लेबाजी में भी आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन के खिलाफ कवर्स के ऊपर से 'टेनिस स्टाइल' के फोरहैंड छक्का जड़ दिया। इस तरह पराग ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और जुरेल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। पर जुरेल ने अक्षर पटेल की गेंद को पुल करते हुए सीधे डीप में खड़े ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों में थमा दिया था। उनके जाने के बावजूद पराग रुके नहीं, उन्होंने रविंद्र जडेजा (20) के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई। हालांकि तब कुछ देर के लिए खेल धीमा पड़ गया था, लेकिन पराग ने जैमीसन की गेंदों पर लगातार तीन बाउंड्री लगाकर रन गति को इजाफा दिया, इनमें एक शानदार अपरकट भी शामिल था।

जडेजा के स्टार्क की गेंद का शिकार होने से पहले उन्होंने और पराग ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क ने पराग की पारी का भी अंत कर दिया जो कवर्स के ऊपर से खेलने की कोशिश में सीधे गेंद अक्षर के हाथों में दे बैठे। फरेरा ने फिर उपयोगी योगदान दिया जिसमें उन्होंने स्टार्क की गेंदों पर लगातार एक चौका और एक छक्का भी जड़ा।

**राजस्थान रॉयल्स**

**225/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का एवं बो स्टार्क | 06 |
| वैभव सूर्यवंशी बो जैमीसन | 04 |
| ध्रुव जुरेल का स्टब्स बो पटेल | 42 |
| रियान पराग का अक्षर बो स्टार्क | 90 |
| रविंद्र जडेजा का आशुतोष बो स्टार्क | 20 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 47 |
| शुभम दुबे का आशुतोष बो नटराजन | 06 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-6, 2-12, 3-114, 4-167, 5-168, 6-208

**गेंदबाजी** : स्टार्क 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-1, अक्षर 4-0-39-1, कुलदीप 4-0-41-0, नटराजन 4-0-54-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-414 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-404 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद-15 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान-14 विकेट

## मैदान से इतर के विवाद टीम के लिए सकारात्मक संकेत नहीं : संगकारा

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा कि मैदान से बाहर की दो घटनाओं के लिए कप्तान रियान पराग और सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य पर लगाए गए जुर्माने से टीम की छवि पर बुरा असर पड़ता है। पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान गुरुवार को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्हें खेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दोषी पाया गया। इससे पहले टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले संगकारा ने कहा मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से टीम पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, फिर चाहे वह किसी भी तरह का विवाद हो। उन्होंने कहा मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और फ्रेंचाइजी ने दोनों ही मामलों पर ध्यान दिया है। जहां तक संस्कृति की बात है, हम हमेशा सकारात्मक और स्वस्थ संस्कृति बनाए रखने की कोशिश करते हैं। हमारे अपने मूल्य हैं जिनका हम पालन करते हैं। खिलाड़ियों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे फ्रेंचाइजी और हमारी संस्कृति और मूल्यों के प्रति जिम्मेदार रहें। बीसीसीआई ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा था कि पराग को दंडित करने के बाद वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। पराग को इस सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है लेकिन वह अभी तक बल्लेबाजी में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन संगकारा ने उनका बचाव किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि उन्होंने कप्तान के तौर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

**हाईलाइट**



एथेंस के पास पिराएस में ओलंपियाकोस और एएस मोनाको के बीच यूरोलीग प्लेऑफ बास्केटबॉल प्रतियोगिता देखते टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच (बाएं) व मिल्वौकी बक्स के जियानिस एंटेटोकोउनम्पो। **एजेंसी**

## ब्लॉक्स ने चौंकाया किशोरी एंड्रीवा मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन के क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर एक बड़ा उलटफेर कर दिया। ब्लॉक्स करीब दो महीने पहले ही दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल हुए थे। 21 वर्षीय बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर किया है, जिसमें तीसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम भी शामिल हैं। जीत के बाद बात करते हुए, ब्लॉक्स ने माना कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि वे अपने पहले एटीपी 1000 सेमीफाइनल तक पहुंच पाएंगे। महिलाओं के सेमीफाइनल में, मिरा एंड्रीवा ने 30वीं वरीयता प्राप्त हेली बैपटिस्ट के दूसरे सेट में ज़ोरदार वापसी के बावजूद 6-4, 7-6 (8) से जीत हासिल की; यह बुधवार को 19 साल की होने के बाद उनके लिए जन्मदिन का एक देर से मिला तोहफ़ा था।

## भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई।** सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में टॉप दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा। ऑस्ट्रेलिया नंबर 1 पर अपना दबदबा बनाए हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुँचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नंबर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फ़ायदा मिला है और वह 119 अंकों पर पहुँच गई है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुँच गया है, और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 23 अप्रैल, 2023 से पहले के नतीजों का वेटेज अब रैंकिंग में शामिल नहीं है। इन नतीजों में न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में मिली जीत, और पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल थी। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फ़ायदा मिला है। वेस्ट इंडीज़, बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे टॉप 10 में शामिल हैं, वहीं आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि में जरूरी मैच नहीं खेले हैं।

# फेड कप में हिस्सा नहीं लेने पर प्रतिबंधित हो सकते हैं एथलीट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एएफआई ने ठोस वजह बताने के दिए निर्देश

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने घोषणा की है कि कोई भी एथलीट जो 22-25 मई तक रांची में होने वाले राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप में प्रविष्टि मिलने के बाद बिना किसी ठोस वजह के शामिल नहीं होता है तो उसे बाद की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

पिछले कुछ साल से एएफआई को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि एथलीट अपनी स्पर्धा के लिए नाम तो दर्ज करवा लेते हैं, लेकिन मुकाबले के दौरान आते नहीं हैं। इसकी वजह शायद यह डर है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी उनका डोप परीक्षण कर सकती है, या फिर कोई और वजह हो सकती है जिसके चलते किसी खास स्पर्धा में बहुत कम एथलीट ही हिस्सा लेते हैं।एएफआई ने फेडरेशन कप के संबंध में हाल में जारी एक सर्कुलर में कहा अगर कोई एथलीट बिना किसी ठोस वजह के प्रविष्टि भेजने के बाद भी मुकाबले में हिस्सा नहीं लेता है तो उसे बाद की किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। महासंघ के पास यह अधिकार है कि वह बिना कोई वजह बताए किसी भी प्रविष्टि को खारिज कर सकता है। इसके अलावा फेडरेशन कप में सिर्फ वही एथलीट हिस्सा ले पाएंगे जिन्होंने इस साल के दौरान एएफआई द्वारा आयोजित कम से कम दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया हो। इस बीच एएफआई ने यह भी कहा कि जिन खिलाड़ियों ने अपनी निलंबन की अवधि पूरी कर ली है, वे अगर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं तो वे उस तारीख से ठीक एक साल पहले की अवधि में हासिल किए गए अपने प्रदर्शन का सबूत जमा कर सकते हैं, जिस तारीख को उन पर यह निलंबन लगाया गया था।

## शॉटगन विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा।

# चीनी ताइपे को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

देश के शीर्षस्थ एकल शटलर लक्ष्य सेन की शानदार वापसी के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की ख्यातिनाम जोड़ी और फिर युवा आयुष शेट्टी के दमदार प्रदर्शन से पूर्व चैम्पियन भारत ने शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे पर 3-0 की निर्णायक बढ़त हासिल की और थॉमस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश के साथ पुरुषों की टीम बैडमिंटन चैम्पयनशिप में पदक पक्का कर लिया।

लक्ष्य की मैच अंक से असाधारण वापसी फोरम होर्सेंस के कोर्ट नंबर दो पर सेमीफाइनल का पहला रबर खेलने उतरे विश्व नंबर 11 लक्ष्य ने दो मैच प्वॉइंट बचाते हुए असाधारण वापसी की और विश्व के छठे नंबर के शटलर चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। 24 वर्षीय लक्ष्य अधिकतर समय तक पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटा 28 मिनट तक खिंची मैराथन कशमकश में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग भी तीन गेमों के संघर्ष में जीते वहीं सात्विक व चिराग की विश्व नंबर चार जोड़ी ने चियू सियांग चिएह व वांग ची-लिन को एक घंटा 15 मिनट में 23-21, 19-21, 21-12 से हराकर भारत की बढ़त दुगुनी कर दी।



थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

पहला गेम कड़े संघर्ष में जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा गेम गंवा बैठी। लेकिन निर्णायक गेम में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 14 जोड़ी ज्यादा संघर्ष नहीं कर सकी। आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर 8 लिन चुन-यी को स्तब्ध किया

- थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य और आयुष ने एकल जीते

> यह यादगार प्रदर्शन वर्ष 2022 में खिताब जीतने के अलावा 1952, 1955 और 1979 में भी कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय टीम के पूर्व कोच विमल कुमार ने इस जीत पर कहा, 'यह यादगार प्रदर्शन है। इससे भारतीय बैडमिंटन में बढ़ते आत्मविश्वास, तैयारी और ताकत का पता चलता है।

भारतीय टीम ने दूसरे एकल में विश्व नंबर 18 आयुष शेट्टी को उतारा और तेजी से उभर रहे इस युवा शटलर अपने शानदार प्रदर्शन से वाहवाही लूट ली।

पिछले ही माह बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे मेंगलुरु के 20 वर्षीय शेट्टी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर काबिज व मौजूदा ऑल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन लिन चुन-यी को सिर्फ 48 मिनट में 21-16, 21-17 से स्तब्ध कर 3-0 की निर्णायक बढ़त के साथ भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की फाइनल में प्रवेश के लिए अब जापान या फ्रांस से टक्कर होगी।

**नेक विचार**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार तेज गेंदबाज ने कहा- 'व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं देते'

# सिर्फ टीम के लक्ष्यों पर ध्यान करता हूं केंद्रित : भुवनेश्वर



**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।

भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई।

भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। भुवनेश्वर ने आगे कहा हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी। गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सके। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

### पुरस्कार जीतने की चाह नहीं

भुवनेश्वर कुमार ने कहा निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए टकराएंगे चेन्नई और मुंबई

**चेन्नई, एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या (बाएं) और चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। **एजेंसी**

सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।

मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।